सूर्योदय 5:37 सूर्यास्त 7:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 26.5 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,463 |
| निफ्टी | 24,837 |
| सोना | 99,120 |
| चांदी | 1,15,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



कप्तान गिल शायद शार्दुल ठाकुर को नहीं, कुलदीप को खिलाना चाहते थे: गावस्कर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 28 जुलाई 2025 | 13 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 210, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### राज्यपाल ने अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि अपने एक हजार वर्षों के गौरवमयी कालखंड का साक्षी जिला चंबा अपने नैसर्गिक सौंदर्य व समृद्ध लोक कला-संस्कृति के लिए जाना जाता है। अपनी समृद्ध परंपराओं के लिए प्रसिद्ध ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला हिमाचल प्रदेश की अनूठी संस्कृति को प्रदर्शित करने के साथ सामाजिक सद्भाव को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उपस्थित थीं। -विस्तृत खबर पेज- 7 पर

### रेव पार्टी में एकनाथ खडसे के दामाद अरेस्ट



**एजेंसी, पुणे।** पुणे पुलिस ने शनिवार देर रात एक रेव पार्टी पर छापेमारी में एनसीपी (एसपी) नेता एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर को गिरफ्तार किया है। अपार्टमेंट से गांजा, शराब और हुक्का जब्त किया गया है। कुल 7 लोगों की गिरफ्तार हुई है, जिसमें 2 महिलाएं शामिल हैं। वहीं, दामाद की गिरफ्तारी पर खडसे ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक मकसद तो नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं शिवसेना (यूबीटी) नेता सुषमा अंधारे ने कहा कि यह छापा उन लोगों के लिए संदेश है, जो सरकार के खिलाफ बोलते हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- भौर के पास सड़क पर मंडरा रहा हादसे का खतरा -पेज 2
- चिंतपूर्णी मंदिर के विकास कार्यों के लिए 56.26 करोड़ मंजूर -पेज 3
- जुब्बल-कोटखाई को मिलेगा पर्यटन में नया आयाम -पेज 6
- भ्रां-बिनवा लिंक रोड बंद, आवाजाही ठप -पेज 9
- भुंतर में डबललेन पुल जनता को किया समर्पित -पेज 11




# प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी, हाईटेक अपग्रेडेशन से बदलेगा चिकित्सा का परिदृश्य

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश का स्वास्थ्य क्षेत्र एक महत्वपूर्ण बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। सरकार ने राज्य के चिकित्सा बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने और विस्तार देने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, जिसके तहत प्रदेश में पहली बार रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत हो रही है। अटल सुपर स्पेशलिटीज आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाणा में रोबोटिक सर्जरी के लिए मशीनें स्थापित हो चुकी हैं और जल्द ही विशेषज्ञ सर्जनों की भर्ती की जाएगी। होगा। हाल ही में, मुख्यमंत्री ने टांडा, शिमला और चमियाणा के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के डॉक्टरों और फैकल्टी सदस्यों के साथ गहन चर्चा की, जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों की आवश्यकताओं और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों व उपकरणों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। सरकार ने दो दशकों से अधिक पुराने चिकित्सा उपकरणों को बदलने का भी निर्णय लिया है, जिनमें एमआरआई और एक्स-रे मशीनें शामिल हैं। इन पुरानी मशीनों की जगह अब दिल्ली के एम्स और पीजीआई चंडीगढ़ जैसे प्रमुख संस्थानों में इस्तेमाल होने वाली थ्री टेस्ला एमआरआई जैसी अत्याधुनिक मशीनें लगाई जाएंगी, जो त्वरित और बेहतर रेजोल्यूशन के साथ सटीक निदान प्रदान करेंगी। इस अपग्रेडेशन के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया गया है, जिसके तहत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आधुनिक चिकित्सा उपकरणों हेतु 1,730 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।



फाइल फोटो

### अस्पतालों को मुहैया करवाए जाएंगे अत्याधुनिक उपकरण



**सीएम** ने कहा था कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों, आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों और अन्य चिकित्सा संस्थानों को जल्द ही सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और फेको सिस्टम जैसे अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उपकरणों के उन्नयन के साथ-साथ सरकार ने विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती पर भी जोर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप 185 से अधिक चिकित्सा अधिकारियों, 130 स्टाफ नर्सों और 491 नए पदों का सृजन हुआ है।

# नगरोटा बगवां में पेयजल पर खर्च हो रहे 250 करोड़ : अग्निहोत्री

## उपमुख्यमंत्री ने नगरोटा बगवां में चार दिवसीय बाल मेले का किया समापन

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि नगरोटा बगवां विस क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के तहत विभिन्न योजनाओं पर 250 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है, ताकि लोगों को पेयजल की बेहतर सुविधा मिल सके।

रविवार को नगरोटा में विकास पुरुष स्व. जीएस बाली की स्मृति में आयोजित चार दिवसीय मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जीएस बाली ने राज्य के विकास में अमूल्य योगदान दिया है तथा सरकार में काबीना मंत्री रहते हुए अपने से संबंधित विभागों के आधुनिकीकरण के लिए पहल की है, जिसके चलते ही आज भी लोग जीएस बाली को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कांगड़ा जिला के लिए दो महत्वपूर्ण मध्यम सिंचाई परियोजनाओं स्वीकृत की गई हैं इन परियोजनाओं के माध्यम से जिला कांगड़ा के लगभग 160 गांवों को सिंचाई सुविधा सुनिश्चित होगी जिससे हजारों किसान लाभान्वित होंगे तथा कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री ने नगरोटा में 2 करोड़ 94 लाख की लागत से निर्मित निरीक्षण कुटीर का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर बाल मेला कमेटी की ओर से पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने 11 लाख का चेक सराज आपदा प्रभावितों के लिए भेंट किया।



नगरोटा में 2.94 करोड़ रुपए से निर्मित निरीक्षण कुटीर का लोकार्पण करते उपमुख्यमंत्री मुकेश।

### युवाओं के प्रशिक्षण पर दिया जा रहा बल : धर्माणी

**मेले** में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा तथा प्रशिक्षण पर भी विशेष बल दिया जाएगा, वर्तमान दौर में निजी क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार युवाओं को तैयार किया जाएगा, ताकि युवाओं को आसानी से रोजगार प्राप्त हो सके। रविवार को नगरोटा में स्व. जीएस बाली की जयंती पर दूसरे दिन मेगा मेडिकल कैंप के शुभारंभ करने के उपरांत तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि राज्य के विकास में स्व. जीएस बाली का अमूल्य योगदान रहा है तथा उनके तकनीकी शिक्षा तथा परिवहन की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे, जिसका लाभ आज प्रदेश को मिल रहा है।

### लोगों के जख्मों पर छिड़का जा रहा नमक : जयराम

# प्रभावितों को राहत देने के बजाय एफआईआर करवा रही सरकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा प्रभावितों के जख्मों पर मरहम लगाने की जरूरत होती है, तो सुक्खू सरकार उन पर नमक छिड़कती है। आपदा प्रभावितों को फौरी राहत देने की जरूरत होती है। दुख की बात है कि सरकार उन्हें फौरी राहत तो दे नहीं सकती, इसलिए उन पर फौरन एफआईआर करवा रही है। यह हिमाचल ही नहीं दुनिया के इतिहास में सबसे अजूबा मामला है, जहां आपदा प्रबंधन का मंत्री आपदा क्षेत्र में जाता है और आपदा प्रभावितों के खिलाफ एफआईआर करवाकर वापस आता है।



पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि विकट प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले क्षेत्र के लिए सरकार का काम युद्ध स्तर पर सुविधाओं को बहाल करना और लोगों को राहत प्रदान करना होता है, लेकिन सरकार से वह काम भी नहीं हो रहा है।

> एफआईआर समस्या का हल है तो मेरे खिलाफ भी करवाएं

जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा में सुविधाएं बहाल करने के लिए कितनी मशीनरी लगाई गई है यह विषय नहीं होता है, लोगों को राहत प्रदान करने के लिए कितनी मशीनरी लगाई जानी चाहिए, उस पर बात की जाती है। सरकार बताए जिस गति से चीजों को बहाल करना चाहिए क्या उसकी चौथाई गति से भी काम हो रहा है या नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आपदा में जिन्होंने अपना बहुत कुछ खो दिया है, वही लोग सड़कें सही करने के लिए अपने पैसे से जेसीबी और पोकलेन मशीन लगाकर सड़कें खुलवा रहे हैं। यह प्रदेश की कांग्रेस सरकार के लिए शर्म की बात होनी चाहिए।

# हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर भगदड़ में 6 लोगों की मौत

## सीएम धामी ने अस्पताल पहुंचकर जाना घायलों का हाल

एजेंसी, हरिद्वार

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर रविवार सुबह भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं, 24 घायल और पांच लोग गंभीर घायल हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी हरिद्वार पहुंचे और अस्पताल में घायलों का हाल जाना।

जानकारी के अनुसार करीब नौ बजे के आसपास मंदिर की चढ़ाई कर रहे श्रद्धालुओं के बीच किसी ने करंट लगने की अफवाह फैला दी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। चीख-पुकार के बीच कई श्रद्धालु दब गए। हादसे में एक बच्चे समेत 35 श्रद्धालु घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से छह श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि की गई है। (अनंत ज्ञान)



अस्पताल में घायलों का हाल पूछते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

### मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा

**हादसे** पर सीएम धामी ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने हादसे के न्यायिक जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। मनसा देवी मंदिर हरिद्वार में शिवालिक पहाड़ियों पर बिल्व पर्वत पर स्थित है। यह हर की पौड़ी से लगभग 3 किमी दूर स्थित है और यहां 1.5 किमी की चढ़ाई वाले रास्ते से या रोपवे के माध्यम से पहुंचा जा सकता है।

# अमेरिका में बोइंग विमान में लगी आग

**एजेंसी, डेनवर।** अमेरिका के डेनवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार दोपहर 2:45 बजे (भारतीय समयानुसार रात में 2.15 बजे) को एक बड़ा हादसा टल गया। अमेरिकन एयरलाइंस के बोइंग 737 मैक्स 8 विमान का लैंडिंग गियर फेल होने के कारण टेकऑफ रोकना पड़ा। इस दौरान विमान के पिछले हिस्से में आग लग गई। यह फ्लाइट मियामी जा रही थी। विमान में कुल 173 यात्री और 6 क्रू मेंबर्स सवार थे। सभी को इमरजेंसी स्लाइड के जरिए बाहर निकाला गया। हादसे के बाद 6 लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जिनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और एयरलाइंस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

> इमरजेंसी स्लाइडर से बाहर निकले 173 यात्री

# ऊना में युवक की गोली मारकर हत्या

## सैलून में बाल कटवाने आया था, बाइक सवार युवकों ने की फायरिंग

अनंत ज्ञान, ऊना

जिला मुख्यालय से महज 6 किलोमीटर दूर अंब रोड पर बसाल के ख्वाजा क्षेत्र में दिनदहाड़े सनसनीखेज वारदात सामने आई है। रविवार दोपहर करीब दो बजे 26 वर्षीय युवक को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के पीछे रंजिश या सुपारी किलिंग के आसार लग रहे हैं।

मृतक की पहचान अरनियाला निवासी राकेश कुमार के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 27 वर्षीय राकेश कुमार उर्फ गग्गी जट्ट अपने कुछ दोस्तों के साथ ख्वाजा में एक सैलून पर गया हुआ था। इसी दौरान वहां हेलमेट पहने पहुंचे अज्ञात युवकों ने उस पर फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। गोली लगते ही गग्गी लहूलुहान होकर गिर पड़ा, जिसे उसके साथियों ने तत्काल क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ बाहरी लोग यहां ऐसी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस इस मामले में तेजी से छानबीन कर रही है।



### पुलिस के हाथ लगे कुछ सुराग : एसपी

**दिनदहाड़े** हुई इस वारदात की सूचना मिलते ही एसपी ऊना अमित यादव पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मामला गंभीर है और पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि हमलावरों की पहचान जल्द कर ली जाएगी और उन्हें हिरासत में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ सुराग भी जुटाए गए हैं। साथ ही, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं, ताकि हमलावरों का सुराग मिल सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राज ठाकरे 6 साल बाद पहुंचे उद्धव के घर



**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे रविवार को 6 साल बाद उद्धव ठाकरे के घर मातोश्री पहुंचे। राज ने उद्धव ठाकरे को गले लगाया व जन्मदिन की बधाई दी। इससे पहले आखिरी बार 6 साल पहले 2019 में राज ठाकरे मातोश्री गए थे। उन्होंने उद्धव परिवार को अपने बेटे अमित की शादी में आने का न्योता दिया था। (अनंत ज्ञान)

# थुनाग में किया गया राष्ट्रीय अस्मिता पर हमला, ध्वज का अपमान : जगत नेगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जनशिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने अपने सरकारी वाहन, जिस पर राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहा था, पर काले कपड़े और जूते-चप्पल फेंके जाने की घटना को राष्ट्रीय अस्मिता पर सीधा हमला बताया है। उन्होंने इस कृत्य को राष्ट्रीय ध्वज का घोर अपमान करार देते हुए कड़ी निंदा की है। नेगी ने आरोप लगाया कि यह घटना भाजपा की एक सोची-समझी साजिश थी, जिसका उद्देश्य आपदा राहत कार्यों में बाधा डालना और अपने राजनीतिक स्वार्थों को साधना था। उन्होंने इस कृत्य में शामिल सभी व्यक्तियों के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की है।

**मन की बात** शुभांशु जब अंतरिक्ष से लौटकर धरती पर उतरे, लोग उछल पड़े

# बच्चे बोल रहे हम भी बनेंगे स्पेस साइंटिस्ट: मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो शो 'मन की बात' के 124वें एपिसोड के तहत देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने शुभांशु शुक्ला और स्पेस के बारे में बात की। उन्होंने कहा- जैसे ही एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला धरती पर उतरे, लोग उछल पड़े। हर दिल में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरा देश गर्व से भर गया। पीएम ने कहा कि इससे साइंस स्पेस को लेकर बच्चों में नई जिज्ञासा जागी है। अब छोटे-छोटे बच्चे कहते हैं कि हम भी स्पेस में जाएंगे, स्पेस साइंटिस्ट बनेंगे और हम भी चांद पर उतरेंगे। मुझे याद है जब अगस्त 2023 चंद्रयान की सफल लैंडिंग हुई थी, तब देश में एक नया माहौल बना था।'

पीएम मोदी ने बताया कि यूनेस्को ने 12 मराठा किलों को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स के रूप में शामिल किया है। 11 किले महाराष्ट्र में और एक किला तमिलनाडु में है। हर किले से इतिहास का एक पन्ना जुड़ा है। साल्हेर का किला जहां मुगलों की हार हुई। शिवनेरी में छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ था। इस एपिसोड में प्रधनमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस को याद किया। पीएम ने कहा कि सिर्फ 18 साल की उम्र में उन्होंने वो साहस दिखाया, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया। (अनंत ज्ञान)



देश को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### डिजिटलाइज होंगी देश की प्राचीन पांडुलिपियां

**पीएम** ने कहा कि हमारी असली ताकत वह ज्ञान है, जिसे सदियों से पांडुलिपियां के रूप में सहेजा गया है। इन पांडुलिपियों में विज्ञान है। चिकित्सा की पद्धतियां, संगीत, दर्शन और सबसे बड़ी बात वो सोच है, जो मानवता के भविष्य को उज्ज्वल बना सकती हैं। इसी सोच से प्रेरित होकर भारत सरकार ने इस वर्ष के बजट में एक ऐतिहासिक पहल की घोषणा की है- 'ज्ञान भारतम् मिशन'। इस मिशन के तहत प्राचीन पांडुलिपियों को डिजिटलाइज किया जाएगा। फिर एक National Digital Repository बनाई जाएगी, जहां दुनियाभर के विद्यार्थी, शोधकर्ता, भारत की ज्ञान परंपरा से जुड़ सकेंगे।

### आज भारत में 3000 से ज्यादा टेक्सटाइल स्टार्टअप

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि टेक्सटाइल सेक्टर हमारी सांस्कृतिक विविधता की मिसाल है। आज टेक्सटाइल और अपैरल मार्केट बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इस विकास की सबसे सुंदर बात यह है की गावों की महिलाएं, शहरों के डिजाइनर, बुजुर्ग बुनकर और स्टार्टअप शुरू करने वाले हमारे युवा सब मिलकर इसे आगे बढ़ा रहे हैं। आज भारत में 3000 से ज्यादा टेक्सटाइल स्टार्टअप हैं। कई अ ने भारत की हैंडलूम पहचान को ग्लोबल पहचान दी है।



## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को मिल रहा स्वरोजगार का प्रशिक्षण

**संजय, अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के अंतर्गत जसाई पंचायत में सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला हिमाचल प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम, शिमला के सौजन्य से कम्प्रिहेंसिव हैंडीक्राफ्ट्स क्लस्टर डेवलपमेंट स्कीम के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जो कि भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है। सह-कोऑर्डिनेटर मास्टर क्राफ्टमैन जीवन कुमार ने बताया कि इस 50 दिवसीय कार्यशाला में सामान्य वर्ग से संबंधित 20 महिलाओं को हैंड निटिंग के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के डिजाइनों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की उपस्थिति बायोमैट्रिक प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है और सभी महिलाओं को प्रतिदिन पांच घंटे उपस्थित रहना अनिवार्य है। कार्यशाला में डिजाइनर ओंकार जोशी तथा मास्टर क्राफ्टपर्सन किरण देवी द्वारा महिलाओं को व्यावहारिक रूप से डिजाइन सिखाए जा रहे हैं।

### इफको ने किसानों को बांटे नीम के पौधे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्थित कृषि सहकारी समिति कुठेड़ा में विश्व की नंबर एक सहकारी संस्थान इफको द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधान अमर चंद ने की। अशोक शर्मा सचिव कुठेड़ा समिति ने आए हुए सभी किसानों व कमेटी सदस्यों का स्वागत किया। इफको के क्षेत्र अधिकारी पवन कुमार द्वारा सर्व प्रथम पर्यावरण संरक्षण के प्रति किसानों को जानकारी दी गई व बताया कि पेड़ पौधे पर्यावरण संरक्षण, हवा को साफ करने, मिट्टी का कटाव होने से बचाना आदि मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उसके पश्चात पवन कुमार द्वारा विश्व प्रथम निर्मित नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी तरल से फसलों में बीज, जड़ उपचार व किस समय पर और कितनी मात्रा उपयोग करनी है, विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में किसानों को 1000 नीम के पौधे निशुल्क वितरित किए व पौधरोपण भी किया गया।

### पहली को मनाया जाएगा 4 पैरा (एसएफ) का स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय सेना की रेजिमेंट 4 पैरा( एस एफ) अपना 65 वां स्थापना दिवस पहली अगस्त को कटोच बैंट पैलेस टिक्कर डिडवीं में मनाएगी। इस बटालियन की स्थापना पहली अगस्त 1961 को मेजर एस एस ग्रेवाल की कमांड में आगरा में की गई थी। इस स्थापना दिवस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक भाग लेंगे व अपने अनुभव साझा करेंगे। कैप्टन देश वीर पटियाल ने बताया कि इस बटालियन ने अब तक, 1962, 1965, 1971, 1999 व विभिन्न ऑपरेशन में भाग लेकर अपनी शूरवीरता की मिसाल पेश की है। 4 पैरा (एसएफ) ने अब तक विभिन्न युद्धों में 4 बार-सीओए एस उद्धरण, 2 जीओ इन सी एप्रीसिएशन व पदकों में महावीर चक्र-02, वीर चक्र-02 कीर्ति चक्र-03, अति विशिष्ट सेवा मेडल-02, शौर्य चक्र -12 युद्ध सेवा मेडल-06 विशिष्ट सेवा मेडल-10 सेना मेडल-68, मेंशन-इन-डिस्पैच-30, एस एस कमांडेशन-71, जीओसी इन 93, सीडीएस -03, वीओएस-21 जीते हैं।

### करेर गांव पहुंचे सीनियर सिटीजन काउंसिल के पदाधिकारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** परिवार के मुखिया के चले जाने से गांव करेर, डाकखाना सलौणी तहसील बड़सर की महिला नीलम कुमारी व उसके बच्चे ऐसे मकान में गुजारा कर रहे हैं जहां पर मुश्किल से बैठने की जगह है। नीलम कुमारी जिस घर में रहती है वो घर गिर गया है जिसकी वजह से परिवार को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नीलम की चार बेटियां और जिनमें एक बेटी की शादी नवंबर माह है। बेटा सबसे छोटा है वो दसवीं की पढ़ाई कर रोजगार के लिए प्रशिक्षण ले रहा है। बता दें कि नीलम कुमारी के पति की वर्ष 2022 में मृत्यू हो गई थी। इसके बाद नीलम कुमारी पर परिवार को पालने की जिम्मेदारी आ गई। नीलम विधवा पेंशन जो कि 1500 रुपए मिलती है उससे परिवार का खर्च चला रही है। मकान गिरने से बेटी की शादी करने में भी दिक्कत आ रही हैं। सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के पास महिला की मदद करने के लिए प्रार्थना पत्र आया था। जिस पर गौर करते हुए संस्था के पदाधिकारियों ने रविवार को करेर गांव का दौरा किया और महिला की हालत को जाना। सीनियर सिटीजन काउंसिल ने नीलम कुमारी को एक लाख रुपए का चेक दिया है। नीलम ने बताया कि अन्य संस्थाएं भी मकान बनाने के लिए सहयोग कर रही हैं। सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रधान विजय ने बताया कि गरीब महिला को मकान बनाने के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी है। उन्होंने बताया कि संस्था महिला की आगे भी मदद करेगी।

### थुनाग क्षेत्र के लिए भेजी जाएगी राहत सामग्री

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** चमनेड़ स्थित बिलकेश्वर महादेव मंदिर कमेटी और गांववासी पिछले कुछ समय से ऐसे पुण्य के कार्य में जुड़े हुए हैं। जिससे उनका जज्बा देखते ही बनता है उन्होंने अभी तक तकरीबन 1,00,000 इकट्ठा कर लिया है और राहत सामग्री के लिए तकरीबन एक ट्रक की सामग्री भी अभी तक इकट्ठी की जा चुकी है। यह सारी सामग्री और इकट्ठा किया गया धन जिला मंडी के थुनाग क्षेत्र में भारी वर्षा से प्रभावित हुए लोगों के लिए बहुत जल्दी भेजा जाएगा। राहत सामग्री और नगद राशि भेजने के लिए इन दिनों इसे इकट्ठा करने का बीड़ा उठाया हुआ है। महिलाओं और अन्य लोग इसे लेकर खूब उत्साहित भी हैं। इस दौरान एक बड़ा ट्रक राशन, रसोई का सामान और एक लाख रुपए नगद भेजेगी। मंदिर कमेटी के मुख्य सलाहकार दुर्गादास शर्मा ने बताया कि प्रभावित लोगों की सहायता के लिए यह सामग्री समस्त ग्रामीणों के सहयोग से भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि कमेटी की छोटी सी पहल से ग्रामीणों ने प्रभावित लोगों को राहत सामग्री के लिए बढ़-चढ़कर दान दिया है। बिलकेश्वर महादेव मंदिर चमनेड कमेटी और गांववासियों का यह प्रयास न केवल प्रभावित लोगों के लिए राहत का संदेश लेकर आया है, बल्कि समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा दिया है। इस पहल के लिए कमेटी और ग्रामीणों का उन्होंने आभार व्यक्त किया है।



#### करहा गांव में 50 करोड़ रुपए से बन रहा है राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल

# विद्यार्थियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले आम परिवारों के बच्चे किसी भी क्षेत्र में पीछे न रहें और प्रतिस्पर्धा के इस युग में वे प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें, इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में एक बड़ी पहल की है।

स्वयं एक आम परिवार से संबंध रखने वाले मुख्यमंत्री ने ऐसे परिवारों के बच्चों की समस्याओं को देखते हुए प्रदेश में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में से एक 'राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल' के क्रियान्वयन की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

प्रदेश के लगभग 15 विधानसभा क्षेत्रों में करोड़ों रुपए की लागत से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण शुरू हो चुका है। भोरंज विधानसभा क्षेत्र के गांव करहा में भी लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल का निर्माण किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में प्राइमरी विंग के निर्माण पर 9.23 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जा रही है।



- पहले चरण में लगभग 9.23 करोड़ रुपए से तैयार की जा रही है प्राइमरी विंग
- करहा की लगभग 102 कनाल भूमि पर बनाया जा रहा है संस्थान

गांव करहा की लगभग 102 कनाल भूमि पर बनने वाले इस संस्थान में विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके परिसर में शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों के लिए भी आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार इस स्कूल के प्राइमरी विंग को एक साल के भीतर तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### आम परिवारों के बच्चों को मिलेगी राहत

अब वह दिन दूर नहीं है जब करहा और इसके आसपास के अन्य गांवों के आम परिवारों के बच्चों को भी अपने स्कूल में वे सभी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी जोकि आम तौर पर बड़े एवं महंगे पब्लिक स्कूलों में ही मिलती हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस क्लास रूम हो या खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला ग्राउंड या फिर एनसीसी, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों के लिए आवश्यक सुविधाएं, ये सभी प्रावधान राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल में किए जा रहे हैं। आम परिवारों के बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा उन्हें पूरे आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल निःसंदेह एक मील का पत्थर साबित होंगे।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहे सीएम : सुनील शर्मा



मैड़ में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा का स्वागत करते लोग।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने रविवार को हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव सेर बलौणी तथा मैड़ का दौरा किया और स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य के साथ कार्य करते हैं और इसके लिए उन्होंने कई सराहनीय योजनाएं आरंभ की हैं।

सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वह हमीरपुर क्षेत्र के गांवों का दौरा करके जनसमस्याएं सुन रहे हैं तथा मुख्यमंत्री को इन जनसमस्याओं से अवगत करवा रहे हैं। क्षेत्र की कई समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मैड़ में मोक्षधाम के निर्माण के लिए धनराशि का प्रावधान करवाया जाएगा और क्षेत्र की अन्य जनसमस्याओं के निवारण के लिए भी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सेर बलौणी क्षेत्र के लोगों ने मुख्यतः सामुदायिक भवन और युवक मंडल भवन के निर्माण की मांग रखी है।

इसके संबंध में भी मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि सभी हमीरपुरवासियों के लिए यह गौरव का विषय है कि मुख्यमंत्री हमारे जिला से संबंध रखते हैं और ढाई वर्ष के कार्यकाल में मुख्यमंत्री ने अपने गृह जिले के लिए कई बड़ी परियोजनाएं मंजूर की हैं।

## ब्राहलड़ी में पूर्व सैनिक सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सर्वजनकल्याण सभा द्वारा हमीरपुर विधानसभा के ब्राहलड़ी गांव में सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें 200 से अधिक भूतपूर्व सैनिकों व वीरनारियों को सम्मानित किया गया और कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में रिटायर्ड कर्नल सुंदर राम शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वीएसएफ में एएसआई के पद पर कार्यरत शहीद कली राम शर्मा के भतीजे बलदेव शर्मा व 8 ग्रेनेडियर में शहीद राजेश के बड़े भाई राजकुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि बलदेव शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों के सम्मान के लिए एक बहुत अच्छी शुरुआत सर्वजनकल्याण सभा ने की है।

नवीन शर्मा ने पूर्व सैनिकों को कहा कि अगर आज हमारा देश सुरक्षित है और देश की सीमाएं सुरक्षित हैं तो इसकी असली वजह आप पूर्व सैनिक व सैनिक हैं।



पूर्व सैनिकों व परिवारजनों को सम्मानित करते हुए नवीन शर्मा ।

## कारगिल विजय दिवस पर निकाली शौर्य मशाल यात्रा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर गांधी चैक हमीरपुर से शहीदी स्मारक स्थल तक शनिवार देर शाम एक शौर्य मशाल यात्रा निकाली गई, जिसमें विधायक हमीरपुर आशीष शर्मा और विधायक बड़सर इंद्रदत्त लखनपाल की अगुवाई में भाजपा मंडल शहरी एवं ग्रामीण के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस यात्रा के दौरान शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सभी सैनिकों को नमन किया गया।

विधायक आशीष ने कहा कि शौर्य मशाल यात्रा का उद्देश्य कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के शौर्य एवं पराक्रम की गाथा को जन जन तक पहुंचाना व उनकी याद में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस यात्रा में शामिल लोगों ने शहीद सैनिकों के प्रति सम्मान और उनके




मशाल यात्रा निकालने के दौरान मौजूद विधायक आशीष और इंद्रदत्त लखनपाल और अन्य।

परिवारों को भी नमन किया। पूर्व सैनिकों के देश के लिए दी गई सेवाओं पर नमन किया।

विधायक आशीष शर्मा और इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें शहीद सैनिकों के बलिदान की याद दिलाता है और हमें उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में देशभक्ति और सैन्य बलों के प्रति सम्मान की भावना जागृत होती है। शौर्य मशाल यात्रा के दौरान लोगों ने सेना एवं देश के जयकारे लगाए और शहीद सैनिकों के सम्मान में नारे लगाए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शहरी श्रीपाल शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष जसवीर सिंह, महामंत्री तेन सिंह, राजेश ठाकुर, प्रमोद पटियाल, सुरेश सोनी, अजय रिंटू सहित अन्य मौजूद रहे।

### आपदा प्रभावितों का सहयोग करेंगे सुजानपुर निवासी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** प्रदेश के मंडी जिला में आपदा से जो लोग प्रभावित हुए हैं उन लोगों को राहत सामग्री के साथ-साथ अब तक नगद राशि भी सुजानपुर के लोगों द्वारा पहुंचाई गई है।

व्यापार मंडल सुजानपुर के सदस्यों के सहयोग से ही राशि प्रभावित परिवारों को दी गई। बैठक में गौरव जैन, शैलेंद्र गुप्ता, नगर परिषद सुजानपुर से सेवानिवृत्त मनोज गुप्ता अनुराग वालिया, विपुल महाजन, मनजीत जम्वाल ने बताया कि अब तक जो राशन नगद राशि प्रभावित परिवारों को प्रभावित इलाकों में जाकर दी गई है उसकी जानकारी दी गई। वर्तमान में करीब 36 हजार रुपए की राशि हमारे पास शेष बची है और अब 4 लाख की राशि इकट्ठा करने का टारगेट रखा गया है। लोगों ने आग्रह करते हुए कहा कि सभी सहयोग करें।

## पखरोल ताल बनेगा भव्य वैकुंठ धाम

**अनंत ज्ञान, नादौन**



ग्राम पंचायत गौना ने, जहां पखरोल नामक स्थान पर स्थित एक जीर्ण-शीर्ण एवं उपेक्षित तालाब, जो कभी गंदगी का केंद्र हुआ करता था, अब एक आकर्षक और पवित्र ग्रामीण पर्यटन स्थल 'वैकुंठ धाम' के रूप में विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशों के अनुरूप पंचायत ने इस स्थल के पुनःद्धार का संकल्प लिया। मनरेगा एवं अन्य योजनाओं की कन्वर्जेंस के माध्यम से कार्य आरंभ हुआ, जिसमें स्थानीय समुदाय ने भी भरपूर सहयोग दिया। भगवान श्री नारायण की मूर्ति स्थापना हेतु ग्रामवासियों ने सामूहिक योगदान से राशि एकत्र की। आज यह स्थल एक सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परिसर के रूप में आकार ले रहा है। तालाब के मध्य शीघ्र ही शेषशायी भगवान श्री नारायण की 15 फुट लंबी भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी।

बीडीओ निशांत शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास खंड कार्यालय को भी विशेष निर्देश दिए गए हैं, जिनके तहत ऐसे ग्रामीण स्थलों का चयन कर उन्हें सुसज्जित किया जा रहा है। यह परियोजना लोगों के लिए एक स्वच्छ, शांत एवं श्रद्धा से परिपूर्ण स्थल प्रदान करेगी, बल्कि पर्यटन तथा अर्थव्यवस्था को भी एक नई गति और दिशा देगी।

## चकमोह कलबाल में लगाए 100 औषधीय पौधे

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



पौधरोपण करते हुए विधायक इंद्र दत्त लखनपाल व अन्य।

**बड़सर।** एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के दौरान बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने कलबाल में पौधरोपण किया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पर्यावरण को बचाए रखना की दृष्टि से शुरू किया गया है, ताकि प्रदेश में आए दिन आ रही भयानक आपदाओं को रोकने मे वन संपदा कब्ज का कार्य कर सके।

विधायक लखनपाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर चकमोह बीट के कल बाल में औषधि पौधे लगाकर अहम भूमिका अदा की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय महिलों ने पौधरोपण में भाग लिया, लगभग 100 के करीब औषधिपौधों में हरड़, भेड़ा, अमला इत्यादि औषधि पौधे लगाएंगे जिनका रखरखाव क्षेत्र की महिलाएं करेंगे। लखनपाल ने वर्तमान सरकार को भी कोसते हुए कहा कांग्रेस सरकार बदले की भावना से कार्य न करके जनहित के कार्य करने में अपनी दरिया दिल्ली दिखानी चाहिए ताकि प्रदेश का चौमुखी विकास हो सके। सरकार को पर्यावरण बचाने पर कार्य करना चाहिए। यही दूसरी ओर तानाशाही सरकार ने थुनाग के 65 लोगों पर एफआईआर दर्ज कर यह दिखा दिया है कि कांग्रेस सरकार जनहितैषी नहीं जन विरोधी है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह, सुरेंद्र अग्निहोत्री, सुरेश चौधरी सहित आदि मौजूद रहे।

### नगर निगम में बल्ह वार्ड की जगह बड्डू वार्ड नाम रखा जाए

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व नगर परिषद में वार्ड नंबर 11 सुभाषनगर को नगर निगम बनाने के बाद वार्ड नंबर 8 बल्ह वार्ड में डाला गया है।

उपरला बड्डू निवासी व बड्डू की समस्त जनता चाहती है कि इस वार्ड का नाम वार्ड नंबर 8 बड्डू किया जाए या बहुतकनीकी संस्थान के नाम से जाना जाए।

सभी गांव वासियों ने उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह से अनुरोध किया है कि जनता की मांग को देखते हुए इसका नाम बहुतकनीकी कॉलेज रखा जाए, ताकि लोगों को भी किसी प्रकार की समस्या पेश न आए।

## शम्मी सोनी ने विकास कार्यों पर मुख्यमंत्री से की चर्चा

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नादौन शहर में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं जिसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है। नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी विकास कार्यों बारे मुख्यमंत्री सुक्खू से मिले तथा विस्तार से चर्चा की। यह जानकारी देते हुए नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि नादौन में शानदार बस स्टैंड का निमार्ण किया जाएगा जिसमें पार्किंग व शॉपिंग कॉम्पलेक्स का भी निमार्ण किया जाएगा।

नादौन शहर में बिजली कर्मचारियों की नाईट ड्यूटी की सुविधा शहर वासियों को मिले इस बारे भी मुख्यमंत्री से कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने का आग्रह किया गया।



नादौन नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए।

नगर परिषद के वार्ड नं. 1 में एक पार्क और पार्किंग का निमार्ण किया जा रहा है इस बारे भी माननीय मुख्यमंत्री से चर्चा की गई। सोनी ने बताया कि नादौन शहर के वार्ड नं. 2 व बेला में अर्बन हैल्थ वैलनेस सैंटर शीघ्र ही खोला जाएगा, जिससे लोगों को घरद्वार स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी।

नादौन बस स्टैंड के पास घरीड़ी मैदान में बन रहे इंडोर स्टेडियम का कार्य तेजी से चला हुआ है, जिसमें विभिन्न प्रकार की राज्य व राष्ट्र स्तरीय खेलों के आयोजन की सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि नादौन के श्मशानघाट का कार्य शीघ्र ही शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने नादौन शहर के चैमुखी विकास के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद किया।

## मोदी की नीतियों पर विकसित भारत का सपना होगा साकार : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री मोदी को एक बार फिर दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बनने और लगातार सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि मोदी की नीतियों पर विकसित भारत का सपना साकार होगा। अनुराग ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में असाधारण प्रगति की है। उनकी लोकप्रियता केवल देश में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंचों पर भी तेजी से बढ़ी है। बिजनेस इंटेलिजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार पीएम मोदी को 75 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ लगातार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की ओर भी इशारा किया कि 25 जुलाई 2025 को पीएम मोदी ने लगातार 4,078 दिन प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए इंदिरा गांधी का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया है।

### तकनीकी विवि में काउंसिलिंग आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में सोमवार को एमबीए पर्यटन, एमएससी भौतिक विज्ञान, एमए एमएससी योग व पर्यावरण विज्ञान की पहले चरण की काउंसलिंग होगी। उपरोक्त विषयों में प्रवेश के लिए जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, उन सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग एक दिन ही तकनीकी विवि परिसर में होगी। उपरोक्त विषयों में पहले चरण की काउंसलिंग में खाली सीटें 31 जुलाई को स्पॉट राउंड काउंसलिंग के माध्यम से भरी जाएगी। तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में जेईई मेन के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) वाले अभ्यर्थियों की काउंसलिंग शुरू हुई।

**समस्या** सड़क की हालत खस्ताहाल, लोगों ने उठाई मरम्मत की मांग

# भौर के पास सड़क पर मंडरा रहा हादसे का खतरा

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत भलवानी के अंतर्गत आने वाले भौर कस्बे के समीप सड़क पर पिछले एक वर्ष से बना खतरा आज भी ज्यों का त्यों बना हुआ है। बीते वर्ष बरसात के दौरान हुए भूस्खलन (ल्हासा) के चलते इस स्थान पर सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था, जो अब भी किसी बड़े हादसे को दावत दे रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खस्ताहाल है कि एक तरफ से यह पूरी तरह खोखली हो चुकी है।



ग्रामीणों का कहना है कि पिछले वर्ष ल्हासा गिरने के तुरंत बाद ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग से इस स्थान पर डंगा लगाने की मांग की थी, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। भलवानी पंचायत के प्रधान अमनदीप ने बताया कि यह स्थान भारी यातायात वाला है और बच्चों, बुजुर्गों तथा दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह खतरनाक बन चुका है।

ग्रामीण विजय, संजय, रजीव, गौरव, सूरज, मान चंद, दिनेश, जगदीश आदि ने भी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में है।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि संबंधित स्थान पर डंगा लगाने की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। बरसात के बाद कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शुरू कर दिया जाएगा। कार्य में देरी केवल मौसमी परिस्थितियों के कारण हो रही है।

## दो रोवर्स अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाएंगे प्रतिभा

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** भारत स्काउट्स और गाइड्स हिमाचल प्रदेश के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि प्रदेश के दो होनहार रोवर्स आदर्श वर्मा जिला सोलन और नितिन चड्ढा जिला बिलासपुर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना हो गए हैं।

17वें अंतरराष्ट्रीय वर्ल्ड स्काउट मूट 2025 का आयोजन 25 जुलाई से 3 अगस्त तक पुर्तगाल में आयोजित किया जा रहा है। आदर्श वर्मा, माउंटेनियर रोवर्स ओपन ग्रुप, सोलन से जुड़े हैं और उन्हें पाथ लीडर के रूप में चुना गया है। यह एक विशिष्ट उपलब्धि है, क्योंकि वह विश्वभर के 120 पाथ्स में से एक का नेतृत्व करेंगे, जिसमें प्रत्येक पाथ में लगभग 50 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल होंगे,वे इस भूमिका में सांस्कृतिक आदान-प्रदान, वैश्विक मित्रता और नेतृत्व विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगे।



सोलन के आदर्श वर्मा, बिलासपुर के नितिन।

नितिन चड्ढा राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं जिला बिलासपुर के रोवर हैं उन्हें इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भारत की ओर से प्रतिभागी के रूप में चयनित किया गया है, जहां वे विविध देशों के युवा स्काउट्स के साथ सहयोग और संवाद के जरिए वैश्विक नागरिकता, नेतृत्व और विविधता का उत्सव मनाएंगे। यह दोनों प्रतिनिधि रविवार को हिमाचल प्रदेश और भारत की आशाओं, परंपराओं और गर्व को अपने साथ लेकर पुर्तगाल के लिए रवाना हुए हैं।

राज्य मुख्य आयुक्त एवं उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा एवं भारत स्काउट्स और गाइड्स हिमाचल प्रदेश राज्य मुख्यालय की ओर से दोनों प्रतिभाशाली प्रतिनिधियों को इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। यह अवसर न केवल प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि युवा नेतृत्व की प्रेरणादायक मिसाल भी है।

## पंचायतनामा
गांव की गुफ्तगू से राजधानी की राजनीति तक

*जिला मुख्यालय सोलन से करीब 6 किलोमीटर दूर राजगढ़ रोड पर स्थित पंचायत संहोल में पिछले साढ़े चार वर्षों में रास्तों और सड़कों की कनेक्टिविटी से गांव को जोड़ने के विकास कार्य पर फोकस किया गया। साथ ही हर गांव में सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य पूरा करने के लिए सरकार से धनराशि जुटाई गई। पंचायत में सब से बड़े चुनौती कूड़ा निष्पादन की है। पंचायत में बने एशिया के सबसे ऊंचे शिव मंदिर जटोली से यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन के रूप में उभरा है, पर गांव में बुनियादी ढांचे में सुधार को अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। पंचायत में खुले शैक्षणिक संस्थान और औद्योगिक इकाइयां अब स्थानीय लोगों के लिए आफत बनते जा रहे हैं। एक तरफ शैक्षिक संस्थानों और व्यावसायिक गतिविधियों के चलते पंचायत को कूड़ा निष्पादन की चुनौती खड़ी हो चुकी है। वहीं, शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ रहे युवाओं की रात के समय हुड़दंगबाजी ने ग्रामीणों की नींद उड़ा कर रख दी है। इसके लिए यहां पुलिस सहायता कक्ष मांग चल रही है। हालांकि, सड़कों की मेंटेनेंस नहीं होने से बारिश के मौसम में किसानों को अपनी फसल मंडी तक पहुंचाना मुश्किल हो चुका है। पंचायत प्रतिनिधि विकास के दावे तो कर रहे हैं, पर धनराशि के अभाव में सड़कों और रास्तों की मेंटेनेंस के कार्य लंबित हैं।*

# संहोल पंचायत में सड़कों और सामुदायिक भवन निर्माण पर रहा फोकस

## शैक्षणिक व व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ने से कूड़ा निष्पादन की चुनौती

**लोग सड़कों की मेंटिनेंस नहीं होने से नाराज**



विशेष रिपोर्ट
आर मोहन चौहान
सोलन

### सड़कों की हालत खस्ता : ईश्वर ठाकुर



**पंचायत** मुख्यालय को जोड़ने वाली जटोली-कोटी सड़क की मेंटेनेंस नहीं होने से ग्रामीणों को अपनी फसलें मंडी तक पहुंचाना मुश्किल हो गया है। सड़क में पानी की निकासी नहीं होने से बरसात का पानी लोगों की घासनियों और खेतों को नुकसान पहुंचता है। पानी के बहाव से सड़क में गड्डा नहीं बल्कि गड्डे में सड़क बन चुकी है। कोठी गांव निवासी ईश्वर सिंह ठाकुर का कहना है कि पंचायत और संबंधित विभाग से बार-बार आग्रह के बावजूद इसमें नालियां नहीं बनी। नाबार्ड की मदद से बनी इस सड़क में बरसाती पानी के बहाव से गटका उखड़ चुका है। इससे करीब पांच किलोमीटर लंबी इस सड़क पर वाहन चलाना जोखिम भरा हो चुका है। वहीं, बिजली बोर्ड की मनमानी से गांव में खतरा बन चुकी बिजली की लाइनों को बार-बार शिकायत के बावजूद नहीं बदला गया।

### सामुदायिक भवन का निर्माण अधर में: रामरतन



**पंचायत** के कोटी गांव निवासी राम रतन ठाकुर बताते हैं कि पंचायत में पिछले पांच वर्षों में शून्य कार्य हुए हैं। पंचायत के पूरे कार्यकाल कोठी गांव में अधूरे पड़े सामुदायिक भवन का निर्माण नहीं कर पाई। हमेशा बजट नहीं होने का हवाला दिया गया। इसी तरह गांव तक पक्की सड़क मेंटेनेंस नहीं की गई। सड़क में पानी की निकासी नहीं होने से फसलों को नुकसान होता है। पंचायत में चुनकर आने वाले प्रतिनिधि मात्र शौक पूरा करने आते हैं, पर उनमें काम करने का जज्बा नहीं होता। पंचायत में वह व्यक्ति चुन कर आए जो कुछ करने का मादा रखता हो। पंचायत में शैक्षणिक संस्थानों की हुड़दंगबाजी से स्थानीय लोग खासे परेशान है। ऐसे में यहां पर पुलिस सहायता कक्ष खुलना चाहिए।

### सड़क बंद होने से परेशानी : सुनील



**स्थानीय** निवासी सुनील का कहना है की पंचायत ने गांव तक सड़क तो बनाई, पर इसकी मरम्मत नहीं की। इसके चलते सड़क छह महीने से बंद है। हम सड़क की मेंटेंस का जिम्मा पीडब्ल्यूडी को देने के पक्ष में हैं, पर कुछ लोग अब एनओसी नहीं दे रहे हैं। अब पंचायत में इसकी सुनवाई नहीं हो रही है। बरसात के कारण रास्तों की हालत खस्ता हो गई है। सुनील का कहना है कि पंचायत के तहत सैंज गांव के नजदीक कूड़ा कलेक्शन सेंटर नहीं बनने दिया जाएगा। भविष्य में इसके आसपास मकान बनाना मुश्किल हो जाएगा। कूड़ा समय पर नहीं उठाए जाने से यहां बंदरों और कुत्तों का जमावड़ा रहता है।

### कूड़े की डपिंग न की जाए : कांता देवी



**पंचायत** तहत सैंज गांव के ग्रामीण गांव के नजदीक सरकारी जमीन पर कूड़े कलेक्शन सेंटर बनने नाराज है। स्थानीय सुनीता देवी का कहना है कि समय पर कूड़ा नहीं उठने से यहां हमेशा गन्दी का आलम रहता है। यहां कूड़े की डंपिंग से प्राकृतिक नाले और जल स्रोत दूषित हो सकते हैं। इसको लेकर पंचायत प्रधान को मांग पत्र भी सौंपा गया है। साथ ही जिला प्रशासन से भी गांव के नजदीक सरकारी जमीन पर कूड़े की डंपिंग रोकने की मांग की है।

### विभागीय सुनवाई नहीं होती : अजय



**अजय** ठाकुर का कहना है कि गांव की समस्याओं को लेकर संबधित विभागों से संवाद किया जाता है, पर विभाग से सहयोग नहीं मिलता। पीडब्लयूडी को छोड़कर जल शक्ति और बिजली बोर्ड का रवैया नकारात्मक रहता है। इससे लोगों की समस्याएं हल करना मुश्किल हो जाता है। पंचायत ने अपने स्तर पर विकास कार्य को तेजी प्रदान की।

### बीमारी फैलने का खतरा : शीला देवी



**गांव** के नजदीक शैक्षणिक संस्थानों का कूड़ा कलेक्शन सेंटर बनने से यहां बीमारी फैलने का खतरा हो जाएगा। समय पर कूड़ा नहीं उठाए जाने से यहां बंदरों और कुत्तों का जमावड़ा रहता है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों को बंदरों के हमले का खतरा रहता है। कूड़े से फैली गंदगी से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पंचायत यहां कूड़ा कलैक्शन सेंटर बनाना चाहती है, पर इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

### लोगों के घर-द्वार तक पक्के रास्ते और पक्की सड़क बनाईः प्रधान



**पंचायत** प्रधान कुसुम ठाकुर का कहना है कि पिछले साढ़े चार साल के सेवाकाल में पंचायत में करोड़ों रुपए खर्च कर जमकर विकास कार्य किए। लोगों के घर-द्वार तक पक्के रास्ते और पक्की सड़कों का निर्माण किया। कोटी, गलांग, जटोली में सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है, जिसका जल्द उद्घाटन होगा। इसके लिए स्थानीय विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने धनराशि उपलब्ध करवाई है। कोरोनाकाल में प्रभावितों को भरपूर सहयोग व मदद प्रदान की गई। पंचायत में शिक्षण संस्थान और औद्योगिक इकाइयां बढ़ने से कूड़ा निष्पादन की समस्या बढ़ गई है। कूड़ा निष्पादन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्र में गंदगी न फैले। पंचायत का प्रयास है कि संहोल पंचायत को एक आदर्श पंचायत स्वच्छ सुंदर बनाया जाए। इसके लिए सार्वजनिक शौचालय का निर्माण और हर घर को सड़क से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत में खुले शिक्षण संस्थान, व्यावसायिक परिसर और औद्योगिक इकाइयों से कूड़ा लेने की योजना है। इसके लिए सैंज में कूड़ा कलेक्शन सेंटर बनाया जाएगा। जहां से सूखा कूड़ा बड़ोग और गिला कूड़ा बद्दी भेजा जाएगा, ताकि पंचायत से निकलने वाले कूड़े का सही तरीके से निष्पादन हो सके।

# घटती गुणवत्ता और गिरते दामों से जूझते हिमाचल के सेब बागवान

## मंडियों में न बिक पाने वाला सेब बना बागवानों के लिए संकट

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** देश में 'सेब राज्य' के नाम से प्रसिद्ध हिमाचल प्रदेश इस बार गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। 2025 के सेब सीजन की शुरुआत से ही राज्य के बागवानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है, एक तरफ सेब की गुणवत्ता में गिरावट और दूसरी तरफ मंडियों में लगातार घटते दाम। इन दोनों समस्याओं ने बागवानों की आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित किया है।

इस वर्ष मंडियों में पहुंच रहा अधिकांश सेब या तो आकार में छोटा है, उस पर दाग-धब्बे हैं या फिर रंगत और स्वाद में कमी है। यही कारण है कि पराला, भट्टाकूफर, सोलन, परमाणु, दिल्ली और चंडीगढ़ जैसी प्रमुख मंडियों में आढ़तियों ने घटिया गुणवत्ता वाले सेब को खरीदने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि जब उपभोक्ता ऐसा माल नहीं खरीदते, तो वे भी अपना पैसा उसमें क्यों फंसाएं?

सेब की गुणवत्ता गिरने के पीछे कई अहम कारण हैं जैसे बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, सूखा, कीट प्रबंधन में चूक, अनियमित छिड़काव, गलत कीटनाशकों का इस्तेमाल और समय से पहले तुड़ान। इसके अलावा, खराब पैकेजिंग और परिवहन के दौरान होने वाला नुकसान भी सेब की हालत बिगाड़ देता है। छोटे व सीमांत बागवानों के पास आधुनिक तकनीक और जरूरी जानकारी की कमी है। साथ ही, ईरानी जैसे विदेशी सेब भारतीय बाजार में कम कीमत पर और बेहतर लुक के साथ मिल रहे हैं, जिससे हिमाचली सेब को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को संभालने के लिए बागवानों को गुणवत्ता सुधार पर जोर देना होगा और सरकार को प्रशिक्षण, सहायता और संसाधन मुहैया कराने होंगे ताकि 'सेब राज्य' की पहचान बनी रह सके।



### बागवानों पर बढ़ता आर्थिक दबाव

**इस** दोहरी मार से प्रदेश के हजारों सेब उत्पादक गंभीर आर्थिक संकट में आ गए हैं। एक तरफ उन्हें अपनी मेहनत का सही मूल्य नहीं मिल रहा, दूसरी ओर मंडियों में खराब गुणवत्ता के कारण माल बिक ही नहीं पा रहा। इससे बागवान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं और उनका आत्मविश्वास टूट रहा है। कई बागवानों के लिए सेब उत्पादन ही आय का एकमात्र जरिया है, ऐसे में यह संकट उनके भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है।

# चिंतपूर्णी मंदिर के विकास कार्यों के लिए 56 .26 करोड़ रुपए मंजूर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



केंद्र सरकार ने हिमाचल में पर्यटन ढांचा सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 2024-25 के दौरान स्वदेश दर्शन-दो योजना के तहत मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर के विकास कार्यों के विकास के लिए 56.26 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांगड़ा लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को सदन में बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान चैलेंज बेस्ड डेस्टिनेशन डेवलपमेंट के तहत लाहौल-स्पीति जिले के उपमंडल काजा में पर्यटन ढांचा विकसित करने के लिए 24.82 करोड़, जबकि रकछम छितकुल में पर्यटन ढांचा विकसित करने के लिए 4.96 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। उन्होंने धर्मशाला की डल झील में पिछले कुछ वर्षों से पानी की लीकेज के बारे में बताया कि यह राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र का मामला है तथा केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के पास अकेले जलाशयों में पानी की लीकेज, जलाशय संरक्षण आदि कार्यक्रमों को हैंडल करने की कोई योजना नहीं है।

## सराज: बाढ़ में बहे पुल के निर्माण को 23 .64 करोड़ रुपए स्वीकृत: इंदु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को सदन में बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तीन के तहत सराज खंड में हाल की बाढ़ से बह गए पुल के निर्माण के लिए 23.64 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत हिमाचल में 3,123.117 किलोमीटर लंबी 299 सड़क योजनाओं और 43 पुल निर्माण के कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से राज्य में 1,023.734 किलोमीटर लंबी सड़कों और एक पुल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। योजना के तहत निर्मित सड़कों और पुलों के रखरखाव आदि की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है।



## नादौन में दो व्यक्तियों से 1 .35 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** थाना नादौन में पुलिस टीम द्वारा ललित कुमार पुत्र स्व उत्तम कुमार गांव लहड़ा, तहसील नादौन जिला हमीरपुर तथा राजेश कुमार पुत्र प्रताप चंद गांव वानखड़, तहसील गलोड़, जिला हमीरपुर के कब्जा से 1.35 ग्राम हेरोइन, चिट्टा बरामद कर गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**एक्शन में स्टेट गवर्नमेंट** ऊपरी हिमाचल में कीटनाशक विक्रेताओं पर छापेमारी, वैज्ञानिकों की सक्रिय भागीदारी

# सेब की फसल को बचाने के लिए नकली दवाओं पर कसा शिकंजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में सेब की फसल पर छाए संकट को देखते हुए राज्य बागवानी विभाग और डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है। इस अभियान का उद्देश्य घटिया और नकली कीटनाशकों एवं फफूंदनाशकों के बढ़ते प्रचलन पर रोक लगाना है, जिससे सेब की गुणवत्ता और उत्पादन पर सीधा असर पड़ रहा है।

यह सघन छापेमारी विशेष रूप से ऊपरी हिमाचल के सेब उत्पादक क्षेत्रों में की जा रही है, जहां पत्तियों के झुलसने, पेड़ों के कमजोर पड़ने और रोगों के बढ़ते मामलों की शिकायतें आ रही हैं। वैज्ञानिक इन रोगों की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके।

बागवानी विभाग के अधिकारियों के अनुसार, नकली कीटनाशकों और फफूंदनाशकों का इस्तेमाल बागों में रोग नियंत्रण में पूरी तरह विफल हो रहा है। इसके उलट, ये रसायन पेड़ों को और ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे सेब का आकार, रंगत और स्वाद बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

इस अभियान के दौरान संदेहास्पद उत्पादों के नमूने एकत्र कर प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। साथ ही, बागवानों को जागरूक किया जा रहा है कि वे केवल उन्हीं दवाइयों का उपयोग करें, जो राज्य सरकार की सूची में प्रमाणित और अनुमोदित हों।


### स्वस्थ बागों की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**यह** संयुक्त अभियान हिमाचल के सेब उद्योग की रक्षा के लिए एक ठोस कदम है। यदि बागवान सही दिशा-निर्देशों और वैज्ञानिक सलाह के अनुसार काम करें, तो न केवल उपज में सुधार होगा बल्कि प्रदेश की सेब पहचान भी कायम रह सकेगी।

### सरकारी एजेंसियों द्वारा अनुमोदित दवाइयों का करें इस्तेमाल

**नौणी** विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का कहना है कि बागवानों को एकीकृत कीट प्रबंधन अपनाना चाहिए, जिसमें रासायनिक, जैविक और सांस्कृतिक विधियों का समावेश होता है। यह विधि न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि दीर्घकालिक रूप से लाभकारी भी है।


नालंदा पद्म रिट्रीट सेंटर
गांव भनोडी (चुराह) एवं चंबा बौद्ध समुदाय
की ओर से हिमाचल प्रदेश की समस्त जनता को
अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले
की हार्दिक शुभकामनाएं




Lakshmi Hardware Store



Authorised stockits JK Wall Putty and Paints
Authorised Dealer of Asian Paint ,Ambuja Cement ,Kay2 TMT, Shree Cement
Vectus Tanks Evolve Hardware ,Unik Pipe Fitting All Building Material.
Address: Chamba -Tissa road at Gholti ,Post Office Sarol opposite to Mahindra Vehicle Showroom Chamba
Phone Number : 8091717628, 8894524773


S.M. EYE HOSPITAL
(A Unit of S.M. Eye Institute Private Limited)



Dr. Sandeep Mahajan
Director

काला मोतिया क्या है?
- काला मोतिया एक आंख की स्थिति है जिसमें इंट्राओकुलर दबाव से संबंधित ऑप्टिक तंत्रिका क्षति के कारण दृष्टि हानि होती है।
- विश्व स्तर पर, मोतियाबिंद के बाद यह अंधेपन का दूसरा प्रमुख कारण है।

काला मोतिया से आँख कैसे प्रभावित होती है?
आँख लगातार जलीय दिखावा बनाती है। जैसे ही आँख में नया जल प्रवाहित होता है, उतनी ही मात्रा बाहर निकल जानी चाहिए। द्रव जल निकासी कोण नामक क्षेत्र से होकर बाहर निकलता है। यह प्रक्रिया आँख के अंदरूनी दबाव को बनाए रखती है। इंट्राओकुलर दबाव स्थिर कहा जाता है।



SUPER SPECIALITY LASER CENTRE GHURKARI MATOUR (KANGRA)
98161-64471, 94181-92909, 97361-15917
98054-18323, 97362-78311, 98162-79944
Tel: 01892-264848 (OFF.) 01892-265311 (Reception), Email: smeyehospital@gmail.com



# फाफरा

## हर पत्ता है पोषण हर जड़ है औषधि

## पहाड़ों का छिपा खजाना औषधि भी, आहार भी

भारतीय हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में कई ऐसे पौधे हैं, जो अपने औषधीय गुणों, पोषण मूल्य और बहुउपयोगी स्वभाव के कारण स्थानीय संस्कृति और स्वास्थ्य का अभिन्न हिस्सा हैं। ऐसा ही एक पौधा है फाफरा, जिसे इसके सामान्य नाम बकव्हीट (Buckwheat) से जाना जाता है। यह न केवल स्वादिष्ट और पौष्टिक जंगली सब्जी है, बल्कि आजीविका और सतत कृषि के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। फाफरा को आमतौर पर अक-अनाज यानिकी सूडो सीरियल्स में रखा जाता है। ये वे पौधे होते हैं, जिनके बीजों का उपयोग अनाज की तरह किया जाता है, लेकिन वे पारंपरिक अनाज (जैसे गेहूं, चावल, मक्का) की तरह घास कुल (Poaceae family) से संबंधित नहीं होते। विटामिन सी से भरपूर होने के कारण कई बीमारियों की रोकथाम में उपयोगी हैं। इस तरह फाफरा केवल एक मोटा अनाज ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक औषधि भी है। इसके नियमित और सीमित मात्रा में उपयोग से आज के दौर के सबसे प्रमुख जीवन शैली आधारित रोग जैसे की उच्च रक्तचाप और मधुमेह की रोकथाम और प्रबंधन में मदद मिलती है-बिना किसी साइड इफेक्ट के। यह आधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ पारंपरिक आहार चिकित्सा का एक बेहतरीन उदाहरण है।

### पौधे की पहचान

**फाफरा** वनस्पति परिवार पॉलीगोनेसी (Polygonaceae) से संबंधित है और इसका वंश फैगोपायरम (Fagopyrum) है। हिमाचल प्रदेश के 2000-3000 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मुख्य रूप से फैगोपायरम की तीन प्रजातियां पाई जाती हैं
-फागोपायरम एस्कुलेंटम (सादा फाफर/कुट्टू/काठू/ओगला)
-फागोपायरम टाटारिकम (कड़वा फाफरा/चाबरू/तातरिया कुट्टू)
-फागोपायरम डाइबोट्रिस (स्वर्ण फाफरा/जंगली फाफरा)

**इनमें** फाफरा (Fagopyrum dibotrys) एक वार्षिक शाकीय पौधा है, जो हिमालयी क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। यह अधिकतर सड़कों के किनारे, खेतों की मेड़ पर या परती जमीन में खरपतवार की भांति उगता है। यह बीज से आसानी से उगता है और सभी प्रकार की मिट्टी में पनप सकता है। इसका पौधा 1 से 2 मीटर तक ऊंचा होता है और तना हलकी लालिमा लिए हुए, खोखला व शाखायुक्त होता है। इसकी पत्तियां बड़ी, अंडाकार से दिलनुमा आकार की होती हैं, जिनका स्वाद हल्का खट्टा होता है। ये पत्तियां गर्मियों से बरसात तक सब्जी के रूप में उपयोग की जाती हैं। इस पौधे में छोटे, सफेद रंग के फूल होते हैं, जो पुष्पक्रम में गुच्छों के रूप में शाखाओं के सिरों पर खिलते हैं तथा मधुमक्खियों को आकर्षित करते हैं।

### पत्तों की खाद्य उपयोगिता एक पोषण भंडार

**फाफरा** की कोमल पत्तियां गर्मियों से लेकर वर्षा ऋतु के अंत तक बड़े चाव से सब्जी के रूप में खाई जाती हैं। ये विटामिन सी (35-60 मिलीग्राम), बीटा-कैरोटीन (2.5-4.5 मिलीग्राम), रुटिन (15-25 मिलीग्राम) और फाइबर (4.0-6.0 ग्राम) से भरपूर होती हैं, जो प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करती हैं और शरीर को विषैले तत्वों से मुक्त रखने में सहायक हैं।

### पत्तों से बनाए जाने वाले लोकप्रिय व्यंजन



● पालक की तरह साग ● आलू के साथ सूखी या तरी वाली सब्जी ● नींबू और शहद के साथ हर्बल चाय ● हरी चटनी और सुपाच्य सूप में उपयोग ● चिल्ला या कचरू ● ग्रीन जूस

### बीजों का पोषण मूल्य (100 ग्राम में)



| | | |
|---|---|---|
| ऊर्जा | 343 किलोकैलोरी | *बीजों से खिचड़ी और आटे से रोटियां, बबरू, कचरू और अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं। अंकुरित बीजों का उपयोग सलाद और स्नैक्स में होता है।* |
| कार्बोहाइड्रेट | 71.5 ग्राम | |
| प्रोटीन | 13.25 ग्राम | |
| आहार फाइबर | 10 ग्राम | |
| मैग्नीशियम | 231 मि.ग्रा. | |
| पोटाशियम | 460 मि.ग्रा. | |
| लोहा | 2.2 मि.ग्रा. | |
| रुटीन | प्रचुर मात्रा में | |

### औषधीय गुण : पारंपरिक ज्ञान और वैज्ञानिक प्रमाण

**फाफरा** की पत्तियां, बीज और जड़ें औषधीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। कई अध्ययन बताते हैं कि फाफरा रुटिन, क्वेरसेटिन और फाइबर से भरपूर होता है, जो हृदय रोग, हाइपरटेंशन और टाइप-2 डायबिटीज में उपयोगी हैं। इसके नियमित सेवन से इंसुलिन प्रतिरोध में कमी देखी गई है।

### उच्च रक्तचाप में उपयोग

**फाफरा** में प्रचुर मात्रा में रुटिन पाया जाता है, जो एक शक्तिशाली फ्लावोनॉयड है। रुटिन रक्त वाहिकाओं को मजबूत करता है और उनकी लचीलापन बनाए रखता है, जिससे रक्त प्रवाह सुधरता है और ब्लड प्रेशर नियंत्रण में रहता है। यह एंटीऑक्सीडेंट की तरह कार्य करता है, जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करता है, जो हाई ब्लड प्रेशर का एक प्रमुख कारण है।

### मधुमेह में उपयोग

**फाफरा** के बीजों में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है, जिससे यह धीरे-धीरे शर्करा में बदलते हैं और ब्लड शुगर स्पाइक्स नहीं होती। इसके अलावा D-chiro-inositol, एक विशेष यौगिक जो फाफरा में पाया जाता है, इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाता है और मधुमेह रोगियों के लिए उपयोगी होता है। इसमें पाए जाने वाले घुलनशील रेशे कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को धीमा करते हैं। फाफरा की रोटियां, दलिया या खिचड़ी का सेवन ब्लड शुगर को स्थिर रखने में सहायक है।

### कैंसर रोधी प्रभाव

**फाफरा** की जड़ें पारंपरिक औषधीय चिकित्सा में विशेष स्थान रखती हैं। इनसे तैयार की गई हर्बल चाय और औषधियां शरीर में मौजूद कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि को रोकने में सहायक मानी जाती हैं। शोधों में पाया गया है कि इसकी जड़ों में ऐसे यौगिक पाए जाते हैं, जिनमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-ट्यूमर गुण होते हैं, जो कैंसर की रोकथाम में उपयोगी हैं।





डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी

### सूजनरोधी और यकृत विकारों में लाभकारी

**इस** पौधे की जड़ों में पाए जाने वाले जैव सक्रिय घटक सूजन को कम करने में मदद करते हैं, इसलिए इन्हें गठिया, आंतरिक सूजन, और जोड़ों के दर्द में लाभकारी माना जाता है। इसके अलावा यह यकृत (लिवर) की कार्यक्षमता को सुधारने और विषैले तत्वों को निकालने में भी मदद करता है, जिससे लिवर संबंधी बीमारियों में राहत मिलती है।

### त्वचा रोग, वैरिकोज नसें और गाउट में उपयोग

**फाफरा** की औषधीय जड़ों का उपयोग त्वचा की खुजली, फोड़े-फुंसी, एक्जिमा जैसे विकारों में परंपरागत रूप से किया जाता रहा है। इसके साथ ही रक्त परिसंचरण में सुधार करने वाले गुण इसे वैरिकोज नसों के लिए उपयोगी बनाते हैं। साथ ही, यह गाउट (जोड़ों में यूरिक एसिड की अधिकता) जैसी समस्याओं में भी राहत देता है।



### उपयोग के परंपरागत रूप

**इस** पौधे की जड़ों को छाया में सुखाकर आयुर्वेदिक चूर्ण, काढ़ा और लेप (पेस्ट) बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है। इनका उपयोग आंतरिक सेवन और बाहरी उपचार दोनों में किया जाता है, जो इसे एक बहुपयोगी औषधीय पौधा बनाता है।



### अन्य उपयोग

| | |
|---|---|
| *पत्तियां* | *पशु चारा* |
| *तना* | *प्राकृतिक नीला रंग* |
| *पौधा* | *हरी खाद और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में सहायक* |

### आजीविका और आर्थिक संभावनाएं

**स्थानीय** महिलाएं और बच्चे फाफरा की पत्तियां गुच्छों में बांधकर 30-40 रुपये में सड़क किनारे या हाट-बाजारों में बेचते हैं। यह विशेषकर महिलाओं को सशक्त अतिरिक्त कमाई का साधन प्रदान करती है। फाफरा, केवल एक पौष्टिक मोटा अनाज ही नहीं, बल्कि एक हरित औषधि, एक सस्टेनेबल फसल, और एक सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार भी है। बदलते मौसम, मृदा क्षरण और पोषण संकट के इस दौर में ऐसे पारंपरिक पौधों का संरक्षण और प्रचार-प्रसार नितांत आवश्यक है।

# बरसात के मौसम में नमी से श्वास और फंगस रोग से बचाव जरूरी

*बरसात के मौसम के आगमन के साथ जहां गर्मी से राहत मिलती है। वहीं, कई स्वास्थ्य संबंधी विकृतियों को भी जन्म देती है। औषधि विशेषज्ञ डॉ. आनंद कुमार घिल्डियाल नालागढ़ का कहना है कि तापमान में वृद्धि के साथ-साथ वातावरण में नमी की अधिकता पाई जाती है। इस मौसम में पानी से होने वाले रोग, मच्छर, मक्खियों द्वारा फैलाए जाने वाले रोग, वातावरण में नमी अधिक होने से श्वास संबंधी रोग व फंगस (फफूंद रोग) अधिक पाए जाते हैं। बरसात में जगह-जगह पानी इकट्ठा होने पर मच्छर, मक्खियां उत्पन्न हो जाते हैं। मच्छर के काटने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया होने की प्रबल संभावना रहती है, जबकि मक्खियां दस्त, पीलिया फैलाते हैं।*

**लक्षण**

**रोगी** को तेज बुखार के साथ ठंड लगना, तेज सिर दर्द, शारीरिक दर्द, उल्टियां। मलेरिया में व्यक्ति को तेज बुखार के साथ ठंड लगना, अत्यधिक पसीना भी आता है। रोगी बहुत कमजोरी महसूस करता है। चिकनगुनिया व डेंगू में मरीज को तेज बुखार के साथ ठंड लगना, सिर दर्द, शरीर में दर्द, जोड़ों में दर्द हो सकता है। वहीं, रोगी की हालत बिगड़ने पर उल्टियां, बार-बार पैखाना, पेशाब का कम आना, बेहोशी होना, भूख कम लगना, दौरे पडना, रक्तस्राव, ब्लड प्रेशर कम होना पाया जाता है।

### मच्छर के काटने से फैलते रोग

**बरसात** के मौसम में गंदे पानी और गंदगी के फैलने से मक्खियां बहुत अधिक मात्रा में उत्पन्न हो जाती हैं, जो गंदगी से उड़कर हमारे खाने-पीने की चीजों पर बैठ जाती हैं और उसे दूषित कर अतिसार-दस्त, पीलिया जैसे रोग होने का खतरा बनती हैं। बरसात में पानी इधर-उधर गड्ढों में लंबे समय तक भरा रहता है, जिसमें मच्छर उत्पन्न होते हैं। मच्छर जब किसी रोगी व्यक्ति को काटते हैं, तो मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों को फैलाने का कारण बनते हैं। मलेरिया मादा मच्छर एनाफिलीज के काटने से होता है। वहीं, डेंगू फीवर ऐडीज इजिप्शियाई (टाइगर) मच्छर के काटने से होता है। वातावरण में गर्मी और नमी होने के कारण कई विषाणु, जीवाणु, और फंगस पैदा हो जाते हैं। इनके कारण श्वास रोगों और चमड़ी में फंगस इंफेक्शन, खुजली आदि होने की संभावना रहती है। स्वास रोगों में अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, निमोनिया, नाक की एलर्जी, फ्लू जैसे लक्षण हो सकते हैं। अधिक नमी होने के कारण चमडी पर गोल-गोल चकते पड़ जाते हैं, जिसे रिंगवार्म या फंगस इंफेक्शन कहते हैं।






डॉ. आनंद कुमार, औषधि विशेषज्ञ, नालागढ़।

### बरसात के मौसम में कैसे बचें

**औषधि** विशेषज्ञ डॉ. आनंद कुमार का कहना है कि हमें अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए। गंदगी न फैलने दें। वर्षा के पानी को गड्ढों, नालियां में इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए। पानी की निकासी का उचित प्रबंध करना चाहिए। घर की आस पास खुले में टूटे बर्तन, पुराने टायर न रखें। कूलर में पानी समय-समय पर बदलते रहना चाहिए। पानी की टंकियों पर ढक्कन लगे हों। पूरा बदन ढककर कपड़े पहनें। मच्छर को भगाने वाले क्रीम, लोशन का इस्तेमाल करना चाहिए। रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। खाने की चीजों को ढककर रखें। बासी खाना ना खाएं। खाना अधिक देर तक खुले में न रखें। प्रतिदिन स्नान अवश्य करें।

### भारी जोखिम वाले रोगी

**यदि** नवजात शिशु तापमान 100 डिग्री व छोटे बच्चों में तापमान 102 डिग्री से ज्यादा हो। 60 साल से अधिक आयु के व्यक्ति यदि तापमान 103 डिग्री से ज्यादा हो, अन्य रोगों से ग्रसित व्यक्ति जिनकी शारीरिक रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम है, जैसे श्वास रोग, लिवर, किडनी, डायबिटीज, हाइपरटेंशन, स्टेरॉयड की अधिक मात्रा लेने वाले रोगी व्यक्तियों, मोटापा, शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को चिकित्सक की सलाह लेना आवश्यक होता है।

### जोखिम वाले लक्षण

**रोगी** को बुखार के साथ लगातार उल्टियां, बेहोशी, मैनिंजाइटिस, निमोनिया, सांस का फूलना, पेशाब कम आना, लगातार पैखाना आना, लाल रंग के धब्बे, रक्तस्राव होना, दौरे पडना, भूख बहुत कम होना, ब्लड प्रेशर कम होना। प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन

**चिकित्सक की सलाह क्यों जरूरी :** औषधि विशेषज्ञ डॉ. आनंद कुमार बताते हैं कि चिकित्सक रोग की जानकारी, लक्षणों व शारीरिक जांच के आधार पर कुछ जांच करवाते हैं। जैसे खून की जांच, पेशाब की जांच, एक्स-रे, व पूर्वानुमान के आधार पर कुछ विशेष जांचों का आदेश देते हैं। चिकित्सक रोगी के रोग के आधार पर रोगी का इलाज करते हैं। यह अति आवश्यक है कि रोगी एंटीबायोटिक का इस्तेमाल केवल चिकित्सक की सलाह से ही करें ।बुखार होने पर केवल पेरासिटामोल लें। 102 डिग्री से अधिक तापमान पर ठंडे पानी की पट्टियां करें।

**बुखार में घरेलू उपाय :** तरल पदार्थ अधिक मात्रा में और बार-बार लें। निंबू की सकंजवी, छाछ, शरबत, आमपन्ना, नारियल का पानी समर्थ अनुसार ले सकते हैं। बुखार में अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है, इसलिए आवश्यक है की रोगी आराम करें। संतुलित आहर बार-बार खायें। अधिकतर बुखार में सामान्यतः सभी तरह का भोजन खाया जा सकता है। स्नान का कोई प्रतिबंध नहीं है, उससे शरीर का तापमान भी कम होता है और रोगी खुद को तरोताजा महसूस करता है।

# आंखों का फ्लू

## सावधानी ही सबसे बड़ी दवा



डॉ. संदीप महाजन, आई सर्जन, एसएम आई अस्पताल एमडी, घुरकड़ी

**गर्मी और उमस का मौसम आते ही एक आम, लेकिन परेशान करने वाला रोग फिर सिर उठाता है, जिसे हम आम बोलचाल में 'आंखों का फ्लू' कहते हैं। मेडिकल भाषा में इसका नाम है वायरल कंजंक्टिवाइटिस। हर साल जुलाई-अगस्त में यह रोग तेजी से फैलता है, खासकर स्कूलों, दफ्तरों, अस्पतालों और भीड़भाड़ वाले स्थानों में। इस बार भी देश के कई राज्यों में हजारों मामले सामने आए हैं।**



**● कैसे फैलता है यह संक्रमण?**
**इस** फ्लू के फैसने का मुख्य कारण होता है एडेनोवायरस। यह वायरस हवा से नहीं फैलता, बल्कि संक्रमित व्यक्ति के स्पर्श या चीजों से फैलता है। तौलिया, तकिया, चादर, मोबाइल, दरवाजे के हैंडल, पेन, चश्मा ये सब वायरस को फैलाने वाले जरिया बन सकते हैं। यह वायरस किसी सतह पर 30 दिन तक जीवित रह सकता है।

**● लक्षण क्या हैं?**
**आंखों** में लाली बौर जलन
**पानी** आना या चिपचिपा स्राव
**पलकें** चिपक जाना
**रोशनी** से चिढ़
**कभी-कभी** सूजन बौर दर्द

**● क्या करें और क्या न करें?**
●दिन में कई बार साबुन से हाथ धोएं ● आंखें साफ और सूखी रखें ●अलग तौलिया और रुमाल इस्तेमाल करें ●स्कूल या ऑफिस में संक्रमण है तो घर पर रहें

**● ये न करें:**
●आंखें बार-बार न छुएं ● किसी और का तौलिया या तकिया न लें ● बिना डॉक्टर की सलाह के दवा न डालें ●स्टेरॉयड ड्रॉप्स खुद से न लें

**● इलाज क्या है?**
**यह** बीमारी अपने आप ठीक हो जाती है आमतौर पर 5-7 दिन में। आंखों में जलन या सूखापन हो तो आर्टिफिशियल टियर्स (आंसू की बूंदें) राहत दे सकती हैं। डॉक्टर की सलाह से हल्के एंटीसेप्टिक या एंटीबायोटिक ड्रॉप्स दिए जा सकते हैं।

***ध्यान रखें : बिना डॉक्टरी सलाह के स्टेरॉयड डाले गए तो गंभीर नुकसान हो सकता है, यहां तक कि नज़रों पर असर भी पड़ सकता***

### संदेश सीधा है: आंखों की सुरक्षा आपके हाथ में है

**हाथ** धोना, आंखें न छूना और दूसरों से दूरी यही इस संक्रमण को रोकने का सबसे कारगर उपाय है। इलाज के बजाय बचाव को अपनाइए। आपकी जागरूकता ही आपकी आंखों की सबसे बड़ी रक्षा है।

*प्रस्तुति : आशीष दमीर, कांगड़ा।*

# घृतकुमारी में अपार औषधीय गुण



**घृतकुमारी,** जिसे आमतौर पर एलोवेरा के नाम से जाना जाता है, आयुर्वेद में एक चमत्कारी औषधि मानी जाती है। इसके गूदेदार पत्तों में अपार औषधीय गुण होते हैं, जिनका उपयोग हजारों वर्षों से भारतीय चिकित्सा पद्धति में किया जा रहा है। आयुर्वेद में घृतकुमारी को 'कुमारी' कहा जाता है और यह शीतल, कटु और तिक्त रसयुक्त मानी जाती है, जो शरीर की पित्त और वात संबंधी समस्याओं को संतुलित करने में सहायक होती है।

घृतकुमारी का प्रमुख उपयोग पाचनतंत्र की सुधार में किया जाता है।

यह कब्ज दूर करने में बेहद कारगर है और आंतों की सफाई में मदद करती है। इसके नियमित सेवन से जिगर (लीवर) की क्रियाशीलता बढ़ती है और भूख में सुधार होता है। आयुर्वेदिक चिकित्सक इसे दीपन (भोजन में रुचि जगाने वाला) और पाचन (पाचन शक्ति बढ़ाने वाला) मानते हैं।

त्वचा रोगों के उपचार में भी घृतकुमारी का विशेष महत्व है। इसके गूदे को सीधे त्वचा पर लगाने से दाद, खाज, एक्जिमा जैसे रोगों में राहत मिलती है। साथ ही यह झुर्रियों और मुंहासों को कम करने में सहायक है, इसलिए इसे सौंदर्य प्रसाधनों में भी खूब इस्तेमाल किया जाता है।



डॉ. रंजना कपूर, जोगिंद्रनगर, मंडी

इसके रक्तशुद्धि गुणों के कारण इसे आंतरिक रूप से सेवन करने से त्वचा निखरती है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। महिलाओं के लिए यह एक उत्तम रसायन माना गया है। यह मासिक धर्म की अनियमितता को दूर करने, श्वेत प्रदर जैसे रोगों में राहत देने और संतान-प्राप्ति में सहायता करने वाला माना जाता है। आयुर्वेदिक ग्रंथों में इसका उल्लेख रक्तपित्त, अर्श (बवासीर), यकृत दोष तथा प्रमेह (मधुमेह) जैसे रोगों के इलाज में भी किया गया है। एलोवेरा जूस या घृतकुमारी रस को सुबह खाली पेट लेने से शरीर में ताजगी बनी रहती है। साथ ही यह शरीर को डिटॉक्सिफाई करने का कार्य करता है। इसके साथ ही यह मानसिक तनाव और नींद की समस्याओं को भी कम करता है, जिससे मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहते हैं। घृतकुमारी एक ऐसी औषधि है, जो प्राकृतिक रूप से अनेक रोगों से रक्षा करती है। यह न केवल रोगों को दूर करने में मददगार है, बल्कि शरीर को संतुलित और स्वस्थ बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाती है। आयुर्वेद में इसे नित्य सेवन योग्य औषधि माना गया है, किंतु किसी भी औषधीय उपयोग से पहले आयुर्वेदाचार्य की सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

# बाल झड़ना



**बाल झड़ना, जिसे हेयर लॉस या एलोपेसिया (Alopecia) भी कहा जाता है, एक सामान्य स्थिति है, जिसमें खोपड़ी या शरीर से बाल झड़ते हैं। कुछ लोगों में बालों का झड़ना मानसिक तनाव (Psychological Distress) का कारण बन सकता है। यह बालों के प्राकृतिक विकास चक्र का एक हिस्सा हो सकता है, जिसमें पुराने बाल झड़ते हैं और नए बाल उगते हैं। हालांकि, कई बार यह झड़ना असामान्य रूप से अधिक होता है, जिससे बाल पतले हो सकते हैं या गंजेपन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बाल झड़ने के कारण कई प्रकार के हो सकते हैं, जैसे आनुवंशिकता, हार्मोनल परिवर्तन, चिकित्सीय स्थितियां, पोषण की कमी, तनाव, और कुछ हेयरस्टाइल या उपचार। इन संभावित कारणों को समझने से सही समाधान और उपचार चुनने में मदद मिलती है।**

### बाल झड़ने के कारण

*1. आनुवंशिक कारण*
***वंशानुगत बाल झड़ना (Androgenetic Alopecia):*** यह सामान्य प्रकार का बाल झड़ना है, जो अकसर परिवार में चलता है। पुरुषों में यह 'मेल पैटर्न बाल्डनेस' और महिलाओं में 'फीमेल पैटर्न हेयर लॉस' के रूप में दिखता है।

**2. हार्मोनल परिवर्तन और असंतुलन**
**गर्भावस्थाः** गर्भावस्था के दौरान और बाद में हार्मोन में बदलाव के कारण अस्थायी रूप से बाल झड़ सकते हैं।
**प्रसव :** प्रसव के बाद हार्मोनल बदलाव भी बाल झड़ने का कारण बन सकते हैं।
**रजोनिवृत्ति :** रजोनिवृत्ति के दौरान हार्मोन में बदलाव के कारण बाल झड़ सकते हैं।
**थायरॉयड विकारः** हाइपोथायरॉयडिज्म (थायरॉयड कम होना) और हाइपरथायरॉयडिज्म (थायरॉयड अधिक होना) दोनों ही बालों की वृद्धि चक्र को प्रभावित कर सकते हैं।
**अन्य हार्मोनल विकारः** अन्य अंतः स्रावी विकार (endocrine disorders) के कारण हार्मोन में गड़बड़ी होकर बाल झड़ सकते हैं।

**3. चिकित्सीय स्थितियां**
**ऑटोइम्यून रोग :** जैसे एलोपेसिया एरीएटा, जिसमें शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली बालों की जड़ों पर हमला करती है, जिससे पैचों में बाल झड़ जाते हैं।
**स्कैल्प संक्रमणः** जैसे फंगल संक्रमण भी बाल झड़ने का कारण बन सकते हैं।
**त्वचा संबंधी रोगः** कुछ त्वचा की बीमारियां या कैंसर भी बालों के झड़ने का कारण बन सकते हैं।

**4. पोषण की कमी**
**आयरन की कमीः** विशेष रूप से महिलाओं में, आयरन की कमी बालों की वृद्धि को प्रभावित कर सकती है।
**अन्य विटामिन और खनिज की कमी :** विटामिन ए, डी, ई, बायोटिन और जिंक जैसे पोषक तत्वों की कमी भी बाल झड़ने का कारण बन सकती है।

**5. तनाव**
**शारीरिक या मानसिक तनावः** सर्जरी, बीमारी, या भावनात्मक आघात जैसे तनावपूर्ण घटनाएं टेलोजेन एफ्लुवियम (Telogen Effluvium) नामक स्थिति को ट्रिगर कर सकती हैं, जिसमें बड़ी संख्या में बाल एक साथ झड़ने लगते हैं।

**6. हेयरस्टाइल और उपचार**
**कसे हुए हेयरस्टाइल :** बार-बार कसकर बाल बांधना (जैसे ब्रैड्स, पोनीटेल या हेयर एक्सटेंशन) बालों की जड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है और ट्रैक्शन एलोपेसिया का कारण बन सकता है।



डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)

**केमिकल और हीट ट्रीटमेंट :** हेयर स्ट्रेटनिंग, ब्लीचिंग, परमानेंट वेव्स आदि के बार-बार उपयोग या अत्यधिक हीट स्टाइलिंग से बाल कमजोर होकर टूट सकते हैं और झड़ सकते हैं।

**7. दवाइयां**
**कीमोथेरेपी :** कैंसर का इलाज करने वाली कुछ दवाएं जैसे कीमोथेरेपी बाल झड़ने का बड़ा कारण होती हैं।
**अन्य दवाइयां :** कुछ दवाइयां जैसे एंटीडिप्रेसेंट, ब्लड थिनर और हार्मोनल गर्भनिरोधक भी साइड इफेक्ट के रूप में बाल झड़ने का कारण बन सकती हैं।
**वजन में अचानक कमी :** तेजी से वजन कम होने या खाने की आदतों में बदलाव से भी बालों की ग्रोथ प्रभावित हो सकती है और बाल झड़ सकते हैं। बाल हमारी सुंदरता और आत्मविश्वास का प्रतीक होते हैं। जब बाल झड़ने लगते हैं, तो यह अनुभव बहुत तनावपूर्ण हो सकता है। आज हमने हेयरफॉल के कारण के बारे में जाना। अगले सप्ताह जानेंगे होम्योपैथी कैसे सहायता कर सकती है।

# नगरोटा क्षेत्र में विकसित होंगे मैदान-चिल्ड्रन पार्क : आरएस बाली

## बोले- सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उठाए जाएंगे कारगर कदम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष एवं कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र में बच्चों तथा युवाओं के लिए चरणबद्ध तरीके से चिल्ड्रन पार्क तथा खेल मैदान निर्मित किए जाएंगे, ताकि युवाओं और बच्चों को खेलने के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। इसके साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी कारगर कदम उठाए जाएंगे।

रविवार को बाल मेला के समापन पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष एवं मेला कमेटी के संरक्षक आरएस बाली ने सफल आयोजन के लिए नगरोटा के नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र में विकास को गति प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल शिलान्यास किया गया है। इसे संस्थान को विश्व स्तरीय मानकों पर उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास पुरुष स्व. जीएस बाली ने सबसे पहले युवाओं को बेरोजगारी भत्ता तथा रोजगार दिलाने के लिए संघर्ष आरंभ किया था, उनकी प्रेरणा से वर्ष 2022 में रोजगार संघर्ष यात्रा का श्रीगणेश किया गया था तथा उसी दौरान युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प भी लिया था और बाल मेले के जरिए रोजगार मेला युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में सार्थक सिद्ध हो रहा है।



बाल मेला के समापन पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष एवं मेला कमेटी के संरक्षक आरएस बाली ने लोगों का आभार जताया।

### मेगा मेडिकल कैंप में 6000 लोगों का चेकअप

**अनंत ज्ञान। नगरोटा बगवां।** नगरोटा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्व. जीएस बाली के जन्मदिन पर आयोजित मेगा मेडिकल कैंप में 6000 लोगों ने चेकअप करवाया। इसमें 50 करीब विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इसमें 3000 के करीब लोगों को आंखों की जांच के पश्चात नजर के चश्मे वितरित किए गए हैं। निःशुल्क दवाइयां तथा मेडिकल टेस्ट की सुविधा भी निःशुल्क प्रदान की गई। इसके अलावा राज्य के 50 दृष्टिबाधित बच्चों को स्मार्ट केन तथा मोबाइल फोन तथा घड़ियां तकनीकी शिक्षा मंत्री के माध्यम से वितरित करवाई गईं।

### आपदा पीड़ितों के लिए भेंट किया 11 लाख रुपए का चेक

**उपमुख्यमंत्री** ने नगरोटा में 2 करोड़ 94 लाख की लागत से निर्मित निरीक्षण कुटीर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बाल मेला कमेटी की ओर से पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने 11 लाख का चेक सराज आपदा के लिए भेंट किया। इसके साथ ही डॉ. बरमानी ने एक लाख तथा कांगड़ा के पुजारियों ने 51 हजार का चेक उपमुख्यमंत्री को आपदा के लिए भेंट किया।

### बाल मेले में कुलविंद्र बिल्ला ने नचाए लोग

**नगरोटा** के गांधी ग्राउंड में स्व. जीएस बाली की स्मृति में आयोजित बाल मेले में बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। बाल मेला कमेटी के संरक्षक पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक, आरएस बाली ने बच्चों के मनोरंजन के लिए निशुल्क तौर झूले व मिकी माउस जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई थीं। वहीं, लोक कलाकारों सहित बॉलीवुड कलाकार कुलविंद्र बिल्ला ने लोगों को खूब नचाया।

### युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा तथा प्रशिक्षण को दी जा रही प्राथमिकता : राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा तथा प्रशिक्षण पर भी विशेष बल दिया जाएगा, वर्तमान दौर में निजी क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार युवाओं को तैयार किया जाएगा, ताकि युवाओं को आसानी से रोजगार प्राप्त हो सके। रविवार को नगरोटा में स्व. जीएस बाली के जन्मदिन पर दूसरे दिन मेगा मेडिकल कैंप के शुभारंभ करने के उपरांत धर्माणी ने कहा कि राज्य के विकास में स्व जीएस बाली का अमूल्य योगदान रहा है तथा उनके तकनीकी शिक्षा तथा परिवहन की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे जिसका लाभ आज प्रदेश को मिल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### रोवर एवं रेंजर्स ने किया बाल आश्रम का दौरा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद कॉलेज जयसिंहपुर के रोवर एवं रेंजर इकाई द्वारा एक सामाजिक सरोकार के तहत बाल आश्रम सुजानपुर, जिला हमीरपुर का दौरा किया। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद के नेतृत्व में रोवर प्रभारी प्रो. अरविंद कुमार, रेंजर प्रभारी प्रो. रजनी तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विकास राणा, प्रो रविंदर जग्गी, डॉ. अर्पित कायस्थ, डॉ. इंदर, प्रो शिवानी और मुकेश भी उपस्थित रहे। इस दौरे का उद्देश्य बाल आश्रम के बच्चों के साथ संवाद स्थापित करना, उन्हें मार्गदर्शन देना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए करियर परामर्श प्रदान करना रहा। रोवर एवं रेंजर छात्रों ने सेवा भाव से आश्रम के बच्चों के साथ संवाद किया, अपने अनुभव साझा किए। बाल आश्रम के प्रभारी प्रदीप चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आश्रम में रह रहे बच्चों की यात्रा एवं वहां कार्यरत कर्मचारियों के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

### वीर भूमि कोचिंग सेंटर के युवाओं ने पास की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हाल ही में सेना द्वारा आयोजित अग्निवीर जीडी तथा ट्रेड्समैन परीक्षा में वीर भूमि कोचिंग सेंटर शाहपुर से कोचिंग ले रहे जिला कांगड़ा, चंबा तथा पठानकोट क्षेत्र के कई युवाओं ने अग्निवीर लिखित तथा ट्रेड्समैन लिखित परीक्षा पास की है। अब शारीरिक परीक्षा के लिए सेंटर की ओर से कड़ी मेहनत कराई जा रही है। वीर भूमि कोचिंग सेंटर शाहपुर के चेयरमैन महेंद्र शर्मा ने इसका श्रेय सेंटर के मेहनती स्टाफ तथा कड़े अनुशासन को दिया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कोचिंग लेकर कई युवा सेना, एयर फोर्स, नेवी अर्धसैनिक बल, राज्य पुलिस, वन विभाग सहित हिमाचल प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### राजा का तालाब में कांवड़ियों का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** शिवभक्त कांवड़ में गंगाजल भरकर हरिद्वार से पैदल ही अपने गृह क्षेत्र और अपने इष्ट देव भोले भाले में पहुंचने शुरू हो गए। रविवार को हरिद्वार से पैदल यात्रा करके कांवड़ में गंगाजल भरकर शिव मंदिर भरमौर चौरासी में जलाभिषेक करने जा रहे 20 से 22 वर्ष के दो युवा शिवभक्तों रजत व लक्की का राजा का तालाब में पहुंचने पर व्यापार मंडल के सदस्यों, महिलाओं व अन्य युवाओं ने हार पहनाकर और फूलों की बारिश करते हुए ढोल की थाप के साथ भव्य स्वागत किया।

### करियाड़ा नाग मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** करियाड़ा के ऐतिहासिक नाग मंदिर में रविवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह तड़के ही 'बम-बम भोले' और 'जय नाग देवता' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने प्राकृतिक शिवलिंग पर दूध, जल और बिल्व पत्र चढ़ाकर नाग देवता के दरबार में नतमस्तक होकर मन्नतें मांगी। मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया ने बताया कि सावन-भादों का यह मेला हर मंगलवार, शनिवार और रविवार को विशेष पूजा और भंडारे के साथ मनाया जाता है।

### रावी के किनारे सटे गांवों में चलाया सर्च ऑपरेशन

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान। पठानकोट।** पंजाब पुलिस व आईटीबीपी फोर्स ने रावी नदी के किनारे लगते गांवों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अमरनाथ की चल रही यात्रा व सुरक्षा की दृष्टि के चलते रावी नदी के किनारे लगते गांव कथूवाल, सिंदोडी, हरूर, राजपुरा, माधोपुर के समीप सटे क्षेत्र व अन्य गांवों में पंजाब पुलिस के डीएसपी धार कर्ता सरदार लखविंदर सिंह के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र में लगभग साठ अधिकारियों व जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। डीएसपी ने बताया कि अमरनाथ यात्रा चल रही है। ऐसे में पूरे क्षेत्र में चौकसी बरती जा रही है, ताकि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति घुसपैठ न कर सके। वहीं, गुज्जरों के मुखियों को हिदायत दी कि यदि कोई अनजान व संदिग्ध व्यक्ति उनके डेरों पर आता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते पुलिस कार्रवाई कर सके।

### लोअर सुनेहत में 92 यूनिट रक्त एकत्रित



**अनंत ज्ञान, गरली।** संत निरंकारी मंडल चैरिटेबल फाउंडेशन ब्रांच बढ़लठोर ने रविवार को लोअर सुनेहत स्थित शनि पैलेस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जोन 37 के जोनल इंचार्ज डॉ. केसी धीमान और मनोज भारद्वाज अध्यक्ष ब्राह्मण सभा देहरा ने रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। टांडा मेडिकल कॉलेज की डॉ. गरिमा व उनकी टीम ने रक्त संग्रह का कार्य किया। 108 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया, जिनमें से 92 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

### मानव कल्याण संस्था शाहपुर ने की बैठक

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** मानव कल्याण संस्था शाहपुर की मासिक बैठक रविवार को संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीव पठानिया की अध्यक्षता में हुई। संस्था के महासचिव चंडीदत्त शर्मा ने बताया कि बैठक में मुक्तिधाम बरवाई में शवों की अंत्येष्टि के लिए बालन की व्यवस्था, शवों के विश्राम स्थल (मृतक विश्राम) के निर्माण के लिए स्थान चिन्हित करना, सहित नगर पंचायत शाहपुर के गठन के बाद की विगत चार साल की अवधि में किए विकास कार्यों का आकलन करने बारे चर्चा की गई। इस दौरान मेघनाथ शर्मा, सुभाष भारद्वाज, कमान राकेश शर्मा, सुरेश राणा, वित्त सचिव आदि ने भाग लिया।

### रोटरी क्लब धर्मशाला सिटी ने रोपे 100 पौधे

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** रोटरी क्लब धर्मशाला सिटी की ओर से रविवार को समीरपुर पंचायत, त्यारा में प्रधान रोहित शर्मा की अध्यक्षता में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रोटरी 3070 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नेक्स्ट रोटेरियन विजय सहदेव व उनकी धर्मपत्नी ने भाग लिया। रोटेरियन बीएस परमार, रोटेरियन विजय शर्मा, अजय शर्मा, समीरपुर पंचायत के प्रधान सुभाष व समीरपुर के रिटायर्ड स्कूल प्रोफेसर अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे। रोटरी क्लब धर्मशाला सिटी द्वारा हाईवे के किनारे करीब 100 पौधे रोपे।

### बास्केटबाल रेफरी कार्यशाला में बताए नियम

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश बास्केटबाल एसोसिएशन की ओर से स्पोर्ट्स हॉस्टल पपरोला में दो दिवसीय बास्केटबाल रेफरी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 42 रेफरियों ने भाग लिया। कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय रेफरी अनुपम शर्मा तथा प्रदेश बास्केटबाल रेफरी बोर्ड के अध्यक्ष संजय ठाकुर ने आधुनिक नियमों और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। पहले दिन प्रदेश बास्केटबाल संघ के चयन समिति के अध्यक्ष अशोक शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सोलन जिला बास्केटबाल संघ के सचिव राजकुमार पाल और प्रदेश रेफरी बोर्ड के सदस्य जगमोहन राणा भी उपस्थित रहे। दूसरे व अंतिम दिन बास्केटबाल के अंतरराष्ट्रीय कोच जन्म सिंह कटोच विशेष अतिथि पहुंचे और प्रतिभागियों को खेल की बारीकियों से अवगत कराया। इस सफल आयोजन के लिए स्पोर्ट्स हॉस्टल पपरोला के कोच सुरेश कुमार के योगदान की सराहना की गई। प्रदेश बास्केटबाल संघ के महासचिव मनीष शर्मा ने रेफरी बोर्ड को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

# एयरपोर्ट विस्तारीकरण: नौ राजस्व गांवों के अवार्ड डिक्लेयर, 5 के बाकी

## प्रभावितों को 409.25 करोड़ रुपए वितरित, अभी घोषित होना है आर एंड आर अवार्ड

**नौ गांवों की 46 फीसदी भूमि का अधिग्रहण पूरा**

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किए जा रहे कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। एयरपोर्ट विस्तार के लिए अधिग्रहण के लिए चिन्हित चौदह गांवों में से नौ राजस्व गांवों के अवार्ड डिक्लेयर हो चुके हैं, जबकि पांच गांवों के अवार्ड घोषित होना बाकी है।

अधिग्रहित की गई भूमि के एवज में 409.25 करोड़ रुपए का मुआवजा प्रभावितों को दिया जा चुका है, जबकि आर एंड आर वार्ड घोषित होना अभी शेष है। एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए चिन्हित चौदह गांवों में से 9 गांवों की 46 फीसदी भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। गौरतलब है कि कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। वर्तमान हवाई पट्टी जो कि 1376 मीटर की है, उसे बढ़ाकर 3010 किया जाना है, जिससे कांगड़ा एयरपोर्ट पर एयरबस लैंड कर सके। एयरपोर्ट के लिए 14 राजस्व गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया जाना है, जिसमें से 9 गांवों के अवार्ड डिक्लेयर हो गए हैं, जबकि 5 गांवों के अवार्ड डिक्लेयर होने हैं, जिनकी प्रक्रिया चल रही है। 9 राजस्व गांवों में भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, उसमें से 46 फीसदी भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। भूमि अधिग्रहण करने के लिए 410 करोड़ भूमि अधिग्रहण कलेक्टर कांगड़ा को दिए गए हैं, जिसमें से 409.25 करोड़ रुपए प्रभावितों को बांटे जा चुके हैं। अभी राहत एवं पुनर्वास (आर एंड आर) अवार्ड घोषित होना है। अभी मामला माननीय न्यायालय में भी चल रहा है, उसको ध्यान में रखते हुए प्रोसेस चलाया जा रहा है।



> कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए जारी 410 करोड़ रुपए में से 409.25 करोड़ रुपए प्रभावितों को वितरित किए जा चुके हैं, जबकि आर एंड आर अवार्ड घोषित होना बाकी है। चिन्हित नौ गांवों के अवार्ड घोषित हो चुके हैं, जबकि पांच के अवार्ड घोषित होना शेष हैं।
>
> **-विनय कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी, जिला कांगड़ा**

# नागरिक अस्पताल बैजनाथ में 24 घंटे होगी पानी की आपूर्ति : किशोरी



55000 लीटर पानी क्षमता के पेयजल टैंक का जायजा लेते विधायक किशोरी लाल।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**विधायक** किशोरी लाल ने कहा कि नागरिक अस्पताल बैजनाथ में 24 घंटे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस व्यवस्था के लिए रेस्ट हाउस के पास खाली जमीन पर 55000 लीटर क्षमता का पेयजल टैंक बनाया जा रहा है, जिसे एक महीने के भीतर चालू कर दिया जाएगा। टैंक के निर्माण का जायजा लेने पहुंचे विधायक ने कहा कि पिछले काफी लंबे समय से नागरिक अस्पताल में पेयजल की कमी खल रही थी इसी के मद्देनजर जल शक्ति विभाग द्वारा टैंक बनाया जा रहा है, जो अपने अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि खीर गंगा घाट में स्नानागार के साथ खाली जगह पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शेड बनाए जाएंगे, ताकि बारिश के मौसम में यहां आश्रय ले सकें। उन्होंने पूर्व विधायक को नसीहत दी है कि वे बैजनाथ में चल रहे विकास कार्यों में सार्थक रूप से अपना योगदान दें, न कि कटाक्ष करें। अपने विधायक कार्यकाल के समय लोगों को तो सुविधाएं मुहैया नहीं करवा सके।

## सालगिरह मुबारक



जुनाला (घुमारवीं) के बलदेव ठाकुर और उर्मिला देवी को 49वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### शिव महापुराण, महायज्ञ और रुद्राभिषेक 4 से

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जय मां कामाख्या देवी मंदिर में श्रावण मास के पावन अवसर पर 9 दिवसीय शिव महापुराण, महायज्ञ व रुद्राभिषेक का 4 अगस्त से लेकर 12 अगस्त तक जय मां कामाख्या देवी मंदिर बढ़ू दा वन हारसीपतन तहसील जयसिंहपुर में किया जाएगा। पंडित दयानंद शर्मा ने बताया कि कथावाचक पंडित संजय शास्त्री काशी धाम वाले इस अमृत वचनों से संगत पर अमृत वर्षा करेंगे। कथा श्रवण करने का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से लेकर सायं 4 बजे तक रहेगा।

## जॉब ट्रेनिंग युवाओं को ठगने का नया जाल : राकेश पठानिया

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा जॉब ट्रेनिंग की पॉलिसी को लेकर भाजपा हमलावर हो गई है और सरकार पर प्रदेश की युवाओं को ठगने के आरोप लगाए जा रहे हैं। पूर्व वन मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पठानिया ने जॉब ट्रेनी मामले पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि यह प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को ठगने का एक नया जाल है, यह एक नया शिगूफा है। फतेहपुर में मीडिया से बातचीत में पठानिया ने कांग्रेस से पूछा कि कहां है पांच लाख नौकरियां और साल की एक लाख नौकरी देने का वादा। उन्होंने कहा कि नौकरियों का मुद्दा न उठे, उसके लिए यह सरकार केवल युवाओं को ठगने और शोषित करने का काम करती है।



**कहा- कांग्रेस सरकार की कहां गईं पांच लाख नौकरियां**

लोकतंत्र और जनतंत्र के इतिहास में शायद कांग्रेस जैसी सरकार न कभी पहले आई और न आएगी। पठानिया ने कहा कि यह सरकार नए-नए शब्दों का प्रयोग करती है और युवाओं को ठगती है। वर्तमान जॉब ट्रेनिंग पॉलिसी के तहत पहले लगने के लिए एग्जाम देंगे फिर 2 साल बाद फिर एग्जाम देंगे। अनुबंध पर नियुक्ति प्रक्रिया को समाप्त कर दिया।

## आपदा को नजरअंदाज कर व्यक्तिगत हितों के पोषण में लगी सरकार : सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार पर जुबानी हमला बोला है। सुधीर ने कहा कि प्रदेश सरकार वित्तीय कुप्रबंधन के चलते वित्तीय संकट से गुजर रही है। सरकार प्रदेश में आई आपदा से हुए नुकसान को नजरअंदाज कर व्यक्तिगत हितों का पोषण कर रही है। प्रेस बयान में सुधीर ने कहा कि हिमाचल में रोपवे निर्माण वाली आरटीडीसी की हालत ही में मीटिंग हुई और शिमला रोपवे जो कि 13.79 किलोमीटर लंबा है और परवाणू से लेकर शिमला तक बनना है, उसके टेंडर बुलाने के लिए बीओडी ने अनुमति दे दी, जो कि अब कैबिनेट में पेश होगा। इसका टेंडर 1734 करोड़ का टेंडर हुआ और इसमें दो कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें एक भारत सरकार का उपक्रम थी। आरटीडीसी ने तकनीकी तौर पर भारत सरकार के उपक्रम को रिजेक्ट कर दिया और एक ही कंपनी रह गई। प्रदेश सरकार ने न्यू डेवलपमेंट बैंक के साथ अनुबंध किया है, जिसमें 80 फीसदी हिस्सा न्यू डेवलपमेंट बोर्ड का होगा, जबकि 20 फीसदी प्रदेश सरकार लगाएगी। नियमों के अनुसार कम से कम तीन कंपनियां हों और जो एलवन आए उसे टेंडर दीजिए, जिसे रोपवे लगाने का लंबा अनुभव रहा हो। पहाड़ों में रोपवे लगाना है, उसके लिए तो इंटरनेशनल बिडिंग से बाहर से निविदाएं लेकर ऐसा रोपवे बनाना चाहिए था। सुधीर ने आरोप लगाया कि सरकार बड़े टेंडरों के माध्यम से अपने आला नेताओं को खुश करने में लगी हुई है।



# पुली की रेलिंग में लगा दी जलशक्ति विभाग की पाइपें

**स्थानीय निवासी मनोज बोले- विकास कार्यों में की जा रही धांधली**

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** ब्लॉक लंबागांव की पंचायत अप्पर ठेहडू पुली की रेलिंग में जलशक्ति विभाग की पाइपें लगाने का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी मनोज गुलेरिया ने बताया कि गांव में पुली का निर्माण हुआ, जिसकी देखरेख उपप्रधान सुरजीत कुमार कर रहे थे। जब विभाग ने पुली का एस्टिमेट बनाया था, तो रेलिंग लगाने के साथ बनाया गया था। जब पुली तैयार हुई तो उसमें रेलिंग में जलशक्ति विभाग की पाइपें लगा दी, जो सरेआम धांधली है।

उन्होंने कहा कि हमें पुली बनने से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन विकास कार्यों में धांधली को जा रही है, उसका विरोध करते हैं। मनोज ने कहा कि जब उपप्रधान से इस बारे में पूछा तो वह गालियां देने पर उतारू हो गया। विभाग के जेई से बात की तो उन्होंने भी बदतमीजी की। उन्होंने कहा कि यह सब कार्य विभाग व उपप्रधान के मिलीभगत से सब कार्य हुआ है।

उन्होंने कहा कि एक अनजान नंबर से फर्जी आया, जो खुद को एसडीओ बता कर मुझे धमका रहा था। इंक्वायरी के डर से आनन-फानन ने पुली से पाइपें उखाड़ दीं। हमारे पास सब प्रूफ हैं। कनिष्ठ अभियंता राजीव ने बताया कि मैंने पाइपें नहीं दी हैं। सहायक अभियंता अमन ने बताया कि मुझे इन पाइपों के बारे में बताया गया है। पाइपें कहां से ली हैं, जिसकी छानबीन की जाएगी।



ठेहडू पंचायत में पुली की रेलिंग में लगाई गई जलशक्ति विभाग की पाइपें।

## एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



जम्मेश्वर महादेव युवा क्लब और ग्रामवासियों ने निभाई अपनी सहभागिता।

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**भारतीय** जनता युवा मोर्चा जयसिंहपुर के अध्यक्ष शिवा कटोच तथा जम्मेश्वर महादेव युवा क्लब अध्यक्ष दिव्यम शर्मा के सौजन्य से एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के उपाध्यक्ष साहिल चौधरी, सदस्य अंशुल संयल बादल स्याल, समीर चौधरी, सभी क्लब कार्यकर्ता, मातृशक्ति, बुजुर्गों तथा ग्रामवासियों ने सहभागिता निभाई। हर किसी ने मां के नाम पर एक हरियाली भरा तोहफा देकर इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर जम्मेश्वर महादेव युवा क्लब के अध्यक्ष दिव्यम शर्मा ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करता है, बल्कि यह लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव भी स्थापित करता है। हम भविष्य में भी इसी प्रकार के जागरूकता अभियान आयोजित करते रहेंगे।

## अक्षैणा में संजय चौहान ने सुनीं जनसमस्याएं

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अक्षैणा में रविवार को सरकार आपके घरद्वार कार्यक्रम के तहत प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने जनसमस्याओं को सुना।

अध्यक्ष ने समस्याओं का मौके पर निपटारा किया। चौहान ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जनता द्वारा बताई गई समस्याएं पिछले 6-7 साल से लंबित थीं और भाजपा के कार्यकाल पर कोई तव्वजो न देकर जनता को रोने बिलखने के लिए छोड़ दिया गया।

सुलह में मौजूदा भाजपा विधायक की कोई रुचि नहीं है और वह सुलह जनता की आवाज सुनकर दूसरी विधानसभाओं में भ्रमण कर रहे हैं। संजय ने युवक मंडलों की उपस्थिति को सराहा। 200 युवकों को देख खूद प्रोत्साहित भी हुए और कहा कि जल्द अच्छे खिलाड़ियों को जिला और प्रदेश स्तरीय टीमों और कमेटियों में भेजा जाएगा, ताकि आने वाले समय में सुलह का नाम रोशन हो सके।

# मां ज्वाला के दर उमड़ा आस्था का सैलाब



श्रावण मेले के तीसरे दिन ज्वालामुखी शक्तिपीठ में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान**

**ज्वालामुखी।** श्रावण मेले के तीसरे दिन ज्वालामुखी शक्तिपीठ में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। दूसरे मेले में मंदिर में 5 लाख 98 हजार 14 रुपए का चढ़ावा चढ़ाया गया, जिसकी जानकारी मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने दी। करीब 20 हजार श्रद्धालुओं ने तीसरे मेले में ज्वाला के दर्शन किए। शहरभर में भारी चहलपहल रही और लंगर समितियों द्वारा दिन-रात भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई, जहां श्रद्धालुओं ने तरह-तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं, मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर भी व्यापक प्रबंध किए हैं।

शहर को 6 सेक्टरों में बांटा गया है और पुलिस बल के साथ-साथ वालंटियर्स भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे व चेक पोस्ट लगाए गए हैं।

## शाहपुर में विकास कार्यों पर 4 करोड़ रुपए खर्च : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड नंबर एक में स्थापित विद्युत संचालित नलकूपों के लोकार्पण पर शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि बीते ढाई वर्षों में नगर पंचायत क्षेत्र में करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकासात्मक परियोजनाएं पूर्ण की गई हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 14 विद्युत संचालित हैंडपंप स्थापित किए जा चुके हैं तथा 13 और हैंडपंप शीघ्र लगाए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र में 14 वाटर कूलर भी लगाए जा चुके हैं। विधायक ने यह भी जानकारी दी कि आगामी दिनों में नगर पंचायत क्षेत्र में 65 नए कार्यों की शुरुआत की जाएगी, जिन पर 2.50 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत के पार्षदों की ओर से आपदा राहत कोष के लिए 21,000 का चेक भेंट किया गया।

## जनता ने हक के लिए किया विरोध : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने सराज में लोगों द्वारा मंत्री का विरोध करने पर कहा कि यह लोकतंत्र है और लोकतंत्र में जनता को अधिकार है कि वह गलत का विरोध करें। उन्होंने कहा कि जब मंत्री ने यह कहा कि जब कांटा जयराम के पैर में चुभेगा, तब उन्हें आपदा का पता चलेगा। सराज में लोगों की मौत हुई है, जो घर तबाह हो गए हैं, क्या उस मंत्री खुश हैं, जो आज कॉलेज को बदलने की बात कर रहे हैं। जनता ने जो विरोध किया है, वह हक के लिए किया है, उसे केवल भाजपा का नाम दे देना साजिश बता देना इतना काफी नहीं है। मंत्री फिर से जनता के बीच जाएं और देखें कि हर वर्ग उनका विरोध कर रहा है और संस्थान बंद का विरोध दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हो रहा है, जब मंत्री विकास के स्थान पर विनाश कर रहे हैं। सराज की ईमानदार, कर्मठ जनता ने बता दिया है कि तानाशाही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि जो हक जिस क्षेत्र का है उसको मिलकर रहेगा। सरकार जितना मर्जी जोर लगा ले, जो संस्थान खुल गए हैं, उन्हें बंद नहीं होने दिया जाएगा, न ही शिफ्ट होने दिया जाएगा। भाजपा की सरकार सत्ता में आने पर न्याय करेगी।



# सेब सीजन में सड़कों और जरूरी सुविधाओं को रखें सुचारु : रोहित



नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में जाते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में सेब सीज़न शुरू हो चुका है। इसे देखते हुए उन्होंने सभी शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मानसून के दौरान सड़कों और अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुचारु रूप से चलाया जाए। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि बागवानों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े और उनकी फसल समय पर बाजार तक पहुंच सके।

ठाकुर ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आज के इस आधुनिक युग में जहां हमें नई तकनीकों और वैज्ञानिक खोजों के साथ आगे बढ़ना है, वहीं यह भी बेहद ज़रूरी है कि हम अपनी मूल संस्कृति से जुड़े रहें ताकि हमारी महान विरासत जीवंत रह सके।

### मां के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में लिया भाग

**शिक्षा** मंत्री आज कोटखाई उपमंडल के अंतर्गत उपरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाघी में अड़ियाला स्थित कोट काली माता के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए और माता का आशीर्वाद लिया।

# जुब्बल-कोटखाई को मिलेगा पर्यटन में नया आयाम

## केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मिले चेतन बरागटा, क्षेत्र को पर्यटन सर्किट बनाने का आग्रह

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश के सुरम्य जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र को अब एक नई पहचान मिलने वाली है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट कर इस इलाके को भारत सरकार की पर्यटन योजनाओं के तहत एक नए पर्यटन सर्किट के रूप में घोषित करने का जोरदार आग्रह किया है।

बरागटा ने मंत्री को बताया कि जुब्बल-नावर-कोटखाई, प्रकृति की अनुपम छटा, आध्यात्मिकता, समृद्ध संस्कृति और रोमांचक साहसिक गतिविधियों का एक अद्वितीय संगम है। यह क्षेत्र शिमला के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बेहद करीब होने के बावजूद, अब तक वह विकास नहीं देख पाया जिसका यह हकदार है। उन्होंने जोर दिया कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं जिन्हें सही योजनाओं और निवेश से वास्तविक रूप दिया जा सकता है। बरागटा ने मंत्री को क्षेत्र के उन अद्भुत पर्यटन स्थलों से विस्तार से अवगत कराया, जो पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि बाघी में सेब के हरे-भरे बागानों के बीच पारंपरिक पहाड़ी जीवन का असली अनुभव लिया जा सकता है, जबकि गनासिधार (टुटू पानी) होमस्टे के लिए तैयार एक शानदार इको डेस्टिनेशन है। रोमांच और एडवेंचर के शौकीनों के लिए छराड़ू धार, देवरीघाट और चुंजर पैराग्लाइडिंग, कैंपिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग हैं। इसी तरह, गरावग प्रसिद्ध कुप्पड़ टॉप ट्रेकिंग का आधार है और इसमें इको स्टे की अपार संभावनाएं हैं। थरमला और शमुखर घने जंगलों में ट्रेकिंग और प्रकृति के बीच शांत सैर के लिए आदर्श स्थल हैं। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की बात करें तो, हाटकोटी में प्रसिद्ध मां हाटेश्वरी मंदिर है, जो एक प्रमुख शक्तिपीठ है और भक्तों को शांति प्रदान करता है। गिरि गंगा वन क्षेत्र में स्थित एक अत्यंत शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक स्थल है। प्राकृतिक दृश्यों और ट्रेकिंग के लिए खड़ा पत्थर मनमोहक दृश्यों के साथ रोमांचक ट्रेकिंग का आधार है, और कुप्पड़ टॉप ऊंचे हिमालयी क्षेत्र में ट्रेकिंग और कैंपिंग के लिए एक विश्व-प्रसिद्ध गंतव्य है।

जल क्रीड़ाओं की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए बरागटा ने कहा कि पब्बर नदी (हाटकोटी) में एंगलिंग, कायकिंग व अन्य रोमांचक जलक्रीड़ाओं के साथ-साथ ईको-पर्यटन की व्यापक संभावनाएँ मौजूद हैं, जिन्हें उचित बुनियादी ढांचे के साथ विकसित किया जा सकता है।

### स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत नया पर्यटन सर्किट घोषित करने का अनुग्रह

**चेतन** बरागटा ने जुब्बल-नावर-कोटखाई के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें केंद्रीय मंत्री के सामने रखीं। उन्होंने आग्रह किया कि जुब्बल-नावर-कोटखाई को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वदेश दर्शन 2.0' योजना के तहत एक नया पर्यटन सर्किट घोषित किया जाए।

### मां हाटेश्वरी मंदिर को प्रसाद योजना में शामिल कर मिले विकास को गति

**इसके** अतिरिक्त, हाटकोटी स्थित मां हाटेश्वरी मंदिर को 'प्रसाद' योजना में शामिल कर इसके विकास को गति दी जाए, जिससे यह धार्मिक पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सके।



केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करते चेतन सिंह बरागटा।

### रोजगार के मिलेंगे अवसर

**बरागटा** ने होमस्टे, ट्रेकिंग, पैराग्लाइडिंग और नदी पर्यटन से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास के लिए विशेष निवेश और प्रशिक्षण कार्यक्रम तुरंत शुरू करने का आह्वान किया, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे व पर्यटन को बढ़ावा मिले।

### शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन

**केंद्रीय** मंत्री ने पर्यटन विकास के लिए शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बरागटा के इन दूरदर्शी सुझावों को अत्यंत सहानुभूतिपूर्वक सुना और क्षेत्र के पर्यटन विकास के लिए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** विभागीय आदेशों के अनुसार हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम के होटल बुशहर रीजेंसी में आज रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। इस शिविर में हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम के किन्नर कैलाश होटल कल्पा, श्रीखंड होटल सराहन के अलावा हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। होटल बुशहर रीजेंसी के प्रबंधक अशोक शर्मा ने बताया कि इस दौरान 25 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

रक्त एकत्रीकरण में महात्मा गांधी चिकित्सा सेवाएं परिसर के डॉक्टर संदीप नेगी, लैब टेक्नीशियन दिनेश, स्टाफ नर्स संदीपना तथा लायक राम ने सहयोग किया। इस मौके पर सहायक जनरल मैनेजर विपिन जिष्टु विशेष तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने लोगों का आवाहन करते हुए कहा कि सभी लोग बढ़-चढ़कर रक्तदान करने के लिए आगे आए।

# कार धोखाधड़ी मामले में केस दर्ज, जांच शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के कसुम्पटी क्षेत्र में एक कार धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति पर विश्वास का दुरुपयोग कर दूसरे की गाड़ी हड़पने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता विशाल सूद की शिकायत के आधार पर, छोटा शिमला थाने में सुशील राणा नामक व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

शिकायतकर्ता विशाल सूद, जो कसुम्पटी, शिमला के निवासी हैं, ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2021 में उन्होंने अपनी निजी गाड़ी एचपी 01एस-0858 (मारुति ईको) आरोपी सुशील राणा को अस्थायी रूप से चलाने के लिए दी थी। उस समय विशाल सूद कुछ मानसिक और पारिवारिक कारणों से शिमला से बाहर थे। सूद का आरोप है कि कसुम्पटी निवासी सुशील राणा ने न तो तय समय पर गाड़ी लौटाई और न ही मालिक की अनुमति के बिना उसका कोई कानूनी उपयोग किया।

विशाल सूद के अनुसार, उन्होंने कई बार फोन, मैसेज और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से सुशील राणा से अपनी गाड़ी वापस लेने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। लगभग 7 लाख रुपये की कीमत वाली इस गाड़ी के सभी जरूरी दस्तावेज भी सुशील राणा को दिए गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

# अनुबंध सेवाकाल को ओपीएस में शामिल न करना कर्मियों के साथ अन्याय : कुशाल

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश नई पेंशन योजना (ओपीएस) कर्मचारी महासंघ जिला शिमला अध्यक्ष कुशाल शर्मा ने जारी एक बयान में कहा कि अनुबंध सेवाकाल को पेंशन के लिए न गिना जाना ओपीएस को पूर्णतः लागू किए जाने की राह का रोड़ा बन रहा है। पेंशन सिर्फ एक वितीय लाभ नहीं, अपितु कर्मचारी को बुढ़ापे में दी जाने वाली सामाजिक सुरक्षा से भी जुड़ा मामला है।



एनपीएस कर्मचारी महासंघ जिला शिमला अध्यक्ष कुशाल शर्मा सहित महासचिव नारायण सिंह हिमराल वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कधारी, महिला विंग अध्यक्षा सुनीता मेहता महासचिव रंजना शेखरी, रमेश सामरा खंड प्रधान कमल शर्मा, अशोक मेहता, कंवर शर्मा, दिनेश ठाकुर, दीप राम शर्मा, तोता राम, बेली राम, कुशाल ठाकुर, मनमोहन सिंह पठानिया, चमन शोनटू, मुनी लाल दिनेश गाजटा, बसंत खनान, राकेश कथलेक, सुरेंद्र चौहान वीना चौहान सरला बरसंटा ने मांग की है।

फलस्वरूप सर्वोच्च न्यायालय ने दैनिक भोगी सेवाकाल के अनुपातिक समय और अनुबंध के पूरे सेवाकाल को पेंशन के लिए गिने जाने के पक्ष में निर्णय दिया है। लिहाजा अब नए अधिनियम को पुरानी तिथि से लागू कर कर्मचारियों को पेंशन विहीन कर देना न्यायसंगत नहीं होगा। लिहाजा अब अनुबंध सेवाकाल को पुरानी पेंशन के लिए न गिने जाने से उन कर्मचारियों को दोहरा नुकसान होगा।

जिला शिमला अध्यक्ष कुशाल शर्मा ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि अनुबंध सेवा शर्तों से संबंधित अधिनियम में संशोधन कर अनुबंध सेवाकाल को पुरानी पेंशन हेतु अवश्य गिना जाए।

# सीमा कॉलेज व जेटकिंग चंडीगढ़ लर्निंग सेंटर के बीच हुआ एमओयू



**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा (रोहड़ू) ने तकनीकी शिक्षा व डिजिटल स्किल्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेटकिंग चंडीगढ़ लर्निंग सेंटर के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के तहत जेटकिंग चंडीगढ़ लर्निंग सेंटर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को वेब डिजाइनिंग, कोरल ड्रा, पायथन और कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन से संबंधित अन्य प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम न्यूनतम शुल्क में उपलब्ध करवाएगा। इसके अतिरिक्त छात्रों को क्लाऊड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण हाइब्रिड मोड में आयोजित होगा। जिससे छात्रों को ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरीकों से सीखने का अवसर मिलेगा।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने इस अवसर पर कहा कि इस समझौते से हमारे छात्रों को आईटी क्षेत्र में व्यावसायिक दक्षता हासिल करने का अवसर मिलेगा। यह एमओयू हमारे विद्यार्थियों के लिए भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा और उन्हें डिजिटल दुनिया की मांगों के अनुरूप तैयार करेगा।

यह समझौता दो वर्षों के लिए मान्य रहेगा और यह पहल महाविद्यालय की तकनीकी शिक्षा को सुदृढ़ करने एवं विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहेगा।

# राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भेजेंगे 10 करोड़ से अधिक के दो प्रस्ताव : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**जिला** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला ने 10.39 करोड़ से अधिक के दो प्रस्तावों को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की स्वीकृति के लिए भेजने का निर्णय लिया है। यह फैसला उपायुक्त ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में लिया। प्रस्ताव के तहत रोहड़ू क्षेत्र में पब्बर नदी और इसकी सहायक नालों की जियो टैगिंग से संबंधित है। 1.83 करोड़ की लागत से पब्बर नदी के बाढ़ संभावित क्षेत्र की मैपिंग और जियो टैगिंग की जाएगी। इसमें नालों में पानी की वर्तमान स्थिति और बाढ़ संभावित क्षमता का अध्ययन शामिल है, ताकि आपदा के प्रभाव को कम किया जा सके। यह प्रस्ताव बाढ़ प्रबंधन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

दूसरे प्रस्ताव के तहत कार्ट रोड से अन्नाडेल तक सड़क विस्तारीकरण का है, जिसके लिए 8.55 करोड़ आवंटित किए जाएंगे। इस परियोजना में प्रोटेक्शन वॉल, क्रॉस ड्रेनेज, रोड साइड ड्रेनेज, क्रैश बैरियर और मेटलिंग जैसे कार्य प्रस्तावित हैं।



उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

# भाजपा के लिए कंगना सेलिब्रिटी नहीं संकट बन गई : सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया समन्वयक संदीप सांख्यान ने कहा कि मंडी से सांसद बनीं कंगना रनौत अब भाजपा के लिए 'सेलिब्रिटी' नहीं, बल्कि 'संकट' बन गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने कंगना को कांग्रेस के खिलाफ एक स्टार चेहरा बनाकर उतारा था, लेकिन उनके विवादित बयानों ने पार्टी की छवि को गहरी चोट पहुंचाई है। उन्होंने कंगना के लोकसभा के बाहर दिए गए बयान 'पाकिस्तान से चिट्टा हिमाचल पहुंच रहा है' को देश की आंतरिक सुरक्षा पर सीधा हमला बताया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब सीमाएं इतनी असुरक्षित हो गई हैं कि कोई भी कुछ भी लेकर भारत में घुस सकता है? उन्होंने पूछा कि कंगना द्वारा 'पंजाब के गांव चिट्टे से विधवा हो गए हैं' जैसे अपमानजनक बयान पर भाजपा की महिला नेत्रियां और प्रदेश नेतृत्व चुप क्यों हैं। कंगना का यह कहना कि उन्हें 'साल में सिर्फ 60-70 दिन ही काम करना है, इस बात का सबूत है कि वह राजनीति के लिए गंभीर नहीं हैं और उन्हें सिर्फ दिखावे के लिए आगे लाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की आंतरिक गुटबाजी और कमजोर नेतृत्व की वजह से कंगना जैसे नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही।



# बिलासपुर में नंबरदारों की समस्याओं पर मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर नंबरदार जनकल्याण संघ की बैठक जिला प्रधान लच्छूराम ठाकुर की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिक सभागार में आयोजित की गई। इसमें नंबरदारों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी तहसीलों व उपतहसीलों के नंबरदारों ने भाग लिया और अपने अपने विचार रखे। बैठक में अखिल भारतीय नंबरदार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत राम चैधरी भी विषेश रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ जिला सोलन से राजेंद्र ठाकुर, नरेश लाल, वीर सिंह, सवरण सिंह, होशियार सिंह, दिनेश शर्मा, बाबूराम ठाकुर, अनंत राम, पवन शर्मा, कृष्णुराम, राजकुमार, प्रकाश चंद, बाबूराम, प्रेम लाल चैहान, चमन लाल, भूपेंद्र सिंह, संजीव कुमार, अरविंद ठाकुर, ज्ञान चंद सहित करीब 80 नंबरदारों ने बैठक में भाग लिया। बैठक में नंबरदारों ने मुख्यमंत्री राहतकोष में एक-एक हजार रुपए देने का निर्णय लिया।

## लंझता बूथ में सुना मन की बात का कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के बूथ 40, लंझता में 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने की। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य नागरिकों की भागीदारी रही, जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की भावना को पुनः सशक्त करते हुए 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को मजबूती से दोहराया। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक समृद्धि और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के लिए स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है।

# स्वदेशी उत्पाद अपनाकर ही देश बनेगा विश्व की दूसरी अर्थव्यवस्था : सतीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**स्वदेशी** सुरक्षा एवं स्वावलंबन भारत अभियान की प्रांतीय बैठक मंच के अखिल भारतीय सह संगठक सतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रदेशभर से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सतीश ने कहा कि अब समय आ गया है कि देश में स्वदेशी और स्वावलंबी अभियान के प्रमुखता से चलाया जाए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश विरोधी चेहरों को बेनकाब कर दिया है।

पड़ोसी देशों ने भारत को आर्थिक तौर पर क्षति पहुंचाने का भरसक प्रयास किया है। देश को स्वदेशी उत्पादों को आम जन तक पहुंचाने लिए मंच के प्रांत कार्यकर्ता स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान चलाकर आम जनता के बीच अलख जगाना है, ताकि आमजन स्वदेशी उत्पादों को खरीद कर उपयोग करें, जिससे देश विश्व की दूसरी अर्थव्यवस्था को बन सके।

देश में बेरोजगारी दूर करने के लिए एकमात्र उपाय कुटीर उद्योग धंधों पर ध्यान देना होगा। बेरोजगार युवा सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए कुटीर उद्योग लगाएं। इससे युवा वर्ग रोजगार युक्त होकर और अपनी आजीविका चलाने में स्वावलंबी बन सकेंगे। स्वावलंबी भारत अभियान के कार्यक्रम को पूर्णतया सफल बनाने के लिए प्रत्येक जिला स्तर पर रोजगार सृजन कार्यालय खुलवाना अति आवश्यक है। इससे युवा वर्ग को रोजगार स्थापित करने में आने वाली कठिनाइयों में रोजगार सृजन कार्यालय मददगार साबित होगा। स्वदेशी जागरण मंच ने सभी देशवासियों से सामान्य रूप से सभी विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने का आह्वान किया। चीनी और तुर्की वस्तुओं का बिलकुल बहिष्कार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रियासर करवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किस्मत कुमार ने दांतोपंथ ठेंगड़ी व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संघ को दिए योगदान पर प्रकाश डाला। स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने लोगों को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने और विदेशी सामान का बहिष्कार करने के लिए अभियान आरंभ किया है।

# डीसी ने बाबा बालक नाथ मंदिर के विकास कार्यों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार ने शाहतलाई स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना एवं हवन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे विभिन्न विकास एवं जीर्णोद्धार कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। डीसी ने बताया कि बाबा बालक नाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार पर लगभग 2.75 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। इस परियोजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्रवेश एवं निकासी द्वारों का निर्माण किया जा रहा है। समस्त कार्य चरणबद्ध ढंग से संपन्न किए जाएंगे, ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी एक वर्ष के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। उपायुक्त ने चरण गंगा नदी के किनारे एक सुनियोजित स्नान घाट के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित स्नान सुविधा प्राप्त होगी।

# राकेश ने संभाला अधिशाषी अभियंता का कार्यभार

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** लोक निर्माण विभाग झंडूता में अधिशाषी अभियंता के रूप में राकेश शर्मा ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद राकेश शर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में चल रहे सभी कार्य समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं और जनता से संबंधित कोई भी कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

# अमरोहा जाने वाले लिंक रोड की हालत दयनीय



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** आनंद घाट से अमरोहा को जोड़ने वाले लिंक रोड की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। स्थानीय निवासी नंदलाल कपिल ने बताया कि इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पड़े हुए हैं, जो बरसात के मौसम में पानी से भर जाते हैं। इससे न केवल वाहन चालकों को परेशानी हो रही है, बल्कि पैदल यात्रियों के लिए भी यह रास्ता खतरनाक बन गया है। नंदलाल ने प्रशासन और विभाग से इस सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है। अधिशाषी अभियंता झंडूता राकेश शर्मा ने बताया कि मैं जल्द लिंक रोड का निरीक्षण करूंगा, जो भी उचित कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।

# अनुबंधकाल की पेंशन गणना से इनकार दुर्भाग्यपूर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नई पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ के जिला प्रधान राजेंद्र कुमार ने शिक्षा विभाग द्वारा एक जून, 2025 को जारी उस पत्र पर तीखी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें अनुबंध कार्यकाल को पेंशन की गणना से बाहर रखने की बात कही गई है। उन्होंने इसे कर्मचारियों के हितों के साथ सीधा विश्वासघात बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं पहले स्पष्ट कर चुके हैं कि अनुबंधकाल को पेंशन के लिए जोड़ा जाएगा, लेकिन अब विभागीय स्तर पर इसके विपरीत निर्णय लेकर हजारों कर्मचारियों के पेंशन मामलों को ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने चिंता जताई कि कई कर्मचारी पहले ही एनपीएस खाते में लाखों रुपए ट्रेजरी के माध्यम से जमा करवा चुके हैं। वह भी कई बार बैंक से लोन लेकर। ऐसे में अब इस तरह का पत्र जारी करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और असंवेदनशील निर्णय है।

# मुख्य अध्यापक संजीव वर्मा ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गागल सीमेंट अडानी फाउंडेशन की ओर से प्राथमिक स्कूल धौन कोठी, पंजगाईं और थड मनाल में वाटर कूलर, शीतल पेयजल टंकियां एवं अन्य आवश्यक उपकरण लगाए गए हैं, जिससे बच्चों को गर्मी के मौसम में साफ और ठंडा पानी पीने की सुविधा मिल सकेगी। धौन कोठी स्कूल के मुख्य अध्यापक संजीव वर्मा ने अडानी फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य बच्चों के स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इससे बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

# फोरलेन से बिलासपुर का व्यापार प्रभावित

## जिला प्रधान नरेंद्र की अध्यक्षता में हुई व्यापार मंडल की बैठक



परिधि गृह में आयोजित बैठक में उपस्थित बिलासपुर व्यापार के जिला प्रधान व अन्य सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**फोरलेन** सड़क के कारण बिलासपुर शहर का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इससे न केवल छोटे व्यापारियों बल्कि बड़े दुकानदारों की भी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है।

व्यापारिक दृष्टिकोण से यह समस्या गंभीर होती जा रही है और इसके समाधान की मांग को लेकर व्यापारी संगठनों ने सक्रियता बढ़ा दी है। इसको लेकर बिलासपुर व्यापार मंडल की बैठक परिधि गृह में जिला प्रधान नरेंद्र पंडित की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया कि 24 अगस्त को व्यापार मंडल की वार्षिक आम सभा आयोजित की जाएगी। इसके लिए शीघ्र ही समितियों और उपसमितियों का गठन किया जाएगा। महासचिव तरुण टाडू जॉन ने कहा कि फोरलेन के निर्माण से बिलासपुर शहर से होकर गुजरने वाला व्यापारिक आवागमन लगभग समाप्त हो गया है, जिससे स्थानीय बाजारों की रौनक फीकी पड़ गई है। इस समस्या को लेकर व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिला है। प्रतिनिधिमंडल ने बिलासपुर की वर्तमान व्यापारिक स्थिति से अवगत कराते हुए गोबिंदसागर झील झील पार के क्षेत्रों से शहर की कनेक्टिविटी बेहतर करने की मांग की।

# बिलासपुर में जिला मेडिकल डिसएबिलिटी बोर्ड का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में दिव्यांगजन को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के उद्देश्य से एक दिवसीय चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए जिला मेडिकल डिसएबिलिटी बोर्ड का गठन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉ. शशि दत्त शर्मा की अध्यक्षता में किया गया है। यह शिविर 1 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे से अंतिम लाभार्थी के परीक्षण तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षण का स्थान कक्ष संख्या-203, न्यू ओपीडी कांप्लेक्स, क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर रहेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस बोर्ड में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं अधिकारियों को नामित किया गया है, जिनमें शिशु रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, जनरल सर्जन, अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन विशेषज्ञ, मनोरोग विशेषज्ञ तथा क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट शामिल हैं। दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी और त्वरित बनाने के उद्देश्य से यह बोर्ड गठित किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी संबंधित लाभार्थियों से निर्धारित तिथि को समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है तथा अपने सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने को भी कहा है।

**एक अगस्त को बिलासपुर में होगा दिव्यांगजनों का परीक्षण**

# संस्कार सोसायटी ने आपदा पीड़ितों के लिए भेंट किया 63 हजार रुपए का चेक



सोसायटी के संस्थापक महेंद्र ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम को चेक सौंपा।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संस्कार सोसायटी घुमारवीं ने मंडी जिले में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए 63 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। यह राशि पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को चेक के माध्यम से भेंट की गई। चेक को संस्कार सोसायटी के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने सौंपा। इस अवसर पर जय राम ठाकुर ने संस्था के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में इस प्रकार के सहयोग समाज को मजबूती प्रदान करते हैं।

महेंद्र ने बताया कि मंडी क्षेत्र में बाढ़ से व्यापक तबाही हुई है और कई परिवारों को अपना घर, रोजगार व जीवन का साधन खोना पड़ा है। ऐसे समय में हर सक्षम नागरिक व संस्था का यह कर्तव्य बनता है कि वे यथासंभव मदद के लिए आगे आएं। संस्कार सोसायटी ने इसी सोच के साथ यह छोटा सा प्रयास किया है।

# नगर परिषद क्षेत्र में संपत्तियों की जियो टैगिंग शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर परिषद बिलासपुर के 11 वार्डों में सभी प्रकार की संपत्तियों की जियो टैगिंग का कार्य शुरू हो गया है। यह अभियान सरकार के निर्देश पर आर्यभट्ट जियोइन्फॉर्मेटिक्स स्पेस एप्लीकेशन केंद्र शिमला द्वारा नगर परिषद के सहयोग से चलाया जा रहा है। इस सर्वेक्षण के तहत सरकारी, निजी, सहकारी और सार्वजनिक संपत्तियों की भौगोलिक और संरचनात्मक जानकारी एकत्र की जा रही है, जिसे डिजिटल प्रणाली में दर्ज किया जाएगा। इससे नगर प्रबंधन व विकास योजनाओं में पारदर्शिता आएगी और शहर की योजनाएं अधिक व्यवस्थित ढंग से लागू हो सकेंगी। इस कार्य को 13 फील्ड सहायक घर-घर जाकर पूरा कर रहे हैं। नगर परिषद ने सभी नागरिकों, संपत्ति मालिकों और संस्थानों से अपील की है कि वे इस कार्य में पूरा सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

# डियारा सेक्टर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** रोटरी क्लब बिलासपुर द्वारा बिलासपुर नगर परिषद के डियारा सेक्टर स्थित टाउन हाल में प्राकृतिक चिकित्सा व कंपन चिकित्सा का 4 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व इलाज शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ रोटरी क्लब के प्रधान संजीव वात्स्यायन, क्लब सचिव नरेंद्र खन्ना ने किया। शिविर में राजस्थान के राम मनोहर लोहिया आरोग्य संस्थान के चिकित्सक एसएस लोहिया के नेतृत्व में आई विशेषज्ञों की टीम प्राकृतिक तरीकों, एक्यूप्रैशर, चुंबकीय चिकित्सा विधि आदि से मरीजों का इलाज कर रही है। इस टीम में थैरेपिस्ट नवीन, हरीश व अश्विनी शामिल हैं। शिविर के प्रथम दिन 60 से अधिक लोगों ने पहुंच कर इस विशिष्ट चिकित्सा थैरेपी से अपना इलाज करवाया। यह शिविर 30 जुलाई तक चलेगा।

# अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले का आगाज

## राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने श्री लक्ष्मी नारायण को मिंजर अर्पित कर मेले का किया विधिवत उद्घाटन

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज चंबा में अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि अपने एक हजार वर्षों के गौरवमयी कालखंड का साक्षी जिला चंबा अपने नैसर्गिक सौंदर्य व समृद्ध लोक कला-संस्कृति के लिए जाना जाता है। अपनी समृद्ध परंपराओं के लिए प्रसिद्ध ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला प्रदेश की अनूठी संस्कृति का प्रदर्शन करने के साथ सामाजिक सद्भाव को भी बढ़ावा देता है।



कार्यक्रम में लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उपस्थित थीं। शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेशवासियों को विजय के प्रतीक माने जाने वाले मिंजर मेला-2025 की शुभकामनाएं देते हुए लोगों को उनकी प्रसन्नता और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने लोगों से पारंपरिक लोक संस्कृति व सामाजिक सौहार्द को संरक्षित रखने का आह्वान भी किया।

राज्यपाल ने नशीले एवं मादक पदार्थों के बढ़ते प्रचलन को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इस सामाजिक बुराई के खिलाफ सामूहिक जागरूकता पर बल देते हुए युवाओं को इस बुराई से दूर रहने का परामर्श दिया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलवाई गई। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान नशे जैसी सामाजिक बुराई का प्रभावी संदेश देने के लिए जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राज्यपाल ने इससे पहले भगवान श्री रघुवीर एवं श्री लक्ष्मी नारायण को मिंजर अर्पित की। उन्होंने पारंपरिक कूंजड़ी-मल्हार की मधुर स्वर लहरियों के साथ ध्वजारोहण कर मिंजर मेला-2025 का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने मिंजर मेला खेलकूद प्रतियोगिताओं तथा विभिन्न विभागों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और उसमें गहरी रुचि दिखाई।

### हिमाचली संस्कृति, कला और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है मिंजर मेला

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को किया सम्मानित

शिव प्रताप शुक्ल ने संपूर्णता अभियान के अंतर्गत जिला एवं उप-मंडल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। राज्यपाल को नगर परिषद की अध्यक्षा नीलम नैय्यर ने मिंजर भेंट की। शिव प्रताप शुक्ल को मिंजर मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने सम्मानित किया। मुकेश रेपसवाल ने कहा कि समिति द्वारा सांस्कृतिक संध्याओं के आयोजन में हर वर्ग की रुचि का ध्यान रखा गया है। चंबा जिला सहित प्रदेश के अन्य जिलों के कलाकारों को भी 8 दिनों तक चलने वाले इस मेले में अपनी प्रस्तुतियां देने का मौका मिलेगा।

### ये रहे उपस्थित

**इस** अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उनकी धर्मपत्नी नीना पठानिया, विधायक नीरज नैय्यर, डॉ. हंस राज, डीएस ठाकुर और डॉ. जनक राज, अध्यक्ष जिला कृषि उपज एवं विपणन समिति ललित ठाकुर, राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, नगर परिषद के पार्षद, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित थे।

# चंबा की बेटी ने दुनिया को दिखाया दमखम

## सीमा ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों में रजत पदक जीतकर रचा इतिहास

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** प्रदेश की शांत वादियों से निकली एक बेटी ने दुनिया के ट्रैक पर भारत का परचम लहराया है। विधानसभा क्षेत्र चुराह की ग्राम पंचायत झुलाड़ा के गांव टेटा से संबंध रखने वाली अंतर्राष्ट्रीय धाविका सीमा, जिन्हें खेल जगत 'उड़नपरी सीमा' के नाम से जानता है, ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय देते हुए इतिहास रच दिया।

सीमा ने जर्मनी के राइन-रूहर में 16 से 27 जुलाई तक आयोजित विश्व विश्वविद्यालय खेल 2025 में महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ के फाइनल में शानदार प्रदर्शन कर 26 जुलाई को रजत पदक अपने नाम किया। इस मुकाबले में उन्होंने मात्र 15 मिनट 35.86 सेकंड का बेहतरीन समय दर्ज कर दुनिया की शीर्ष धाविकाओं को पीछे छोड़ा। यह उपलब्धि इसलिए और खास हो जाती है क्योंकि सीमा इस स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गई हैं।

### गांव से विश्व पटल तक का प्रेरणादायक सफर



**सीमा** की सफलता एक दिन की कहानी नहीं है। चंबा के दुर्गम इलाके से निकलकर उन्होंने अथक मेहनत, संघर्ष और जुनून के दम पर यह मुकाम हासिल किया। 2022 में गुजरात के गांधीनगर में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में उन्होंने 10,000 मीटर में स्वर्ण और 5000 मीटर में रजत पदक जीतकर पहली बार देशभर में अपनी पहचान बनाई थी।



### देश के लिए गर्व का क्षण

**सीमा** की इस ऐतिहासिक जीत पर पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि सीमा ने न केवल हिमाचल बल्कि पूरे भारत का मान बढ़ाया है। यह उपलब्धि उन तमाम खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है जो छोटे-छोटे गांवों से निकलकर बड़े सपने देखते हैं। सीमा ने साबित कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत और संकल्प से पहाड़ों की संकरी पगडंडियों से निकलकर भी विश्व के ट्रैक पर तिरंगा लहराया जा सकता है।

# मिंजर मेले में गूंजा युवा स्वर नशामुक्ति का लिया संकल्प



अनंत ज्ञान, चंबा

**अंतरराष्ट्रीय** मिंजर मेले की रंगीन छटा के बीच एक गंभीर सामाजिक संदेश ने सभी का ध्यान खींचा। चंबा डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने 'नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो' का नारा बुलंद करते हुए चौगान मैदान से जागरूकता रैली निकाली। रैली की शुरुआत प्रशासनिक अधिकारियों और शिक्षकों की उपस्थिति में हुई। छात्रों ने हाथों में प्रेरणादायक तख्तियां लेकर नशा मुक्ति के नारों के साथ शहर के मुख्य मार्गों पर मार्च किया।

विद्यार्थियों ने समाज को जागरूक करते हुए कहा कि नशा न केवल युवाओं का भविष्य खराब करता है, बल्कि पूरे समाज को खोखला बनाता है। वे स्वयं भी नशे से दूर रहने और दूसरों को जागरूक करने का संकल्प लेकर निकले हैं। प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मिंजर मेला अब केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का मंच भी बन गया है। यह रैली एक स्पष्ट संदेश लेकर आई जब युवा बदलते हैं, तो समाज बदलता है।

# नशीले कैप्सूल के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। विशेष अन्वेषण इकाई (एसआईयू) नाहन की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन युवकों को मोटर साइकिल पर 128 नशीले कैप्सूल के साथ पकड़ा है।

जानकारी के मुताबिक एसआईयू टीम राजबन पोस्ट पर गश्त कर रही थी, तभी सूचना मिली कि तीन व्यक्ति मोटर साइकिल नंबर ।।क18ष्ट-6138 (नीले रंग की) पर बांगरण चौक पांवटा से सतौन की ओर आ रहे हैं और उनके पास मादक पदार्थ है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए राजबन कांटा पर मोटर साइकिल को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान मोटर साइकिल चला रहे संदीप कुमार निवासी रेणुका और उसके दो साथी देवेंद्र सिंह व तारा चंद, दोनों निवासी गांव दयाड़ तिरमली, से कुल 128 नशीले कैप्सूल बरामद किए गए। तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना पुरुवाला में मामला दर्ज है।

# डलहौजी के मनीष सरीन ने थामा हाथ का दामन

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने करवाई पार्टी ज्वाइन आरएस बाली बने सूत्रधार

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** नगरोटा बगवां में रविवार दोपहर को हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री स्व. जीएस बाली के 71वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य 'बाल मेला' कार्यक्रम में राजनीतिक माहौल बेहद उत्साहपूर्ण रहा। इस अवसर पर पूर्व आम आदमी पार्टी नेता मनीष सरीन ने कांग्रेस का दामन थामा।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली, और अन्य कई विधायकों के साथ-साथ विशाल सिंह, राजेश चोबीयाल, इच्छाराम टंडन, योगराज महाजन, राजत शर्मा, विकास धीमान, विकास सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली के साथ डलहौजी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मनीष सरीन।

मनीष ने अपने राजनीतिक सफर को साझा करते हुए कहा,'मेरा राजनीतिक सफर जनवरी 2021 में आम आदमी पार्टी से शुरू हुआ। 4 अप्रैल 2025 को मैंने पार्टी से इस्तीफा दिया। इस दौरान में राज्य प्रवक्ता, पर्यटन प्रकोष्ठ का राज्य उपाध्यक्ष, डलहौजी विस क्षेत्र का अध्यक्ष व राज्य सोशल मीडिया प्रभारी जैसे दायित्वों पर रहा। साथ ही वर्ष 2022 में डलहौजी विधानसभा से चुनाव भी लड़ा।'

कांग्रेस में शामिल होने के अपने फैसले पर उन्होंने कहा, 'राजनीति में अगर किसी की कार्यशैली को उत्तम कहा जा सकता है तो वह आरएस बाली है। जिस तरह से वे युवाओं को साथ लेकर राजनीति करते हैं, वह अद्वितीय है। यह भी एक बहुत बड़ा कारण है कि उन्होंने इतिहास रचते हुए सबसे अधिक अंतर से जीत हासिल की। अगर 21वीं सदी में किसी को सच्चा जननेता कहा जा सकता है तो वह आरएस बाली हैं। उनकी कार्यशैली ने मुझे गहराई से प्रभावित किया और यही मेरे कांग्रेस से जुड़ने का सबसे बड़ा कारण है।' मनीष सरीन ने कहा कि आरएस बाली का राजनीतिक दृष्टिकोण व कार्यशैली युवाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने मनीष सरीन का कांग्रेस परिवार में गर्मजोशी से स्वागत किया।

# गुआं में स्वयंसेवियों ने रोपे पौधे, देखभाल की शपथ ली

अनंत ज्ञान, गुआं




**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुआं में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रभारी सोनी वासुदेवा द्वारा की गई, जबकि संचालन एनएसएस के पीओ राजकुमार व अनुराधा द्वारा गतिविधियां करवाई गईं।

विद्यालय की प्रभारी सोनी वासुदेवा, एनएसएस वालंटियर्स एवं अन्य शिक्षक गणों ने मिलकर विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। इस अभियान में विद्यार्थियों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनकी देखभाल करने की शपथ भी ली।

विद्यालय परिवार के इस सामूहिक प्रयास ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया। इस सराहनीय पहल से गुआं विद्यालय ने न केवल पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी दिया।

# खेल न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक विकास का भी साधन: कृतेश ठाकुर

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर** की खणी पंचायत के रेहला गांव में नाग मंदिर परिसर में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता बड़े धूमधाम से संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ युवा नेता एवं समाजसेवी कृतेश ठाकुर ने किया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी गौरी शंकर, ईलू ठाकुर और सुरेश ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कृतेश ठाकुर ने प्रतियोगिता आयोजकों को 5100 रुपए की सम्मान राशि भेंट की और आयोजन के लिए आयुष तथा खंभाषियों की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मेले और खेलकूद प्रतियोगिताएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं और इनसे आपसी सौहार्द बढ़ता है।



रेहला गांव के नाग मंदिर परिसर में वॉलीबाल टूर्नामेंट संपन्न

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें। खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास का भी साधन हैं। आयोजन में स्थानीय लोगों और युवाओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया।

# नबाही में बॉल बैडमिंटन स्पर्धा 6 से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मंडी** जिला बॉल बैडमिंटन संघ की बैठक बीएस गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यकारिणी से महेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, राजेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, सतोष कुमार शर्मा, जोगिन्द्र सिंह, मदन सिंह, सुरेंद्र ठाकुर, राकेश, संतोष कुमार, अकांक्षा, आंचल व नर्वदा देवी ने भाग लिया। बैठक में कार्यकारणी ने तीसरी जिला स्तरीय सिनियर पुरुषों व महिलाओं की बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 6 अगस्त व पहली जिला स्तरीय सब जूनियर लड़कों व लड़कियों की बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 7 अगस्त को बॉल बैडमिंटन ग्राउंड नबाही तहसील सरकाघाट जिला मंडी में करवाने का निर्णय लिया गया। इन प्रतियोगिताओं में मंडी जिला के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। सब जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में 2 जनवरी 2010 के बाद जन्में खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र प्रतियोगिता के दौरान टूर्नामेंट कमेटी को दिखाना होगा। सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों को भी अपना आधार कार्ड प्रतियोगिता के दौरान टूर्नामेंट कमेटी को दिखाना होगा।

इस प्रतियोगिता से मंडी जिला की बॉल बैडमिंटन सीनियर व सब जुनियर वर्गों की टीमों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता जोकि मंडी जिला के चैंदेश में 10 से 11 अगस्त तक होने जा रही है, में मंडी जिला का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# बरोट-मियोट सड़क मार्ग पर दोपहर की बस सेवा की मांग फिर हुई तेज

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** लोक निर्माण विभाग उपमंडल झटिंगरी के अंतर्गत आने वाले बरोट-मियोट सड़क मार्ग पर बसे बड़ी झरवाड़, छोटी झरवाड़, खलैहल और मियोट गांव के निवासियों ने एक बार फिर से दोपहर के समय सरकारी बस चलाने की मांग को लेकर आवाज बुलंद की है।

गांव के स्थानीय निवासियों राजमल, महेश्वर, सुंदर सिंह, तवारु राम, पवन कुमार, बलदेव, रामचंद्र, दयाल सिंह, सवित्री देवी, कांता देवी, अंजली, दिव्य और कौशल्या देवी आदि ने बताया कि वर्ष 2017 से मंडी डिपो की एकमात्र बस सुबह मंडी से चलकर बरोट के रास्ते मियोट पहुंचती है और अगली सुबह वापसी करती है। लेकिन दिन भर इस मार्ग पर कोई बस न चलने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### चार गांवों के लोगों ने विभाग से उठाई आवाज

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जोगिंदरनगर डिपो की एक सरकारी बस प्रतिदिन सुबह 11 बजे चलकर दोपहर करीब 1:30 बजे बरोट पहुंचती है, और 3 बजे जोगिंदरनगर लौट जाती है। यह बस लगभग डेढ़ घंटा बरोट में खड़ी रहती है, लेकिन ग्रामीणों द्वारा कई बार मांग करने के बावजूद उसे मियोट रूट पर आगे नहीं भेजा जाता। ग्रामीणों का कहना है कि बरोट में उन्हें अकसर व्यक्तिगत, चिकित्सा या अन्य कार्यों से जाना पड़ता है, लेकिन दिन में बस सेवा न होने के कारण उन्हें महंगी टैक्सियों का सहारा लेना पड़ता है। इससे न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है बल्कि बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष कठिनाई होती है।

खलैहल पंचायत के प्रधान भागमल सहित सभी ग्रामीणों ने सरकार और हिमाचल पथ परिवहन निगम से आग्रह किया है कि बरोट में खड़ी इस बस को दोपहर के समय मियोट तक भेजा जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और वर्षों पुरानी मांग का समाधान हो।

### सूडोकु नवताल- 7504 (***** कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7503 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# चंबा में एनएसयूआई ने घोषित किए नए कैंपस पदाधिकारी

## सलोनी अत्री गर्ल्स कैंपस अध्यक्ष और शकीना ठाकुर को प्रभारी की जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान, चंबा





**भारतीय** राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जिला चंबा इकाई ने अपने संगठनात्मक ढांचे को और सशक्त करते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर एवं जिला अध्यक्ष मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करने के लिए यह अहम निर्णय लिया गया। संगठन के प्रभारी आकाश चौधरी की अनुशंसा पर ये नियुक्तियां स्वीकृत की गई हैं।

नियुक्तियों के अनुसार, सलोनी अत्री को गर्ल्स कैंपस अध्यक्ष और शकीना ठाकुर को गर्ल्स कैंपस प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि इन नियुक्तियों से छात्र संगठन को नई दिशा मिलेगी और युवाओं को अपने विचारों को मजबूती से रखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने आशा जताई कि नव-नियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ निर्वहन करेंगे।

# भरनाल के बाल गृह में बीटेक के छात्र अंश वर्मा ने मनाया जन्मदिन



अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**सरकाघाट** उपमंडल की ग्राम पंचायत भरनाल में स्थित देवभूमि सेवा मंडल द्वारा संचालित बाल गृह में सरकाघाट उपमंडल की पसनद हवानी के बीटेक के छात्र अंश वर्मा ने अपने जन्मदिन का विशेष रूप से आयोजन किया। उनके साथ उनकी शिक्षक माता मंजू वर्मा और पंचायत सचिव पिता लेखराज वर्मा भी उपस्थित रहे। अंश अनाथ बच्चों के साथ जन्मदिन की खुशियां मनाने के लिए विशेष रूप से चंडीगढ़ से वहां पहुंचे थे। बाल गृह के बच्चों और कर्मचारियों द्वारा सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अंश ने बच्चों को जूस, मिठाइयां, और अन्य उपहार वितरित किए साथ ही संस्था को राशन सामग्री भी वितरित की।

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

सोमवार, 28 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** चतुर्थी (22:42) : **नक्षत्र** आश्लेषा (15:51), **पक्ष:** कृष्ण, **योग :** हर्शाण (09:50), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:03-12:51)। **राहुकाल** (09:04-10:45)।

### विशेष दिन

- 28 जुलाई 2025: वरद चतुर्थी व्रत आज।
- 28 जुलाई 2025: उज्जैन में महाकाल की तीसरी सवारी आज।

**मेष:** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय लगेगा।

**वृष:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन के सहयोग से काम आसान होगा।

**मिथुन:** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कर्क:** मेहमानों का आगमन होगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट होगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**सिंह:** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्या:** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिलेगा। कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**तुला:** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**वृश्चिक:** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी इक्षचता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मकर:** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**कुंभ:** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**मीन:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

# लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही भाजपा: कुलदीप राठौर

अनंत ज्ञान, शिमला

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था के भविष्य को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को प्रभावित करने और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को कमजोर करने के आरोप लगाए। राठौर ने कहा कि देश में पहली बार यह सवाल खड़ा हो रहा है कि चुनाव सरकार कराएगी या जनता, जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक संकेत है। राठौर ने रविवार को शिमला में कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव डालने की कोशिशें तेज हो गई हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को पुख्ता साक्ष्यों के साथ पत्र लिखा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब बिहार में जो कुछ हो रहा है, वह भी चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करता है।

# हरियाली रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर

रोटरी क्लब हमीरपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम एक सराहनीय पहल है। इस कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब हमीरपुर की भागीदारी से हीरानगर वन क्षेत्र में 30 औषधीय पौधों का रोपण, जैसे हरड़, बहेड़ा, आंवला और कचनार, प्रकृति के प्रति सम्मान और संरक्षण की भावना को दर्शाता है।

मुख्यातिथि संगीता चंदेल, डीएफओ (आईडीपी) हमीरपुर ने इस अवसर पर कहा कि मनुष्य प्रकृति का एक अंश है, लेकिन पिछले 300 वर्षों में वनों की कटाई और प्रदूषण के कारण प्रकृति को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने पौधारोपण और वन संरक्षण के माध्यम से इस संतुलन को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। रोटरी क्लब हमीरपुर के प्रधान रोटेरियन भगवती प्रसाद शर्मा ने



बताया कि क्लब की स्थापना वर्ष 1985 से ही थी, हर वर्ष पौधारोपण कर वन महोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर इनर व्हील प्रेसिडेंट इना चौहान, वनरक्षक विकास, वन मित्र संजना ठाकुर, रोटेरियन एनके शर्मा, अजायब सिंह वनियाल और राकेश शर्मा ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

"किसी मनुष्य का स्वभाव ही उसे विश्वसनीय बनाता है, न कि उसकी संपत्ति। –अरस्तु

## संपादकीय

# शिक्षा नहीं, मौत की छाया

राजस्थान के झालावाड़ में एक सरकारी स्कूल की छत गिरने से सात मासूम बच्चों की मौत और 21 का घायल होना किसी सामान्य हादसे के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह भारत के सरकारी शिक्षा ढांचे की जर्जर होती दीवारों, छतों और सोच का आईना है। यह न केवल शिक्षा व्यवस्था की लापरवाही दर्शाता है, बल्कि उस अमानवीयता की भी पोल खोलता है, जिसमें बच्चों की जान तक की कीमत ठेकेदारों, अभियंताओं और प्रशासन की आंखों में सिर्फ एक आंकड़ा बनकर रह जाती है। यह हादसा नहीं, बल्कि हत्या जैसा प्रतीत होता है। झालावाड़ की घटना के अगले ही दिन नागौर और सिरोही जिलों में भी दो अन्य सरकारी स्कूलों की छतें गिर गईं। सौभाग्य से उन स्कूलों में उस समय बच्चे मौजूद नहीं थे, वरना राजस्थान एक के बाद एक दो-दो दर्दनाक हादसों का गवाह बन जाता। यह संयोग नहीं, बल्कि सिस्टम की नाकामी का खुला प्रमाण है। राजस्थान सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में इस समय 2556 स्कूल और लगभग 1000 आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर भवनों में चल रहे हैं।

यह महज आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों बच्चों की जान पर हर रोज मंडराते खतरे की पुष्टि है। भ्रष्टाचार और लापरवाही की मजबूत दीवारें सबको परेशान कर रही हैं। इन हादसों की जांच और तकनीकी विश्लेषण यह बताता है कि छतों के गिरने का एक बड़ा कारण निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग है। सीमेंट की जगह रेत और बजरी का अधिक उपयोग किया गया। यानी सरकारी पैसे की बंदरबांट की गई, स्कूलों की छतें लापरवाही और भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ी की गईं। यह स्थिति केवल राजस्थान तक सीमित नहीं है। हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी हजारों सरकारी स्कूल भवन या तो जर्जर हैं या असुरक्षित घोषित किए जा चुके हैं, लेकिन कार्रवाई शून्य है। कई मामलों में तो स्कूलों की छतें गिर भी चुकी हैं, मगर मीडिया कवरेज और जनचर्चा न होने से वे दबे रह जाते हैं। अब जाकर केंद्र सरकार जागी है।

राजस्थान की घटनाओं के बाद केंद्र सरकार ने संज्ञान लेते हुए देशभर के सरकारी स्कूल भवनों का तत्काल सुरक्षा ऑडिट करने के निर्देश जारी किए हैं। इसमें सिर्फ स्कूल के क्लासरूम ही नहीं, बल्कि शौचालय, रसोई, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, पानी की टंकियां, बिजली वायरिंग, आपात निकासी मार्ग जैसी सभी जन-सुविधाओं की भी गहन जांच होगी। साथ ही, प्रत्येक स्कूल में अब फर्स्ट एड बॉक्स अनिवार्य किया गया है, सभी बच्चों और शिक्षकों को आपदा से निपटने का प्रशिक्षण देना जरूरी किया गया है। घटना रिपोर्टिंग तंत्र बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि भविष्य में ऐसी कोई दुर्घटना हो तो तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचना मिल सके और त्वरित एक्शन हो सके।

यह शुरुआत भर है, अभी बहुत कुछ करना बाकी है। हालांकि यह कदम स्वागत योग्य है, लेकिन यह बहुत देर से लिया गया फैसला है। यदि इस तरह की सुरक्षा जांच पहले हो जाती, तो झालावाड़ के सात मासूम बच्चे आज जिंदा होते। ऐसे में सवाल यह है कि क्या अब यह प्रक्रिया केवल कागजी खानापूर्ति बनकर रह जाएगी या वाकई जमीन पर कुछ बदलेगा? केंद्र और राज्य सरकारों को दो कदम आगे बढ़कर काम करना होगा। सिर्फ ऑडिट करने से कुछ नहीं होगा, जहां भी खामियां मिलें उन्हें तत्परता से सुधारना आवश्यक है। शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंचायतीराज संस्थाएं और ग्रामीण विकास मंत्रालय को मिलकर समन्वय बनाना होगा। जब कोई बच्चा जर्जर भवन में पढ़ता है तो वह सुरक्षित महसूस नहीं करता। वह पढ़ाई में मन नहीं लगा पाता, उसे हर समय डर सताता है कि कहीं कुछ गिर न जाए। यह डर धीरे-धीरे उसके मानसिक विकास पर असर डालता है।

जब मां-बाप बच्चों को स्कूल भेजते हैं तो वे यह मानकर भेजते हैं कि वहां बच्चा सुरक्षित रहेगा, लेकिन जब स्कूल ही जानलेवा हो जाए, तो यह भरोसा टूट जाता है। समाधान की दिशा में संभावित कदम उठाए जाने चाहिए। खतरनाक स्कूल भवन अस्थायी रूप से बंद किए जाएं। जब तक पुनर्निर्माण नहीं हो जाता, तब तक ऐसे भवनों को उपयोग से बाहर किया जाए। पोर्टेबल क्लासरूम या सामुदायिक भवन का अस्थायी उपयोग किया जाए। बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए पंचायत भवन, सामुदायिक केंद्र, या पोर्टेबल कक्षाओं का निर्माण किया जा सकता है। ठेकेदारों और अफसरों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

घटिया निर्माण पाए जाने पर संबंधित अभियंता, ठेकेदार और निरीक्षक पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। माता-पिता और स्थानीय लोगों को स्कूल प्रबंधन समितियों में सक्रिय रूप से जोड़ा जाए, ताकि निर्माण गुणवत्ता पर सामूहिक निगरानी रहे। वार्षिक संरचनात्मक ऑडिट अनिवार्य हो। सिर्फ एक बार नहीं, हर वर्ष विशेषज्ञों द्वारा स्कूल भवनों का तकनीकी निरीक्षण अनिवार्य किया जाए। बच्चों की शिक्षा एक मौलिक अधिकार है, लेकिन उससे पहले उनका सुरक्षित रहना एक प्राथमिक आवश्यकता है। यदि हम उन्हें ऐसी इमारतों में पढ़ने को मजबूर करते हैं, जो कभी भी गिर सकती हैं, तो हम अपने कर्तव्य का सबसे बड़ा उल्लंघन कर रहे हैं। झालावाड़ की घटना एक चेतावनी है। यदि अब भी सिस्टम नहीं जागा, तो अगली बार यह त्रासदी किसी और राज्य में, किसी और बच्चे के जीवन को निगल सकती है। सरकारों को, समाज को और हम सबको मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षा का मंदिर किसी का श्मशान न बने। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### मशहूर हिंदी कवि व लेखक

**अनिल** जनविजय प्रमुख हिंदी कवि लेखक, रूसी और अंग्रेजी भाषाओं के साहित्य अनुवादक हैं। इन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम और मॉस्को स्थित गोर्की साहित्य संस्थान से सृजनात्मक साहित्य विषय में एमए किया। इन दिनों मॉस्को विश्वविद्यालय में हिंदी साहित्य का अध्यापन और रेडियो रूस का हिंदी डेस्क देख रहे हैं। बरेली (उत्तर प्रदेश) में एक निम्न-मध्यवर्गीय परिवार में अनिल जनविजय का जन्म हुआ। प्रारंभिक शिक्षा बरेली स्थित केंद्रीय विद्यालय में की। मां की मृत्यु के बाद दादा-दादी के पास दिल्ली आ गए। 1977 में दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम, फिर हिंदी में एमए की डिग्री हासिल की। 1980 में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की रूसी भाषा और साहित्य फेकल्टी में एमए में प्रवेश किया। 1982 में उच्च अध्ययन के लिए सोवियत सरकार की छात्रवृत्ति पाकर मास्को विश्वविद्यालय पहुंचे। फिर 1989 में मास्को स्थित गोर्की लिटरेरी इंस्टीट्यूट से सर्जनात्मक लेखन में एमए किया। 1983 से 1992 तक मास्को रेडियो की हिंदी प्रसारण सेवा से जुड़े रहे। 1996 से मास्को विश्वविद्यालय (रूस) में 'हिंदी साहित्य' और 'अनुवाद' का अध्यापन में कार्यरत हैं। ■



अनिल जनविजय
जन्म : 28 जुलाई, 1957



कविता

### नमन तुम्हें है वीर शहीदों


रेखा चंदेल, झंडूता, बिलासपुर

**नमन** तुम्हें है वीर शहीदों, देश तुम्हारा सदा ऋणी है।
तुम्हारी कुर्बानियों के बल, भारत मां की शान बनी है।
भूली नहीं है देश की सरहदें, रणभेरी जो तुमने बजी है।
तुम्हारे लहू की बूंद-बूंद से, मांग उनकी आज भी सजी है।
लहरा रहा कारगिल में तिरंगा,
तुम्हारी विजय गाथाएं गूंज रही हैं।
चोटी-चोटी बयां कर रही, कठिनाइयां जो तुमने सही हैं।
तुम्हारी शहादत की कहानियां, हमें फर्ज की राह दिखाती हैं।
खोकर तुम्हें हैं आंखों में आंसू, पर गर्व से तनी अपनी छाती है।
धन्य है उन माओं की कोखें, जिनमें वीरों की फसल लहलहाती है।
दूध के संग ही जो अपने लालों को, शहादत का पाठ पढ़ाती हैं।
शत्-शत् नमन वंदन है तुम्हें, हर दिल दुआएं दे रहा है।
अमर सपूतों को हो नतमस्तक, विनीत श्रद्धांजलि दे रही हूं।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# क्या न्यायाधीशों को हटाना वाकई इतना मुश्किल है?

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बुनियादी ताकत उसके तीन स्तंभ-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका हैं। ये तीनों संस्थाएं मिलकर देश में संविधान, कानून और जनहित की रक्षा सुनिश्चित करती हैं, लेकिन जब इन स्तंभों के बीच टकराव हो या किसी एक स्तंभ की साख पर सवाल उठे, तो पूरा तंत्र अस्थिरता की ओर बढ़ने लगता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा पर लगे कथित भ्रष्टाचार के आरोपों और उसके बाद संसद में शुरू हुई महाभियोग की प्रक्रिया ने एक बड़ा संवैधानिक प्रश्न खड़ा कर दिया है। क्या किसी जज को हटाना वाकई इतना कठिन है? या फिर यह पूरी प्रक्रिया केवल राजनीतिक नफा-नुकसान के तराजू पर तोली जा रही है? यह मामला केवल एक न्यायाधीश तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत के लोकतंत्र, न्यायिक शुचिता और संसदीय जवाबदेही के बीच संतुलन की गहरी परीक्षा है।



**न्यायाधीशों को हटाने की संवैधानिक प्रक्रिया:** भारत के संविधान में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रिया अनुच्छेद 124 (4) और अनुच्छेद 217 में वर्णित है। किसी भी जज को केवल दो आधारों पर हटाया जा सकता है। नंबर वन सिद्ध दुराचार या फिर नंबर टू अक्षमता। यह प्रक्रिया इतनी कठिन और विस्तृत है कि इसे केवल अत्यंत गंभीर मामलों के लिए ही आरक्षित किया गया है।

**न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968:** इस अधिनियम के तहत न्यायाधीश के खिलाफ कोई भी शिकायत मिलने पर संसद के किसी भी सदन में महाभियोग का प्रस्ताव लाया जा सकता है, लेकिन उसके लिए कम से कम 100 लोकसभा या 50 राज्यसभा सांसदों की ओर से प्रस्ताव देना अनिवार्य होता है। स्पीकर/सभापति की प्रारंभिक अनुमति लेनी होती है। तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन करना होता है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के जज, एक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और एक न्यायविद होता है। इसके बाद समिति की जांच रिपोर्ट के आधार पर संसद में विशेष बहुमत से प्रस्ताव पारित होने पर राष्ट्रपति की स्वीकृति से न्यायाधीश को हटाया जाता है। 1993 में जस्टिस वी. रमास्वामी पर महाभियोग लाया गया था, लेकिन राजनीतिक कारणों से लोकसभा में प्रस्ताव पारित नहीं हो पाया। तब से अब तक किसी भी न्यायाधीश को सफलतापूर्वक नहीं हटाया गया है।

**यशवंत वर्मा पर आरोपों का स्वरूप :** जस्टिस यशवंत वर्मा पर लगे आरोप भारतीय न्यायपालिका की साख के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। हालांकि, अब तक पूरे आरोप औपचारिक रूप से सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, लेकिन संसद में पेश किए गए महाभियोग प्रस्ताव से यह संकेत मिलता है कि इनका संबंध सीधे-सीधे भ्रष्टाचार, न्यायिक नैतिकता के उल्लंघन और पद के दुरुपयोग से है। जस्टिस वर्मा ने कुछ मामलों में जानबूझकर पक्षपातपूर्ण फैसले सुनाए, जिनके पीछे वित्तीय लेनदेन की आशंका जताई गई है। आरोप यह भी हैं कि उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले तत्वों से निजी संपर्क बनाए रखे और इससे उनके निर्णयों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए। उन्होंने अपने प्रभाव का उपयोग कर कुछ मामलों की फाइलिंग और सुनवाई की प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया। संसद में विपक्ष और सत्ता पक्ष की ओर से संयुक्त रूप से महाभियोग प्रस्ताव लाने के पीछे यह तर्क दिया गया है कि अगर इन आरोपों की गहन जांच नहीं हुई और दोष सिद्ध होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे न्यायपालिका की गरिमा को गंभीर आघात पहुंचेगा। यही कारण है कि अब लोकसभा में इस मुद्दे को संवैधानिक तरीके से सुलझाने के प्रयास हो रहे हैं। जस्टिस वर्मा के मामले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता के साथ जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक है।

यथार्थ



समरजीत

**राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव और धनखड़ का इस्तीफा:** जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया की शुरुआत राज्यसभा से हुई, जब विपक्षी दलों ने उनके खिलाफ प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव पर विपक्ष के लगभग 50 से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर थे, जिसे राज्यसभा के तत्कालीन सभापति जगदीप धनखड़ ने स्वीकार कर लिया। यह स्वीकारोक्ति संसदीय प्रक्रिया के लिहाज से एक बड़ा और संवेदनशील कदम था, क्योंकि यह पहला मौका था जब किसी हाईकोर्ट जज के खिलाफ संसद में इतनी गंभीर कार्रवाई पर विचार शुरू हुआ, लेकिन इसी के बाद अचानक जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति और सभापति पदों से इस्तीफा दे दिया। हालांकि उन्होंने इस्तीफे के पीछे स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया, लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा रही कि उन्होंने विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव को स्वीकार कर सत्ता पक्ष को नाराज कर दिया था, जिससे उनके इस्तीफे की नौबत आ गई। इस घटनाक्रम ने पूरे मामले को और भी ज्यादा राजनीतिक रंग दे दिया और यह सवाल उठने लगे कि क्या सच में संसद में न्यायिक भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है या फिर यह केवल सत्ता और विपक्ष के बीच शक्ति संतुलन का खेल बन गया है।

**सहमति या छवि सुधार की कवायद?:** जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों दावा कर रहे हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ वे एकमत हैं। कहा गया कि सामूहिक सहमति बनी थी कि महाभियोग प्रस्ताव केवल लोकसभा में पेश किया जाएगा ताकि यह कदम राजनीतिक दिखने के बजाय संवैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा लगे, लेकिन राज्यसभा में विपक्ष द्वारा एकतरफा प्रस्ताव पेश कर देने से यह सहमति टूटती हुई प्रतीत हुई। सत्ता पक्ष ने इस कदम को सहमति का उल्लंघन बताया, वहीं विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक अधिकार बताया। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या वास्तव में कोई ठोस सहमति थी या फिर यह महज जनता के सामने राजनीतिक छवि सुधारने का एक मंचन था? राज्यसभा की घटना ने तथाकथित सामूहिकता की पारदर्शिता और उद्देश्य दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने मिलकर लोकसभा में प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिस पर करीब 150 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसे स्वीकार कर लिया है और जांच समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

**राजनीति और क्रेडिट वॉर :** विपक्ष ने पहले सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री और आलोचना की थी, लेकिन अब वे उनके 'बलिदान' की बात कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष अब नैतिक ऊंचाई हासिल करना चाहता है। दूसरी ओर सत्ता पक्ष की सोच है दोषी हटे, पर नियंत्रण भी बना रहे। सरकार ने शुरुआत में चुप्पी साधे रखी, लेकिन जब लोकसभा में सहमति बनी, तब तेजी से कदम बढ़ाए। साफ है कि सरकार इस पूरे घटनाक्रम पर नियंत्रण बनाए रखना चाहती है। जनता अब सतर्क है। न्यायपालिका और संसद दोनों की कार्यशैली पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। अगर दोष सिद्ध होते हुए भी न्यायाधीश को न हटाया गया, तो लोकतंत्र की साख को बड़ा नुकसान होगा।

**लोकसभा में महाभियोग की प्रक्रिया में क्या-क्या होगा? :** सबसे पहले तो प्रस्ताव पर प्रारंभिक जांच होगी। लोकसभा अध्यक्ष की ओर से जांच समिति गठित की जाएगी। समिति में तीन सदस्य होंगे, जिनमें एक सुप्रीम कोर्ट के जज, एक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और एक वरिष्ठ अधिवक्ता होंगे। समिति को पूरा मौका दिया जाएगा अपनी बात रखने का। आरोप, साक्ष्य, गवाह और दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच करने का। इसके बाद जांच रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। अगर समिति की रिपोर्ट में आरोप सिद्ध होते हैं, तो संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत से प्रस्ताव पास करना जरूरी होगा। उपस्थित सदस्यों के दो-तिहाई और कुल सदस्यों के बहुमत से ही इस कार्यवाही पर मुहर लगेगी। दोनों सदनों से प्रस्ताव पास होने के बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से जज को पद से हटा दिया जाएगा।

**क्या इस बार कोई जज हटाया जाएगा? :** इस मामले में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि सत्ता और विपक्ष दोनों के सांसदों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि यह केवल राजनीतिक दांव-पेंच नहीं बल्कि एक संवेदनशील, सामूहिक और नैतिक निर्णय है। हालांकि, यह अभी भी पूरी तरह निश्चित नहीं है कि यह प्रक्रिया अंत तक सफल हो पाएगी, क्योंकि कई बार संसद में पार्टी लाइन पर मतदान नहीं होता और व्यक्तिगत राजनीतिक हित आड़े आ जाते हैं।

**लोकतंत्र की परीक्षा की घड़ी :** जस्टिस यशवंत वर्मा का प्रकरण भारत के लोकतांत्रिक ढांचे और संस्थाओं के संतुलन की गहन परीक्षा है। यह केवल एक व्यक्ति को हटाने का मामला नहीं, बल्कि यह परखने का अवसर है कि क्या भारत की संसद न्यायिक जवाबदेही तय करने में सक्षम है। महाभियोग की प्रक्रिया कठिन अवश्य है, लेकिन असंभव नहीं। इस प्रक्रिया की कठोरता ही न्यायपालिका की स्वतंत्रता की गारंटी है, लेकिन यह स्वतंत्रता दुरुपयोग का लाइसेंस नहीं हो सकती।

अब यह संसद पर निर्भर करता है कि वह केवल संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करे या फिर एक मजबूत और पारदर्शी उदाहरण भी प्रस्तुत करे। अगर संसद निष्पक्षता से इस मामले में निर्णय नहीं लेती, तो यह केवल न्यायपालिका की नहीं, बल्कि विधायिका की भी साख पर सवाल उठाएगा। बहरहाल, जनता अब न्यायपूर्ण, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक निर्णय की प्रतीक्षा में है।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# बेहतर पर्यावरण के लिए हम कब समझेंगे प्रकृति की मूक भाषा




पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन और मौसम चक्र में आते बदलाव के कारण जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इन प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्यंभावी है।



योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इस तरह की समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। सबसे पहले यह जानना बेहद जरूरी है कि प्रकृति आखिर है क्या? प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विडंबना ही है प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने भी आने लगी है। प्राकृतिक साधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है।

प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हमारे जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ हवा के लिए जाने जाते थे, आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी अब तपने लगने हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है, वहां भी बाढ़ का तांडव देखा जाने लगा है। इसका एक बड़ा कारण पहाड़ों में भी विकास के नाम पर जंगलों का सफाया करने के साथ-साथ पहाड़ों में बढ़ती पर्यटकों की भारी भीड़ भी है। कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आने पर हम आदतन प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं, लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि अगर हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है, लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं, बल्कि दोषी तो हम स्वयं हैं, जो इतने साधनपरस्त और आलसी हो चुके हैं कि अगर हमें अपने घर से थोड़ी ही दूरी से भी कोई सामान लाना पड़े तो पैदल चलना हमें गवारा नहीं। इस छोटी-सी दूरी के लिए भी हम स्कूटर या बाइक का सहारा लेते हैं।

छोटे-मोटे कार्यों की पूर्ति के लिए भी निजी यातायात के साधनों का उपयोग कर हम पेट्रोल, डीजल जैसे धरती पर ईंधन के सीमित स्त्रोतों को तो नष्ट कर ही रहे हैं, पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं और पैदल चलना छोड़कर अपने स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ रहे हैं। हमारे क्रियाकलापों के चलते ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पेट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए जरूरत है कि हम अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण में दिलचस्पी लें और पौधारोपण के पश्चात् उन पौधों की अपने बच्चों की भांति ही देखभाल भी करें। हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ-सुथरे वातावरण में बीमारी मुक्त जीवन जीएं तो हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? अपनी छोटी-छोटी पहल से हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाई ऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। पानी की बचत के तरीके अपनाते हुए जमीनी पानी का उपयोग भी हम केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही करें। जहां तक संभव हो, वर्षा के जल को सहेजने के प्रबंध करें। प्लास्टिक की थैलियों को अलविदा कहते हुए कपड़े या जूट के बने थैलों के उपयोग को बढ़ावा दें। बिजली बचाकर ऊर्जा संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दें।

आज के डिजिटल युग में तमाम बिलों के ऑनलाइन भुगतान की ही व्यवस्था हो ताकि कागज की बचत की जा सके और कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले। विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर जो खिलवाड़ हो रहा है, उसके मद्देनजर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने की जरूरत अब कई गुना बढ़ गई है। कितना ही अच्छा हो, अगर हम सब प्रकृति संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लेते हुए अपने-अपने स्तर पर उस पर ईमानदारी से अमल भी करें। प्रकृति बार-बार अपनी मूक भाषा में चेतावनियां देकर हमें सचेत करती रही है, इसलिए स्वच्छ और बेहतर पर्यावरण के लिए जरूरी है कि हम प्रकृति की इस मूक भाषा को समझें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना-अपना योगदान दें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# हमारे देश में आज भी वीआईपी कल्चर सिर चढ़कर बोल रहा

देश के प्रधानमंत्री की पहल पर वीआईपी द्वारा रेड लाइट के प्रयोग पर पाबंदी लगी थी, लेकिन रेड लाइट तो हट गई और वीआईपी कल्चर में बढ़ोतरी हो गई है। इस वीआईपी कल्चर के दुष्परिणाम रोज देखने को मिलते हैं। प्रतिष्ठित अखबार में छपे एक लेख के अनुसार कुछ दिन पहले पुरी में प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर की वार्षिक रथ यात्रा के दौरान मची भगदड़ में कम से कम तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए।



शांति गौतम
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अखबार के अनुसार शुरुआती रिपोर्ट्स से पता चलता है कि भगदड़ वीआईपी के लिए विशेष प्रवेश द्वार की सुविधा के लिए एक प्रवेश बिंदु को अवरुद्ध करने के कारण हुई। यह पहली बार नहीं है कि तथाकथित वीआईपी के लिए विशेष व्यवस्था ने इस तरह की त्रासदी को जन्म दिया हो या आम जनता को बहुत असुविधा हुई हो। हाल ही में कुंभ मेले के दौरान लाखों श्रद्धालुओं को एक साथ मीलों पैदल चलना पड़ा, जबकि प्रभावशाली लोगों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। इस व्यवस्था के अंतर्गत वीआईपी अपने निजी वाहनों द्वारा घाटों तक जा सकते थे। भारत में नेताओं के लिए जिस तरह की बंदोबस्ती होती है, वह किसी देश में देखने को नहीं मिलती है।



काबिलेगौर है कि राज्यपालों और मंत्रियों के काफिले में दर्जनों चलती गाड़ियां आम बात है। जो हमेशा बहुत जल्दी में दिखते हैं। काफिले में एंबुलेंस और फायर टेंडर भी शामिल रहते हैं। आम नागरिकों के लिए लंबे समय तक यातायात अवरुद्ध रहता है, जिससे लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि ट्रैफिक पुलिस का काम सिर्फ वीआईपी काफिले को सुगम रास्ता उपलब्ध करवाना है। कभी तो ट्रैफिक जाम में आपातकाल वाहनों को फंसे भी देखा जा सकता है। इस संदर्भ में सोलन को लेकर यह बात दर्ज करना अति आवश्यक है कि अभी हाल ही संपन्न माता शूलिनी मेले में हजारों लोगों ने शिरकत की और तीन दिन तक चलने वाले इस मेले में इतनी भीड़ थी कि तिल रखने को जगह नहीं थी। आमजन के लिए ट्रैफिक पूरी तरह बंद था। अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी कोई वाहन उपलब्ध नहीं था। प्रदेश के मुख्यमंत्री इस मेले में बतौर मुख्य अतिथि पधारे थे। जब उन्होंने सोलन में प्रवेश किया तो उनके काफिले में 26 वाहन चल रहे थे।

दिलचस्प बात है कि एंबुलेंस के अतिरिक्त पुलिस पायलट और एस्कार्ट्स की एक की जगह दो-दो गाड़ियां काफिले में थी। यह एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुने हुए मुख्यमंत्री द्वारा शाही अंदाज में राजसी ठाठ-बाट के प्रदर्शन के अतिरिक्त कुछ नहीं था। इसके साथ ही बड़े मिंया तो बड़े मिंया और छोटे मिंया सुबहानल्लाह की कहावत को चरितार्थ करते हुए भी सोलन के स्थानीय विधायक और हिमाचल सरकार के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल भी आठ गाडियों के साथ मेले में घूम रहे थे। मेरी समझ में चुने हुए प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों को काम करने के लिए जरूरी सुविधाएं मिलनी चाहिए, लेकिन आज नेताओं को जो सुविधाएं दी जा रही है वह उनकी शानो-शौकत को ही प्रदर्शित करती है और उनके कारणवश आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ता है। मेरे विचार में अब समय आ गया है कि शर्मनाक वीआईपी संस्कृति जिस पर आम करदाताओं के करोड़ों रुपए खर्च होते हैं को समाप्त किया जाए, लेकिन ऐसा करने की पहल उन्ही लोगों को करनी होगी, जो ऐसे विशेषाधिकारों का आनंद ले रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# भ्रां–बिनवा लिंक रोड बंद, आवाजाही ठप

## चार जिलों को जोड़ने वाला मार्ग बरसात में टूटा, विभाग ने जेसीबी भेजने का दिया भरोसा

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल तहसील की ऊटपुर पंचायत के भ्रां–बिनवा लिंक रोड की हालत बरसात में बुरी तरह से खराब हो गई है। अब यह मार्ग पूरी तरह बंद हो चुका है, जिससे स्थानीय लोगों, कर्मचारियों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में यह सड़क सरी मोलग तक वाहनों के लिए खुली थी, लेकिन अब लोगों को बिनवा तक पैदल सफर करना पड़ रहा है। पंचायत प्रधान संजय चौहान ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया गया था। विभाग ने जेसीबी भेजने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।


लडभड़ोल की ऊटपुर पंचायत के भ्रां–बिनवा लिंक रोड की हालत खस्ता।

हालांकि विभाग के सहायक अभियंता पवन गुलेरिया ने सोमवार को सड़क बहाली का कार्य जेसीबी से शुरू करवाने की बात कही है।

बता दें कि कांगड़ा जिले की तरफ हलोन तक पक्की बस योग्य सड़क बन चुकी है, जबकि मंडी जिले की सीमा में यह मार्ग अब भी कच्चा और जर्जर है। यह वही मार्ग है जिससे होकर बिनवा, सुजानपुर, हमीरपुर, चंडीगढ़ व दिल्ली तक का सबसे नजदीक रास्ता बनता है। यही कारण है कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवाजाही करते हैं। यही लिंक रोड माता सिमसा मंदिर और बाबा बालक नाथ मंदिर के दर्शन को जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी प्रमुख मार्ग है। दूर-दूर से श्रद्धालु इस रास्ते से होकर आते हैं, जिससे इसकी स्थिति और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। समाजसेवी जगतराम चौहान, लेखराज, सतीश कुमार समेत कई स्थानीय लोगों ने सड़क की त्वरित बहाली की मांग की है। स्थानीय विधायक प्रकाश राणा ने पूर्व में बिनवा खड्ड पर नाबार्ड की मदद से पक्का बस योग्य पुल बनवाने का वादा किया था और इसके लिए सर्वे सहित प्रारंभिक कार्य भी शुरू हुआ था, लेकिन जनता आज भी उस सुविधा की राह देख रही है।

### लोक निर्माण मंत्री से की लिंक रोड को पक्का करने की मांग

**क्षेत्रवासियों** ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से इस लिंक रोड को पक्का व बस योग्य बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर यह सड़क पूरी तरह पक्की व चालू हो जाए तो चार जिलों की हजारों जनता को सीधा फायदा मिलेगा और यह मार्ग पूरे क्षेत्र के लिए एक जीवन रेखा साबित होगा।

# टिकरी–सध्वाणी पेयजल योजना ठप एक माह से पानी को तरस रहे ग्रामीण

रितेश, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत भांबला के टिकरी-सध्वाणी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पेयजल संकट गंभीर होता जा रहा है। टिकरी-सध्वाणी उठाऊ पेयजल योजना, जो कि बतैल से संचालित होती है, बीते एक माह से लगातार बाधित चल रही है। इस योजना के माध्यम से टिकरी, डली, जोल, सध्वाणी, पालग, कुम्हरडा जैसे बड़े गांवों में पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन लगभग 1200 नल कनेक्शनों के बावजूद ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, योजना में लगी दो 20-20 हॉर्स पावर की मोटरों में से एक मोटर बीते दो महीने से खराब पड़ी है। दूसरी मोटर के सहारे सीमित मात्रा में पानी की आपूर्ति हो रही है, जो आवश्यकता के अनुरूप नहीं है।

**1200 नल कनेक्शन धरे के धरे, विभागीय आश्वासनों से त्रस्त जनता**

जल शक्ति विभाग के स्थानीय वाटर गार्ड श्याम लाल का भी कहना है कि एक ही मोटर से पूरी योजना को चलाना संभव नहीं है, जिससे सप्लाई में नियमित रुकावटें आती हैं। ग्रामीणों ने एसडीओ अनुभाग बल्द्वाड़ा से कई बार शिकायत की है, जिस पर विभाग की ओर से 40 हॉर्स पावर की नई मोटर लगाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक सिर्फ वायदों की पूर्ति हो रही है, जमीनी कार्य नहीं। स्थानीय निवासियों ठाकुर कृपा राम, ठाकुर कश्मीर सिंह, ठाकुर तेज सिंह, कमल प्रकाश, हरि सिंह सेठी, हरिराम, प्रवीण ठाकुर, रोशन लाल, सुनका राम व नारायण ठाकुर सहित अन्य ग्रामीणों ने सरकार व विभाग से तत्काल प्रभाव से उच्च हॉर्स पावर की मोटर स्थापित करने व सप्लाई में स्थायित्व सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को भी मजबूर होंगे।

### 2 दिन में होगी पेयजल आपूर्ति : विवेक हजारी

**जल** शक्ति विभाग सरकाघाट के अधिशाषी अभियंता इंजीनियर विवेक हजारी ने कहा कि नई मोटर पहुंच चुकी है दो दिनों के भीतर मोटर फिट की जा रही है। 2 दिन में लोगों को पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से मिल जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 90 लीटर दूध से बनी खीर का लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के बनाई हार गांव में अजय पाल युवक मंडल द्वारा श्रावण मास के उपलक्ष्य में रविवार को खीर भंडारे का आयोजन किया गया। मंडल के प्रधान दीपक ठाकुर ने बताया कि भंडारा सुबह 10 बजे आरंभ हुआ, जिसमें लगभग 90 लीटर दूध से बनी खीर का प्रसाद 500 से अधिक श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। इस आयोजन में युवक मंडल के सभी सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मंडल समाज में नशा उन्मूलन जैसे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय है और हाल ही में एक क्रिकेट प्रतियोगिता भी इसी उद्देश्य से आयोजित की गई थी। भंडारे में उपप्रधान सतीश कुमार, सचिव भारत भूषण, मीडिया प्रभारी साहिल ठाकुर सहित अनेक ग्रामीणों ने भाग लिया।

### लोक निर्माण विभाग की मनमानी व भ्रष्टाचार के खिलाफ आज सामूहिक उपवासः भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने लोक निर्माण विभाग जोगिंद्रनगर मंडल में फैले भ्रष्टाचार, मनमानी और तानाशाही पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि गढ़ही-भोलाकस सड़क जैसे मामलों में विभागीय मिलीभगत के बावजूद आज तक जनता को राहत नहीं मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारी बेलदारों से दफ्तरों में सीनियर असिस्टेंट्स का कार्य, और चपड़ासियों से संवेदनशील काम करवा रहे हैं। एक्सियन पर निजी कार्यों में सरकारी कर्मियों की तैनाती का भी आरोप लगाया गया। कुशाल भारद्वाज ने जनता से अपील की है कि वे 28 जुलाई को सुबह 10:30 बजे एक्सियन कार्यालय के बाहर आयोजित सामूहिक उपवास में भाग लें और भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं।

### 410 परिवारों को बांटे वाटर फिल्टर व डस्टबिन

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल की समौड़ पंचायत ने एक सराहनीय और अनूठी पहल करते हुए पंचायत के सभी 410 परिवारों को वाटर फिल्टर और डस्टबिन वितरित किए हैं। यह कार्य 15वें वित्त आयोग के तहत किया गया, जिससे समौड़ पंचायत पूरे उपमंडल में ऐसा करने वाली पहली पंचायत बन गई है। प्रधान प्रताप सकलानी ने कहा कि उनका सपना है कि समौड़ पंचायत न केवल उपमंडल में, बल्कि पूरे प्रदेश में एक मॉडल पंचायत के रूप में स्थापित हो। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत के बाकी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर समस्त पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### छोटाभंगाल-चौहार वेलफेयर एसोसिएशन जल्द शिमला में सीएम को सौंपेगी ज्ञापन

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल और चौहार घाटी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर ने जानकारी दी है कि लंबे समय से घाटी में चली आ रही शैक्षणिक व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह



सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा जाना था, लेकिन यह मुलाकात अस्थायी रूप से टल गई है। उन्होंने बताया कि बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल की अगुवाई में शिमला में यह बैठक तय थी, परंतु मुख्यमंत्री की अस्वस्थता के चलते फिलहाल उनसे मुलाकात संभव नहीं हो पाई। सीताराम ठाकुर ने बताया कि ज्ञापन में राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में वर्षों से खाली चल रहे प्राचार्य और प्रोफेसरों के पदों को भरने तथा बरोट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की नियुक्ति जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। उन्हें विश्वास है कि मुख्यमंत्री के स्वस्थ होते ही यह मुलाकात होगी और दोनों घाटियों की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान निकलेगा।

### पुण्यतिथि पर वृद्ध आश्रम भंगरोटू में बांटे फल

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हिमोत्कर्ष साहित्य संस्कृति एवं जन कल्याण परिषद के संस्थापक, समाज सेवा के प्रेरणास्रोत व मार्गदर्शक स्वर्गीय कुंवर हरि सिह की पांचवीं पुण्यतिथि पर मंडी नेरचौक इकाई द्वारा वृद्ध आश्रम भंगरोटू में फल बांटे। सर्वप्रथम इकाई प्रधान योगेंद्र पाल वालिया, परमजीत सिंह सेठी, प्यार सिंह परमार, विजय ठाकुर, विनोद जसवाल, सीताराम वर्मा व हरीश कुमार ने स्वर्गीय कुंवर हरि सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी उपरांत उसके वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्धों के साथ भावनात्मक चर्चा की व उन्हें फल बांटे। प्रधान वृद्ध आश्रम दिनेश वशिष्ठ के आग्रह पर संस्था ने एक सीलिंग फैन भी वृद्ध आश्रम के लिए भेंट किया ।

### राधा संस्था नग्गर में रक्तदान शिविर 30 को

**अनंत ज्ञान, बरोट।** हिमाचल ब्लड टाईगर बैजनाथ महाकाल समाजसेवी संस्था के सौजन्य से इस वर्ष भी मनाली के नग्गर क्षेत्र में स्थित राधा संस्था में 30 जुलाई को एक दिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर दिवंगत बालक संतोष की स्मृति में हर वर्ष आयोजित किया जाता है। संस्था के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजकुमार शर्मा ने बताया कि यह शिविर उस मासूम की आखिरी इच्छा को श्रद्धांजलि है, जिसने बीमारी में बिस्तर पर रहते हुए अपनी मां से कहा था - 'मां, जब मैं ठीक हो जाऊंगा, तो मैं भी रक्तदान करूंगा।' दुर्भाग्यवश वह बालक अब इस दुनिया में नहीं रहा, लेकिन उसकी यादें व भावना इस शिविर के माध्यम से जीवित हैं।

# पपलोग पंचायत कार्यालय में अंधेरा, कामकाज ठप

## सचिव की लापरवाही पड़ी भारी, बिजली बिल जमा न करने पर काटा कनेक्शन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**धर्मपुर** विधानसभा क्षेत्र की पपलोग पंचायत के पंचायत कार्यालय में ब्लैकआउट हो गया है। बिजली विभाग ने पंचायत की बिजली आपूर्ति काट दी है। जानकारी के अनुसार, पंचायत सचिव द्वारा समय पर बिजली बिल जमा नहीं किया गया था, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई है।

पंचायत प्रतिनिधियों से कार्यालय में लगे कंप्यूटर और अन्य उपकरण बंद पड़ गए, जिससे वहां आए ग्रामीणों के जरूरी काम अधूरे रह गए। पंचायत कार्यालय में जरूरी दस्तावेज लेने आए लोगों को परेशान होकर खाली हाथ लौटना पड़ा। पंचायत प्रधान सरस्वती देवी ने कहा कि पंचायत की हर महीने होने वाली बैठक में सचिव को बिजली के बकाया बिल को भरने को लेकर कहा जाता रहा परंतु अब बिजली कटने का खामियाजा पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उनका बताया कि सचिव की लापरवाही की शिकायत बीडीओ धर्मपुर को भेज दी है। एसडीओ सरकारी इंजीनियर राज सिंह पराशर ने बताया कि पंचायत से पिछले 8 महीने से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा था इसलिए सप्लाई काट दी गई है।

### पंचायत सचिव से होगी रिपोर्ट तलबः बीडीओ

**इस** मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी धर्मपुर बालम राम ने कहा कि इस बारे पंचायत सचिव से रिपोर्ट तलब की जाएगी कि फंड होने बाद भी बिल क्यों नहीं भरा गया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जल्द ही बिजली कनेक्शन बहाल कराया जाएगा, ताकि आमजन के कार्यों में बाधा न आए।

**आज जमा कर दिया जाएगा बिजली का बिलः सचिव**

शनिवार को बैंक बंद होने के पंचायत सचिव हेमराज ठाकुर ने कहा कि विभाग द्वारा बिल देरी से दिया गया था। शनिवार को बैंक बंद होने के कारण बिल नहीं भरा जा सका सोमवार को बिल भर दिया जाएगा।

ग्रामीणों में इस लापरवाही को लेकर नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि ऐसे मामलों में लापरवाही से न सिर्फ सरकारी कार्य प्रभावित होते हैं, बल्कि जनता को भी परेशानी उठानी पड़ती है।

### नहीं मिले नहर में डूबे दोनों युवाओं के शव

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीबीएमबी नहर में शुक्रवार रात मंडी जिले के बग्गी में नहर में डूबे दो युवाओं को ढूंढने के लिए एनडीआरएफ की टीम ने धनोटू से बग्गी तक नहर छान मारी। मगर कोई भी सुराग नहीं मिल पाया। स्थानीय लोगों ने बीबीएमबी प्रशासन का कड़ा विरोध किया है। स्थानीय निवासी चित राम, मोनिका देवी, कृतिका ठाकुर,अंशु, रामलाल, आर्दश, सोनू और दुकानदार गौरव ने कहा कि अगर बीबीएमबी प्रशासन इस नहर की दोनों ओर जाली लगा देता तो यह यह हादसा पेश नहीं आता। हिमाचल को ठेंगा दिखाने का काम बीबीएमबी कर रहा है। आजकल जहां नहर के दोनों किनारों में तारबंदी लगाने का काम चल रहा है,लेकिन यह जहां नहर के ऊपर पुल है,उसी के मात्र सौ मीटर के दायरे तक ही सीमित है। इस नहर ने आज तक हजारों लोगों व बेसहारा गौ वंश का जीवन लील लिया है।

# मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ हुई अभद्रता की परिषद ने की निंदा

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**एससी, एसटी व पिछड़े वर्गों का यह अपमान स्वीकार योग्य नहीं: चमन राही**

**मंडी।** सराज विधानसभा क्षेत्र में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के काफिले पर काले झंडे और जूते फेंकने की घटना की अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद ने कड़ी आलोचना की है। परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने रविवार को जारी बयान में कहा कि मंत्री जगत सिंह नेगी हमेशा अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी वर्ग के हितों की पैरवी करते आए हैं, ऐसे में मंडी जिले में इस प्रकार की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। चमन राही ने कहा कि मंडी की संस्कृति हमेशा से अतिथि सत्कार की रही है, लेकिन जिस तरह का व्यवहार सराज क्षेत्र में मंत्री नेगी के साथ हुआ,



वह राज्य की गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। उन्होंने कहा किइस तरह की घटनाएं हिमाचल की सभ्यता को ठेस पहुंचाती हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन और खुफिया तंत्र पर भी सवाल उठाए, कि यदि इस तरह की घटना की आशंका थी, तो पहले से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं किए गए। परिषद ने भाजपा से भी इस मामले पर स्पष्टीकरण और जवाबदेही की मांग की है। चमन राही ने कहा कि राजनीतिक मतभेदों को इस स्तर तक नहीं ले जाना चाहिए कि लोकतंत्र की गरिमा और सामाजिक सौहार्द्र प्रभावित हो।

# सड़क सुविधा न होने से ढांक से गिरी महिला की दुखद मृत्यु

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**सरकाघाट** से 25 किलोमीटर दूर हक गरली के साथ लगता छोटा सा गांव साहन। यहां पर आज से 25 वर्ष पहले लगभग 100 आदमी इस गांव में रहते थे देखते-देखते अब यह गांव पूरी तरह से खाली हो चुका है। बड़े-बड़े महल नुमा घर अब वीरान हो गए हैं कारण आज भी यहां सड़क सुविधा नहीं है।

बीते शनिवार को इस गांव की कौशल्या देवी उम्र 80 वर्ष 1000 फुट से भी ऊंची ढांक से गिरकर मृत्यु को प्राप्त हो गई। क्योंकि इस जगह के लिए पैदल चलने के लिए रास्ते भी नहीं है जो रास्ते 50 100 वर्षों से बने थे उन्हें सड़क बनाने के लिए जेसीबी से तोड़ दिया गया और अब ना ही सड़क बनी है और ना ही रास्ते बचे हैं जिसके कारण गत रोज यह महिला पहाड़ी से गिर गई और इसका दुखद निधन हो गया। बड़ी मुश्किल से गांव वालों ने महिला के शव को सरकाघाट थाने में पहुंचा रिपोर्ट करवाई अस्पताल में ले जाकर पोस्टमार्टम करवाया और सुविधा के नाम पर प्रशासन ने 25000 रुपए की राहत राशि प्रदान करके अपना काम खत्म कर दिया। प्रशासन का बस इतना सा ही काम है।

### खाली हो रहा है गांव

**खाली** हो चुका है पूरा गांव कई पहाड़ी से गिर के मर गए और कई गांव छोड़कर पलायन कर गए। इस गांव के कई बुजुर्ग मंडी में कोई पंडोह में तो कोई दूसरी जगह में बीमारी के कारण बैठे हैं और अपने गांव की सड़क को बनने का इंतजार कर रहे हैं कई लोग तो सड़क सुविधा के इंतजार में अपने प्राण भी त्याग चुके हैं।

# सरकाघाट तहसीलदार ने एक दिन में किए 130 इंतकाल

## शाम 7 बजे तक करते रहे काम, फौजी का जज्बा दिखाकर 5 साल की निशानदेही भी निपटाई

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट तहसील में शनिवार का दिन आम दिनों से कुछ अलग रहा। तहसीलदार ने फौजी सख्ती व जनसेवा के जज्बे को मिलाकर ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिसकी चर्चा अब पूरे इलाके में हो रही है। लंबे समय से लंबित इंतकाल के मामलों को निपटाने के लिए उन्होंने विशेष अभियान चलाया व एक दिन में 130 मामलों का निपटारा कर डाला।

शनिवार को जब तहसीलदार मनीष कुमार ने खुद मोर्चा संभाला, तो देर शाम 7 बजे तक में 130 लोगों को न्याय मिल गया। इंतकाल के बिना किसी ने लोन लेना था तो किसी ने लोन चुकाया था परंतु उनके काम नहीं हो पा रहे थे यह इंतकाल काफी हादसे से लंबित पड़े थे तहसीलदार ने लोगों की शिकायतों के बाद हलके के सभी


देर सायं तक काम करते हुए सरकाघाट के तहसीलदार मनीष कुमार।

राजस्व अधिकारियों कानूनगो और पटवारी को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि आम जनता तक यह आदेश पहुंचाएं कि हर हाल में उनके इंतकाल किए जाएंगे और सभी राजस्व अधिकारियों को इंतकालों को दर्ज कर अपनी जमाबंदी में साथ लाने को कहा था हालांकि जिलाधीश मंडी द्वारा 3 महीने में निशानदेही व एक माह में इंतकाल करने के सख्त आदेश दिए थे। बावजूद इसके क्षेत्र के कई पटवारी लोगों को हर बार कोई ना कोई बहाना लगा टाल रहे थे इसकी कई शिकायते तहसीलदार के पास पहुंच रही थी उसी पर संज्ञान लेकर उन्होंने यह रिकॉर्ड कायम किया। विशेष बात यह रही कि इस दौरान उन्होंने 5 साल की निशानदेही का मामला भी हल कर दिया।

### जनता ने की सराहना

**सरकाघाट** निवासी कृष्णा देवी नरेंद्र कुमार दिनेश वनयाल उषा देवी संगीता शर्मा कहती हैं कि हमारा इंतकाल कई अर्से से अटका था, आज ही सब हो गया। ऐसा अफसर हर जगह होना चाहिए। इस विशेष अभियान के दौरान, स्टाफ ने भी ओवरटाइम किया और जनता की सहायता में कोई कसर नहीं छोड़ी। लोग तहसीलदार की सराहना कर रहे हैं।

### क्या कहते हैं मनीष

**तहसीलदार** मनीष का कहना है कि जिलाधीश मंडी अपूर्व देवगन का सभी अधिकारियों को निर्देश है कि काम के प्रति समर्पण और जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता ही प्रशासन का असली चेहरा होना चाहिए । उन्होंने बताया कि जब वे फौज में थे, तो समय की कीमत और अनुशासन की अहमियत सीखी थी।

# 15 आपदा प्रभावितों को दी राहत राशि

## हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा दिल्ली व हिमाचल मित्र मंडल ने की मदद

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान

**गोहर।** हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा दिल्ली व हिमाचल मित्र मंडल ने गोहर और करसोग में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 15 पीड़ितों को दस-दस हजार की राहत राशि प्रदान की है। बताते चलें कि दिल्ली में रह रहे हिमाचल के निवासियों द्वारा इन संस्थाओं की नींव रखी थी और यह संस्थाएं समय-समय पर हिमाचल में विभिन्न प्रकार की सामाजिक गतिविधियों व आपदाओं में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती रही हैं।


आपदा प्रभावितों को सहयोग राशि प्रदान करते हुए।

संस्था द्वारा समय-समय पर आंखों के फ्री आपरेशन कैंप और अन्य गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व हिमाचल मित्र मंडल के चीफ पैटर्न किशोरी लाल शर्मा व संस्था के सदस्यों ने आज एसडीएम गोहर बचित्तर सिंह ठाकुर से मुलाकात की और उनके माध्यम से गोहर के बस्सी व स्यांज के आठ आपदा प्रभावितों को दस-दस हजार रूपयों की सहायता राशी प्रदान की।

किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि गत दिवस संस्था के पदाधिकारियों ने करसोग के आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और वहां 7 प्रभावितों को राहत राशी प्रदान की। उन्होंने बताया कि धर्मपुर में 25 प्रभावितों को और सराज में 21 प्रभावित परिवारों को चिन्हित किया गया है। संस्था द्वारा इन क्षेत्रों में भी शीघ्र राहत राशि प्रदान की जाएगी।

# बुजुर्ग से पर्स छीनने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर पुलिस ने 91 वर्षीय बुजुर्ग से छीनाझपटी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह घटना 17 जुलाई को उस समय हुई थी जब मकड़ैना निवासी एक बुजुर्ग सैर से लौट रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने उनका पर्स छीन लिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत मिलते ही मामले की जांच शुरू कर दी थी। कड़ी मेहनत और लगातार प्रयासों के बाद बीती रात यानी 26 जुलाई को पुलिस ने आरोपी को जोगिंदरनगर रेलवे स्टेशन क्षेत्र से धर दबोचा। आरोपी की पहचान दिनेश कुमार (27), निवासी गांव बालकरूपी, डाकघर जलपेहड़, तहसील जोगिंद्रनगर के रूप में की गई है। थाना प्रभारी सकिनी कपूर ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले की गहराई से जांच जारी है। पुलिस इस बात का भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी पहले भी किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल रहा है या नहीं। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता और सक्रियता की सराहना की है तथा बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त चौकसी की मांग की है।

**बालकरूपी गांव का युवक गिरफ्तार**

# आपदा में मंडी उपेक्षित, सरकार कर रही सौतेला व्यवहार : महेश सपहिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**कहा- अनुराग व जयराम ने निभाई जिम्मेदारी, राहत कार्यों में दिखाया समर्पण**

**प्रदेश** जहां एक ओर भारी बारिश के भयंकर परिणाम भुगत रहा है वहीं कांग्रेस पार्टी की सरकार के नुमाइंदे केवल राजनीति करने तक सीमित हो गए हैं और इस विषम समय में अपनी जवाबदेही से भाग रहे हैं।

मंडी में भारी बारिश से आई आपदा में प्रदेश सरकार की ओर से राहत कार्यों में गंभीरता की कमी को लेकर यह बड़ा हमला भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेश सपहिया ने किया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार जिला मंडी के साथ पिछले अढ़ाई वर्षों से भेदभाव कर रही है परन्तु जब संकट का समय हो और भारी बारिश ने दर्जनों लोगों की जिंदगी छीन ली हो और सैकड़ों घर भारी भू कटाव के कारण नष्ट हो गए हो तो सरकार को उचित और त्वरित कदम उठाने चाहिए थे न कि ओछी राजनीति करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि पूर्व



मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर लगातार आपदा के समय सिराज और अन्य क्षेत्रों में दिन रात कार्य करते रहे और पीड़ितों की हर संभव सहायता करते हुए उनके साथ खड़े नजर आए। उनके साथ ही हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर भी पीड़ितों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें उचित सुविधाएं पहुंचाने में अग्रणी भूमिका में नजर आए।

# एचपी शिवा परियोजना के तहत सरकाघाट के बही क्लस्टर में अमरूद पौधरोपण अभियान शुरू

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**प्रदेश** सरकार की महत्वाकांक्षी हिमाचल उपोष्ण कटिबंधीय बागवानी परियोजना (एचपी शिवा) के अंतर्गत मंडी जिला के सरकाघाट उपमंडल के बही क्लस्टर में अमरूद पौधरोपण अभियान का विधिवत शुभारंभ आज राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा किया गया। वही क्लस्टर की कुल 9.3 हेक्टेयर भूमि पर 'हिसार सफेदा' प्रजाति के कुल 10,332 अमरूद पौधे लगाने की योजना है। प्रथम चरण में 4,444 पौधे रोपे जाएंगे। इस कार्य में कुल 30 किसान भागीदारी निभा रहे हैं।



पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान मंत्री जगत सिंह नेगी का स्वागत करते हुए पवन ठाकुर।

उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत बही क्लस्टर के भूमि निर्माण, बाड़बंदी और सिंचाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बही क्लस्टर में सरकार द्वारा लगभग 1.43 करोड़ खर्च किया जा रहा है, जिसमें क्लस्टर भूमि निर्माण पर कुल लगभग 13.93 लाख, बाड़बंदी पर 43.71 लाख और ड्रिप सिंचाई प्रणाली की स्थापना पर 85.31लाख रूपये खर्च किए जाएंगे।

इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर, संयुक्त निदेशक बागवानी डॉ वेद प्रकाश बैंस, उप निदेशक बागवानी डॉ संजय गुप्ता, एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा, डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम, विषयवाद विशेषज्ञ अनिल कुमार ठाकुर, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग विवेक हाजरी, अधिशाषी अभियंता विद्युत राज कुमार गुप्ता, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, किसान तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**सुविधा** | बुल्हा भड़याड़ा के समखेतर में जायका परियोजना और सुक्खू सरकार की पहल से बदला गांव का भविष्य

# बंजर खेतों में हरियाली और किसानों में लौटी मुस्कान

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**जोगिंद्रनगर** उपमंडल की ग्राम पंचायत बुल्हा भड़याड़ा के समखेतर गांव में वर्षों से सूखे पड़े बंजर खेतों में अब लहराती फसलें देखकर किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। यह बदलाव संभव हुआ है सीएम सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा फसल विविधिकरण उपायों को प्रोत्साहित करने से। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में 'सुक्खू' सरकार के प्रयास अब धरातल पर रंग लाने लगे हैं।

प्रदेश सरकार के सतत प्रयासों से जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जायका) की सहायता से हिमाचल के लिए फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना स्वीकृत की गई है। प्रदेश सहित मंडी जिला में जाइका के माध्यम से विभिन्न परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें फसलों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने का भी प्रावधान है।

जायका के माध्यम से समखेतर गांव के लिए 39.47 लाख रुपए की लागत से बहाव सिंचाई परियोजना निर्मित की गई है। इस परियोजना के तहत, भेड़े नाला से पानी को पाइपलाइन व पक्की नालियों और अन्य संरचनात्मक उपायों के जरिये खेतों तक पहुंचाया गया। इससे पहले जो जमीन बंजर हो चुकी थी, वह अब दोबारा कृषि योग्य बन गई है। स्थानीय किसानों के अनुसार, अब वे वर्ष में दो फसलें उगाने में सक्षम हो गए हैं। उनका कहना है कि खेती के लिए पहले जहां सिर्फ वर्षा पर निर्भरता थी,


समखेतर गांव में खेतों की सिंचाई के लिए 39.47 लाख से बनाई कूहल।

वहीं अब सिंचाई की सुविधा ने उन्हें आत्मनिर्भर बना दिया है।

समखेतर गांव की शीला देवी ने बताया कि उनके खेत पिछले 10-12 साल से बंजर हो चुके थे, क्योंकि सिंचाई के साधन सीमित थे। अब इस परियोजना से खेतों में नमी बनी रहती है और लोग गेहूं, मक्की व सब्जियां भी उगा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें परियोजना के तहत अदरक व हल्दी के बीज भी प्रदान किए गए हैं। जंगली जानवरों के डर से बंजर छूटी भूमि अब दोबारा उपजाऊ हो गई है। इस फसल के तैयार होने पर जाइका के माध्यम से ही इसे खरीदा जाना है। इससे न केवल किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी, बल्कि घर-द्वार पर ही बिक्री के लिए बाजार भी उपलब्ध हुआ है।

ग्राम प्रधान भीम सिंह ने बताया कि इस परियोजना ने गांव की कृषि व्यवस्था को एक नई दिशा दी है। युवाओं में भी खेती को लेकर उत्साह बढ़ा है और प्रवास की प्रवृत्ति में कमी आई है। इस परियोजना को सफल बनाने में खंड परियोजना प्रबंधन इकाई, सरकाघाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ग्रामीणों को समय-समय पर तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे वे पानी का कुशल प्रबंधन कर सकें। खंड परियोजना प्रबंधक सरकाघाट अश्वनी कुमार ने बताया कि इस परियोजना से लगभग 12.80 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हुई है। इससे क्षेत्र के लगभग 70 किसान परिवार लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस सिंचाई परियोजना को समयबद्ध पूरा किया गया है। इसके अलावा किसानों को अदरक व हल्दी के मुफ्त बीज प्रदान किए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व विधायक स्व. गणेश दत्त के निधन पर जताया शोक



**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक स्व. गणेश दत्त भरवाल के निधन पर आज उनके पैतृक गांव भेरा हम्बोली में शोक की लहर छाई रही। इस दुखद अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री रमेश धवाला जी विशेष रूप से भेरा हम्बोली पहुंचे और स्व. भरवाल के परिजनों से मिलकर गहरा शोक प्रकट किया। श्री धवाला ने स्वर्गीय गणेश दत्त भरवाल को समर्पित, कर्तव्यनिष्ठ व जनसेवा को समर्पित नेता बताया। उन्होंने कहा कि भरवाल जी का राजनीतिक व सामाजिक जीवन अनुकरणीय रहा और उनके निधन से प्रदेश को अपूरणीय क्षति हुई है। इस दौरान भाजपा के रमेश चौधरी, जय देव खट्टा व कई अन्य पदाधिकारी व स्थानीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। परिवारजनों से मिलकर रमेश धवाला ने उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि इस कठिन समय में वे और पूरी भाजपा परिवार उनके साथ है।

### विजय पटियाल बने प्राथमिक शिक्षक संघ जोल के प्रधान




**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड जोल का 3 वर्षीय चुनाव राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला धमांदरी में रविवार को आयोजित किया गया। इसमें विजय पटियाल मुख्य शिक्षक राजकीय प्राथमिक पाठशाला अम्बेहड़ा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा रविंद्र कुमार राजकीय प्राथमिक पाठशाला घंडावल को महासचिव, अनिल कुमार राजकीय प्राथमिक पाठशाला नारी को कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार राजकीय प्राथमिक पाठशाला क्यारियां को महालेखाकार व भजन लाल राजकीय प्राथमिक पाठशाला सोहारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। इस चुनाव में वरिंद्र ठाकुर, किशोरी लाल व राजेश नरयाल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। प्रधान विजय पटियाल ने उन्हें सर्वसम्मति से खंड प्रधान चुने जाने पर पूरी कार्यकारिणी का आभार जताया है। प्रधान चुने गए विजय पटियाल और महासचिव रवींद्र कुमार ने कहा कि सभी अध्यापकों को साथ लेकर चलेंगे। संगठन की तमाम समस्याओं का मांगों को सरकार,प्रशासन व शिक्षा विभाग तक पहुंचाने में बेहतर कड़ी का काम करेंगे।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कल से

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उप तहसील जोल के लक्ष्मी नारायण मंदिर चौकीमिनार में कौशल परिवार और समस्त ग्राम वासियों की ओर से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 29 जुलाई से 5 अगस्त तक किया जाएगा। कौशल परिवार ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 जुलाई मंगलवार को शोभा यात्रा 4:30 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर से श्री ऊषा माता मंदिर तक निकली जाएगी। श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक आचार्य शिवकुमार शास्त्री अपने मुखारविंद से प्रवचन करेंगे। 30 जुलाई को कथा का शुभारंभ 10:30 बजे से 2:30 बजे तक किया जाएगा। कथा में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### मलाहत खेल मैदान की हालत बेहद दयनीय



**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना के अंतर्गत पड़ते गांव मलाहत स्थित खेल मैदान की हालत सुधारने का आश्वासन देकर ग्राम पंचायत के युवाओं को लुभाने का प्रयास किया गया। कई वर्षों बाद भी खेल मैदान की समस्या दूर नहीं हो सकी है। युवाओं का कहना है कि पंचायती भूमि पर बने इस खेल मैदान की मिट्टी को पंचायत के कई प्रतिनिधियों द्वारा बड़े स्तर पर प्रशासन की नाक के नीचे से बेचा गया है और प्रशासन आंखें मूंदे हुए हैं । बरसात के दौरान इस मैदान की मिट्टी सड़क पर पानी के साथ बहकर मार्ग पर जमा हो गई जिससे लोगों को वाहन चलाने में परेशानी का सामना अलग से करना पड़ा है। पंचायत वासी तरूण ठाकुर ने कहा की वर्तमान प्रदेश सरकार गांव के युवाओं के साथ भेदभाव कर रही हैं।खेल मैदान की बदहाली के लिए सिर्फ और सिर्फ सरकार जिम्मेदार हैं। आगे उन्होंने कहा कि वैसे प्रदेश सरकार समय समय पर युवाओं के लिए खेल गतिविधियां चलाने की बड़ी बड़ी बातें करती रहती हैं परंतु ये बातें सिर्फ दिखावा बनकर रह चूकीं हैं ज़मीनी हकीकत बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों से इस मैदान पर कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ है। सरकार और प्रशासन को खेल मैदान पर राजनीति नहीं करनी चाहिए बल्कि दोषियों पर कार्रवाई करके युवाओं के लिए काम करना चाहिए।

# चिंतपूर्णी माता के दरबार में श्रद्धा का सैलाब

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



धार्मिक शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में चल रहे सावन अष्टमी मेला के तीसरे दिन रविवार को भक्तों का जन सैलाब उमड़ा। शनिवार शाम से ही श्रद्धालु की अत्यधिक संख्या के चलते रविवार को संपूर्ण मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं से भर गया।

आलम यह रहा कि रविवार को श्रद्धालुओं की डबल लाइन लुधियाना धर्मशाला, जगदंबा ढाबा को पार करती हुई होटल आराध्या तक जा पहुंची जो कि अब तक का तीसरे मेले का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। रविवार को लगभग 40000 से ऊपर श्रद्धालुओं ने मां की पवित्र पिंडी के दर्शन प्राप्त की। रविवार को दिन भर बारिश के चलते श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई। माता के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु लाइन व्यवस्था को बनाते हुए अपनी बारी का इतजार करते रहे।

रविवार को अत्यधिक भीड़ के चलते मंदिर प्रशासन में सभी सुरक्षा बलों को अलर्ट पर रखा । अलर्ट होने के बावजूद भी समय और स्थिति के मुताबिक यह व्यवस्था थी कम नजर आ रही थी। हालांकि मंदिर में तैनात एक्स सर्विसमैन व होमगार्ड के जवानों ने मोर्चा संभाला हुआ था । उसके बावजूद श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के सामने यह व्यवस्था कम नजर आई।

### सीसीटीवी कैमरे से शरारती तत्वों पर रखी जा रही निगरानी

**मेले** में स्वास्थ्य विभाग ने खाने पीने की चीजों को ढक कर ओर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से एमएचएस मोहन लाल, यशवंत सिंह, रामपाल लखविंद्र पर आधारित टीम ने विभिन्न सेक्टरों में निरीक्षण किया। मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने बताया कि रविवार छुट्टी होने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ में बढ़ोतरी हुई है। जिसे लेकर मंदिर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। संपूर्ण क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे से शरारती तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है।

### एसडीएम ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**एसडीएम** अंब और सहायक मेला अधिकारी ने रविवार को व्यवस्था के बारे में बातचीत की और बताया कि लाइनों में लोगों के घुसने की शिकायत पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त पुलिस को लाइनों के आसपास डेप्लॉय कर दिया। सुगम दर्शन पास को भी काफी समय तक निलंबित रखा गया ताकि लाइन में लगे श्रद्धालु जल्द दर्शन कर सकें। किसी भी गाड़ी को मुख्य बैरियर से आगे नहीं आने दिया गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं को लाइन में निशुल्क पानी मिलता रहे, इसके भी उचित प्रबंध किए गए हैं। सफाई कर्मियों को सफाई रखने के उचित दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### पहले दिन 14,51,854 रुपए का चढ़ावा

**एसडीएम** ने बताया कि तीन दिनों में एक लाख के आसपास श्रद्धालु माता के दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं और आने वाले दिनों में भक्तों की तादाद में काफी वृद्धि होने का अनुमान है। पहले दिन श्रद्धालुओं द्वारा 14,51,854 रुपए का नगद चढ़ावा माता रानी के दरबार में अर्पित किया गया है। दूसरे दिन के चढ़ावे की गिनती अभी जारी है जो देर शाम तक आएगी।

वहीं मुख्य पुजारी एवं पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंद्र ने बताया कि शनिवार और रविवार को अत्यधिक भीड़ होने के कारण श्रद्धालु द्वारा मां की पिंडी के दर्शन प्राप्त किया ।

# गगरेट बस स्टैंड के समीप ईंटों से लदे ट्रक की ब्रेक फेल, बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

हादसों की सड़क के रूप में अपनी पहचान बना रहे गगरेट-होशियारपुर सड़क मार्ग पर शनिवार रात्रि ईंट लेकर आ रहे एक ट्रक की बस स्टैंड से कुछ पीछे ढलानदार सड़क पर अचानक ब्रेक फेल हो जाने से एक बड़ा हादसा होते बाल-बाल टल गया। ट्रक होशियारपुर से ईंटे लेकर हमीरपुर के टौणी देवी जा रहा था। जैसे ही ट्रक गगरेट बस स्टैंड से पीछे ढलानदार सड़क से गगरेट बाजार की ओर आ रहा था कि अचानक ट्रक में आई तकनीकी खराबी से ट्रक की ब्रेक फेल हो गई लेकिन ट्रक चालक की समझदारी से बड़ा हादसा होने से टल गया।

गनीमत यह रही कि मां चिंतपूर्णी के नवरात्र मेले के चलते कई श्रद्धालु पैदल ही इसी मार्ग से गगरेट की ओर आ रहे थे लेकिन इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

गगरेट बस स्टैंड से पीछे ढलानदार सड़क कई हादसों की गवाह बन रही है। इससे पहले भी इस सड़क मार्ग पर कई मालवाहक वाहनों मे आई तकनीकी खराबी से ब्रेक छोड़ गए और कई बार ऐसे अनियंत्रित ट्रक बस स्टैंड के समीप स्थित सरकारी स्कूल के पास आकर दुर्घटनाग्रस्त हुए। एक हादसे में तो एक ट्रक ने एक स्कूली बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया था तो दो बार अनियंत्रित ट्रक एक दुकान व एक घर में जा घुसे थे। बार-बार हो रहे हादसे यहां रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं और शनिवार रात्रि भी इसी ढलानदार सड़क पर होशियारपुर से ईंटे लेकर आ रहा ट्रक यहां हादसे का शिकार हुआ। ट्रक चावलक ने बड़ी होशियारी के साथ ट्रक को सड़क के साथ लगती रेलिंग के सहारे ट्रक को रोकने का प्रयास किया लेकिन इस प्रयास में सड़क के साथ सटा एक मकान भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया।

### मोटरसाइकिल-पिकअप में टक्कर, एक घायल

**गगरेट** के पांवड़ा-थप्पलां मार्ग पर एक मोटरसाइकिल व पिकअप जीप में हुई टक्कर में मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मोटरसाइकिल चालक देवेंद्र सिंह निवासी बबेहड़ थप्पलां की ओर जा रहा था कि विपरित दिशा से आ रही एक पिकअप के साथ उसकी मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। इसके चलते वह बुरी तरह से लहूलुहान हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही यातायात पुलिस ने मौका पर पहुंच कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मध्यम वर्ग के लिए राहत न मिली तो होगा जनांदोलन : 'आप'

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश ने राज्य में किसानों, छोटे व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति को लेकर सरकार को चेतावनी दी है। पार्टी के ऊना जिलाध्यक्ष कृष्ण गोपाल गर्ग ने कहा कि प्रदेश में किसान प्राकृतिक आपदाओं और महंगे उत्पादन खर्चों के कारण बुरी तरह से कर्ज में डूब रहे हैं, वहीं छोटे व्यापारी ऑनलाइन बाजार और महंगाई की मार झेल रहे हैं। मध्यमवर्गीय परिवार भी बेरोजगारी और कर्ज की किस्तों में पिसते नजर आ रहे हैं।

कृष्ण गोपाल गर्ग ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जहां देश के बड़े पूंजीपतियों के हजारों करोड़ रुपए के लोन माफ किए जा रहे हैं, वहीं देश का अन्नदाता, व्यापारी और आम परिवार सरकार की उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं।

उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों के 5 लाख तक के कृषि ऋण तत्काल माफ किए जाएं। छोटे व्यापारियों को राहत पैकेज और विशेष संरक्षण नीति दी जाए। मध्यमवर्गीय परिवारों के गृह, शिक्षा व व्यक्तिगत ऋणों में राहत दी जाए। महंगाई पर काबू पाने के लिए ठोस नीति बनाई जाए। चेतावनी दी कि यदि सुक्खू सरकार और केंद्र ने इन मांगों पर शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, तो आम आदमी पार्टी जनसमर्थन के साथ सड़कों पर उतरेगी और बड़ा जनांदोलन छेड़ेगी।

# उपमुख्यमंत्री ने दुलैहड़ में घटना स्थल का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के दुलैहड़ गांव पहुंचकर हाल ही में घटी दर्दनाक घटना का जायजा लिया। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व बिजली की टूटी तार की चपेट में आने के कारण यहां 10 भैंसों की मौके पर ही करंट लगने से मौत हो गई थी।

उपमुख्यमंत्री ने प्रभावित पशुपालक जाकुब अली सहित पीड़ित परिवारों व ग्रामीणों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत पीड़ादायक व

**प्रभावित को तुरंत मुआवजे की घोषणा**

दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। अग्निहोत्री ने प्रभावित पशुपालकों को 5 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। प्रशासन व बिजली बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस घटना की निष्पक्ष व त्वरित जांच की जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, बिजली बोर्ड के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक स्व. गणेश दत्त के आवास पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदनाएं



**उपमुख्यमंत्री** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय गणेश दत्त भरवाल के निधन पर शोक प्रकट करने उनके हम्बोली स्थित आवास पहुंचे। श्री गणेश दत्त भरवाल का 20 जुलाई की रात को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि श्री भरवाल का निधन प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। वे सहज, विनम्र और जनसेवा के प्रति समर्पित नेता थे। वर्ष 1985 में पहली बार विधायक बनने के बाद उन्होंने जनता की समस्याओं को मुखरता से उठाया और चिंतपूर्णी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि श्री भरवाल का जनता से गहरा जुड़ाव, सामाजिक सरोकारों के प्रति निष्ठा और सादगीपूर्ण जीवनशैली हमेशा स्मरणीय रहेगी।

# भाई-बहन तक ही सीमित नहीं है 'रक्षा बंधन' का पर्व

**अनंत ज्ञान, ऊना**



कार्यक्रम में उपस्थित ब्रह्माकुमारीज संस्था की सदस्य।

ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा गांव लमलेहड़ा केंद्र पर रक्षाबंधन के पावन पर्व पर समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था की जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, मैहतपुर केंद्र की प्रभारी बबिता बहन, अवदेश भाई, सवारी टकोली केंद्र की प्रभारी हरजीत बहन, लमलेहड़ा केंद्र के प्रबंधक पदम भाई, स्थानीय गांववासियों सहित जिलाभर के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आए भाई बहिनों ने भाग लिया। इस अवसर पर ईश्वरीय वाणी का संदेश दिया गया और ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माऊंट आबू से आई रक्षाबंधन की राखीयों को सभी की कलाई में बांधकर मुख्यालय से प्राप्त राखी संदेश को पढ़कर सुनाया।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि रक्षा बंधन भारत सहित कई देशों में मनाया जाने वाला एक पावन पर्व है, जो प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। भारत जैसे परंपरावादी देश में यह पर्व सामान्यत: बहन द्वारा भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी दीर्घायु और सुरक्षा की कामना करने तथा भाई द्वारा उसकी रक्षा का संकल्प लेने के रूप में मनाया जाता है। हालांकि, पौराणिक मान्यताओं और ऐतिहासिक संदर्भों से यह स्पष्ट होता है कि यह पर्व केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं रहा है।

इस अवसर पर मैहतपुर केंद्र की प्रभारी बबिता बहन ने कहा कि समय के साथ रक्षा बंधन का स्वरूप बदला है, परंतु इसका मूल उद्देश्य आज भी प्रासंगिक है, केवल भाई-बहन का रिश्ता ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज, धर्म, मूल्यों और मानवता की रक्षा के संकल्प का यह पर्व है।

# प्रदेश के युवा किस पर करें भरोसा : चैतन्य शर्मा

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



**अंब।** पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई भर्ती संबंधी अधिसूचना और मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए सार्वजनिक बयान के बीच स्पष्ट विरोधाभास को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने सवाल उठाया है कि आखिर प्रदेश के युवा किस पर भरोसा करें-आधिकारिक सरकारी नोटिफिकेशन पर या मुख्यमंत्री की फेसबुक पोस्ट पर? उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है मानों अफसरशाही के आगे मुख्यमंत्री नतमस्तक हो गए हों और उन्हें युवा वर्ग, कर्मचारी वर्ग अथवा आम जनता से कोई लेना देना न हो।

चैतन्य शर्मा ने कहा कि सरकारी नोटिफिकेशन के प्वाइंट नंबर 17 में साफ तौर पर लिखा है कि जो युवा पहले लिखित परीक्षा पास कर नौकरी में ट्रेनिंग मोड में आएंगे, उन्हें दो वर्ष तक फिक्स सैलरी पर रखा जाएगा और इसके बाद यदि वे रेगुलर पे-स्केल में आना चाहते हैं, तो उन्हें दोबारा परीक्षा देनी होगी। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री मंचों और सोशल मीडिया पर कह रहे हैं कि युवा बहकावे में न आएं, दो साल बाद बिना परीक्षा पक्की नौकरी मिलेगी।

इस पर सवाल उठाते हुए चैतन्य शर्मा ने कहा कि जब सरकार की आधिकारिक अधिसूचना में परीक्षा का प्रावधान है, तो मुख्यमंत्री युवाओं को किस बहकावे से सावधान कर रहे हैं? चैतन्य शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री को पहले अपनी सरकार की अधिसूचना पढ़ लेनी चाहिए, फिर सार्वजनिक मंच से ऐसा बयान देना चाहिए जो युवाओं को भ्रमित न करे।

# लंगरों की टाइमिंग फिक्स करने की मांग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी ढाबा एंड रेस्टोरेंट यूनियन ने रविवार को प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि विधायक के आदेशों के बाद भी चिंतपूर्णी में 24 घंटे लंगर चल रहे हैं। यूनियन के प्रधान रवि पाराशर, संजीव रतन और विक्रांत सूद ने कहा कि विधायक ने मेले से पहले आश्वासन दिया था कि स्थानीय लोगों के रोजगार को मद्देनजर लंगरों की टाइमिंग फिक्स की जाएगी, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**ढाबा मालिकों और रेस्टोरेंट में रोष**

यूनियन ने कहा कि 24 घंटे लंगर चलने से ढाबा मालिकों और रेस्टोरेंट में कोई ग्राहक नहीं बैठ रहा है, जिससे उनकी आमदनी में कमी हो रही है। यूनियन ने प्रशासन से मांग की है कि लंगरों की टाइमिंग फिक्स की जाए और स्थानीय लोगों के रोजगार को बचाया जाए।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन यूनियन की मांगों पर क्या कार्रवाई करता है और स्थानीय लोगों के रोजगार को बचाने के लिए क्या कदम उठाता है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वे आगे की कार्रवाई करेंगे।

# रोटरी क्लब ऊना का 31 अगस्त को होगा इंस्टॉलेशन समारोह

**अनंत ज्ञान, ऊना**

रोटरी क्लब ऊना की मासिक बैठक स्थानीय होटल माया में क्लब प्रधान यशपाल ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी माह की गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्लब का इंस्टॉलेशन समारोह आगामी 31 अगस्त को भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर क्लब के नव-निर्वाचित पदाधिकारी विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण करेंगे। बैठक में अगस्त माह में पौधरोपण अभियान, जनकल्याण के अन्य कार्यक्रमों को भी आयोजित करने पर सहमति बनी।

इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. केआर आर्य ने कान, नाक और गले की बीमारियाँ एवं उनके समाधान विषय पर एक सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। बैठक में क्लब सचिव रंजीत जसवाल, कोषाध्यक्षप संजीव अग्निहोत्री, वरिष्ठ सदस्य एच.एन. चीटू, संजीव पुरी, सुरिंदर ठाकुर, बलदेव चंद, बरजिंदर जीत सिंह गोल्डी, आशीष शर्मा, जतिंदर कंवर, मोहित शर्मा, मोनिका सिंह, शकुंतला आर्य, मनिंदर अरोड़ा सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष यशपाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# कंवर हरि सिंह ने समाज सेवा को दिया नया आयाम



सेवा कार्यक्रम में संस्था के सदस्य और मुख्यतिथि सतपाल रायजादा।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमोत्कर्ष संस्था के संस्थापक रहे स्र्वगीय कंवर हरि सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर हिमोत्कर्ष परिषद द्वारा स्थानीय सुविधा पैलेस होटल में श्रद्धाजंलि व सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतपाल रायजादा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि नगर परिषद ऊना के पूर्व अध्यक्ष अमरजोत सिंह बेदी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

समारोह में जिला परिषद उपाध्यक्ष ओंकार नाथ कसाणा,पार्षद शिव कुमार सैणी, श्री राम लीला कमेटी के अध्यक्ष अविनाश कपिला सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में शामिल होकर स्वर्गीय कंवर हरिसिंह को भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यातिथि सतपाल रायजादा ने कहा कि कंवर हरि सिंह ने समाज सेवा के क्षेत्र को नया आयाम दिया तथा हिमोत्कर्ष का ऐसा वटवृक्ष लगाया जो पीड़ितों व वंचितों को सहारा प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम को हिमोत्कर्ष प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, महासचिव यशपाल सिंह ठाकुर, नरेश सैणी, प्रो.बीके शर्मा, कामरेड जगत राम शर्मा, कर्णपाल मनकोटिया व अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

**रोष** | पंचायत धुसाड़ा में ग्राम सभा आयोजित, सर्वेक्षण नीति को लेकर रोष

# नई बीपीएल गाइडलाइन पर लोग नाराज

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** पंचायत धुसाड़ा में रविवार को आयोजित ग्राम सभा में नई बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) सर्वेक्षण नीति को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखने को मिली। सभा में पंचायत सचिव ने जानकारी दी कि सरकार की नई गाइडलाइन के अनुसार पंचायत क्षेत्र में केवल एक ही परिवार को बीपीएल के लिए पात्र पाया गया है, जबकि पहले यह संख्या 105 परिवारों की थी। इनमें से 4 परिवारों ने स्वयं ही अपना नाम सूची से हटवाया था।

सभा में पंचायत प्रधान निरु बाला ने स्पष्ट किया कि पूर्व में बीपीएल परिवारों का चयन गांव की आम राय से होता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया पूरी तरह सरकारी रिपोर्टों जैसे कि पंचायत सचिव, पटवारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संस्तुति पर आधारित हो गई है।



ग्राम पंचायत की बैठक में उपस्थित लोग, रोष जाहिर करते हुए।

उन्होंने कहा कि यह प्रणाली जमीनी हकीकत से मेल नहीं खा रही है और असली जरूरतमंद इससे वंचित हो रहे हैं। प्रधान ने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि कोई विधवा महिला है जिसके पास एक पक्का कमरा है लेकिन परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है, तो उसे बीपीएल सूची में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि बीपीएल चयन प्रक्रिया में लचीलापन लाया जाए, जिससे असल गरीबों को लाभ मिल सके।

प्रधान नीरूबाला ने यह भी कहा कि सरकार को शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं गरीब वर्ग के लिए पूर्णत: नि:शुल्क करनी चाहिए ताकि समाज के कमजोर वर्ग को राहत मिल सके।

### गरीब विरोधी नीतियों को जल्द वापस लेने की मांग

**वहीं** उपप्रधान सहदेव ने भी सरकार की नई बीपीएल नीति को गरीब विरोधी बताते हुए इसे जल्द से जल्द वापस लेने की मांग की। सभा में मौजूद अन्य ग्रामीणों ने भी एक सुर में सरकार की इस नीति का विरोध किया और मांग की कि बीपीएल चयन के मापदंडों को दोबारा परिभाषित किया जाए तथा गांव की वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिए जाएं। ग्रामीणों का साफ संदेश था नीतियां जमीनी सच्चाई से जुड़ी हों, तभी असली लाभ गरीबों तक पहुंचेगा।

# श्रावण अष्टमी मेले में विद्युत बोर्ड की पहल, लगाया नया ट्रांसफार्मर

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



नया ट्रांसफार्मर लगाते हुए कर्मचारी।

श्रावण अष्टमी मेले के दौरान विद्युत मंडल के भरवाई सब डिवीजन के अंतर्गत रेही में विद्युत बोर्ड द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। रेही में 250 केवीए के ट्रांसफार्मर के ओवरलोड के चलते बार-बार लाइट जाने की समस्या को देखते हुए विद्युत बोर्ड ने 100 केवीए का अतिरिक्त नया ट्रांसफार्मर इंस्टॉल कर दिया है।

### रेही बाजार में लाइट जाने की समस्या से निजात

**इस** अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के इंस्टॉल होने से रेही बाजार में बार-बार लाइट जाने की समस्या से लोगों को निजात मिलेगा। इससे श्रावण अष्टमी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा होगी और स्थानीय लोगों को भी राहत मिलेगी।

### स्थानीय लोगों ने किया स्वागत

**स्थानीय** लोगों ने विद्युत बोर्ड द्वारा मेले के दौरान अतिरिक्त ट्रांसफार्मर इंस्टॉल करने का स्वागत किया है और विद्युत कर्मियों का धन्यवाद किया है। यह पहल विद्युत बोर्ड की मेले के दौरान श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए की गई है।

# ई-स्टांप के लिए पीएनबी ढालपुर शाखा में जनता को हो रही परेशानी

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

- बार-बार चक्कर लगाने से लोग हो रहे परेशान
- डीसी से की अपील मामले में हस्तक्षेप करें

**पतलीकूहल।** पंजाब नेशनल बैंक की ढालपुर शाखा में ई-स्टांप पेपर लेने आ रहे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने बैंक के स्टाफ पर असहयोगी रवैये का आरोप लगाया है। इस कारण लोगों को एक ही काम के लिए बार-बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

पतलीकूहल में आयोजित फलोत्पादक मंडल की बैठक में यह चर्चा की गई। प्रेम शर्मा ने बताया कि राजस्व और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ई-स्टांप की जरूरत होती है। इस काम के लिए लोग पीएनबी बैंक की ढालपुर शाखा में जाते हैं, लेकिन वहां के कर्मचारी उन्हें अक्सर शाम 4 बजे के बाद आने को कहते हैं। शर्मा ने बताया कि उनके साथ भी ऐसा एक नहीं, बल्कि चार बार हो चुका है। उनका कहना है कि जब भी वे स्टांप पेपर लेने जाते हैं, तो उन्हें अगले दिन आने के लिए कहा जाता है। इस समस्या से एक और बड़ी दिक्कत पैदा हो रही है। शर्मा ने बताया कि राजस्व विभाग में भूमि की रजिस्ट्री जैसे काम शाम 4 बजे के बाद नहीं हो पाते। ऐसे में, जब बैंक कर्मचारी उन्हें शाम को आने के लिए कहते हैं और वे स्टांप नहीं ले पाते, तो लोगों को अगले दिन फिर से कुल्लू आकर अपना काम कराना पड़ता है। इससे लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है।

प्रेम शर्मा ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक के इस रवैये से आम जनता के साथ-साथ राज्य और देश को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कुल्लू की डीसी से अपील की है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और बैंक कर्मचारियों को निर्देश दें कि वे लोगों को जल्द से जल्द ई-स्टांप उपलब्ध कराएं, जैसा कि अन्य बैंकों और विशेष काउंटरों में होता है।

# भुंतर में 538 लाख की लागत से बना डबललेन पुल जनता को समर्पित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

आखिर तीन दशकों के बाद घाटी की जनता को डबल लेन बैली ब्रिज की सौगात मिली है। विधायक एवं अध्यक्ष लाड़ा सुंदर सिंह ठाकुर ने रविवार को ब्यास नदी पर 538 लाख रुपए से निर्मित भुंतर पुल डबल लेन का लोकार्पण कर लोगों को समर्पित किया।

रविवार को भुंतर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार लोगों की सुविधा के लिए रिकॉर्ड समय में 40.50 मीटर लंबे डबल लेन पुल का निर्माण किया गया है। उन्होंने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि पुल के निर्माण से लोगों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पुल से मणिकर्ण व गड़सा घाटी के लाखों लोगों के साथ भुंतर सब्जी मंडी में आने वाले किसानो तथा बागवानों को लाभ होगा।



विधायक कुल्लू सुंदर सिंह ठाकुर ब्यास नदी पर 538 लाख रुपए से निर्मित भुंतर पुल डबललेन का लोकार्पण करते हुए।

## एसएसबी से हवाई अड्डे भुंतर तक ब्यास नदी का होगा तटीकरण

**विधायक** ने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण व समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और उन्होंने हलके के निरंतर विकास का प्रण लिया है। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले में भुंतर प्रमुख स्थान है और आने वाले एक वर्ष में इस क्षेत्र का नजारा बदलेगा। उन्होंने कहा कि भुंतर पार्वती और ब्यास नदी संगम स्थली होने के चलते इसका ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। उन्होंने कहा कि एसएसबी से हवाई अड्डे भुंतर तक ब्यास नदी का तटीकरण करने के लिए प्रथम चरण में 15 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भुंतर को बहुत बड़ा ट्रांसपोर्ट नगर के रूप स्थापित किया जाएगा और यहां ट्रक, जीप, ऑटो यूनियन को स्थान भी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी में रामशिला से बंजार के इलाके तक ब्यास नदी की ट्रेसिंग का कार्य किया जाएगा। इसमें बड़े-बड़े पथरों को साइड कर मलबे को निकालकर नदी को गहरा किया जाएगा, ताकि बाढ़ का खतरा खत्म हो।

# रोटरी क्लब ने सराज आपदा प्रभावितों को भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा सराज आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री भेजी गई। नवजात शिशुओं व बच्चों के लिए 21 कीटों में कपड़े, डायपर, सैनिटरी पैड, लैक्टोजन टीन, दूध की बोतलों सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल की गईं।

रोटरी क्लब कुल्लू की अध्यक्ष रोटेरियन पूजा मलिक का कहना है कि इस विपदा की घड़ी में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 की ओर से पहले भी जरूरी सामान भेजा गया था। इसी कड़ी में रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा आपदा प्रभावित क्षेत्रों की जरूरत के मुताबिक सहायता प्रदान की गई। उन्होंने इस पुनीत कार्य में अपने विशेष सहयोग के लिए रोटेरियन अमन भल्ला सहित सभी रोटेरियन्स का धन्यवाद किया। इस क्षेत्र में नुकसान का आकलन करना बहुत ही मुश्किल है, लेकिन हमारा हर एक नागरिक का कर्तव्य बनता है कि इस आपदा में हम थुनाग की जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें। उन्होंने सभी संस्थाओं से अपील की है कि थुनाग क्षेत्र के लोगों के सहयोग के लिए सभी को आगे आना चाहिए। इस मौके पर रोटरी आई हॉस्पिटल के चेयरमैन रोटेरियन इंदीवर मेहता, अध्यक्ष रोटेरियन पूजा मलिक, रोटरी क्लब कुल्लू के महासचिव राजीव सिंह, रोटेरियन अनुज मलिक ने राहत सामग्री वैन को थुनाग के लिए रवाना किया।



सराज आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री भेजते हुए रोटरी क्लब कुल्लू के सदस्य।

# दरमेहड़ा गांव में भूस्खलन से मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान, सैंज**

बंजार विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत देहूरीधार के अंतर्गत दरमेहड़ा गांव में पहाड़ी दरकने से उत्पन्न हुए गंभीर खतरे की स्थिति का रविवार को क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र शौरी ने स्वयं निरीक्षण कर जायजा लिया।

उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना व संवेदनाएं प्रकट कीं। लगातार हो रही भारी बारिश के चलते गांव के समीपवर्ती पहाड़ी क्षेत्र से लगातार पत्थर और मलबा गिर रहा है। इससे गांव के 14 परिवारों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा है। भूस्खलन की आशंका के चलते पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। विधायक शौरी ने मौके से वीडियो जारी करते हुए सरकार व प्रशासन की असंवेदनशीलता और उदासीन रवैये पर तीखी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पूरे गांव के प्रभावित होने के बावजूद अभी तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है और न ही किसी प्रकार की राहत या अस्थायी शिविर की कोई व्यवस्था की गई है।


बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी दरमेहड़ा क्षेत्र के दौरे के दौरान।

विधायक शौरी ने मौके से ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर तत्काल राहत व बचाव कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन समय रहते कार्रवाई नहीं करता है, तो जनप्रतिनिधियों को जनता के साथ सड़क पर उतरना पड़ेगा। इस मौके पर ग्रामीणों ने विधायक को अपनी समस्याएं विस्तार से बताईं और तुरंत राहत की मांग की। विधायक शौरी ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे स्वयं इस मामले की निगरानी करेंगे और प्रभावितों को हर संभव सहायता दिलवाने के लिए तत्पर रहेंगे।

# संवेदना से सेवा तक, परंपरा से पर्यावरण तक यही है हमारा मार्ग : गोविंद सिंह ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

जनसंघ व भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे पूर्व मंत्री ठाकुर कुंज लाल की 101वीं जयंती पर मनाली के हामटा क्षेत्र में पौधरोपण अभियान चलाया गया।

पौधरोपण अभियान में मनाली के विभिन्न सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों बाइक एसोसिएशन, हिम आंचल टैक्सी ऑपरेटर, टेम्पो यूनियन, रोट्रेक्ट संस्था, महिला मंडल प्रीणी, महिला मंडल अलेउ, महिला मंडल सेथन, युवक मंडल प्रीणी सहित समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध नागरिकों ने भागीदारी निभाई और पर्यावरण संरक्षण के इस संकल्प को मजबूती दी। पौधरोपण में भाग लेने आए सभी लोगों ने पूर्व मंत्री ठाकुर कुंज लाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ने बताया कि जननायक स्व. कुंज लाल ठाकुर की 101वीं जयंती और उनके पोते आयुष्मान सिंह ठाकुर के 23वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर हामटा (घोट बाड़ी) में देवदार सहित विभिन्न प्रजातियों के लगभग 700 पौधे रोपित किए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से यह उनके लिए अत्यंत भावुक क्षण था। उन्होंने एक ओर पिताजी की स्मृति को नमन किया। वहीं, बेटे आयुष्मान के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रकृति को आशीर्वाद स्वरूप कुछ लौटाने का प्रयास किया। उन्होंने सभी सहभागी संस्थाओं और जनसामान्य का हृदय से आभार, जिन्होंने अपने श्रम, समय और समर्पण से इस आयोजन को सफल और स्मरणीय बनाया। उन्होंने कहा कि हम सब यह संकल्प लें कि जन्मदिन, जयंती और स्मृति दिवस जैसे पावन अवसरों को पौधरोपण से जोड़ें और लगाए गए पौधों की देखभाल को अपना कर्तव्य समझें। 27 जुलाई, 1924 को मनाली में जन्में कुंज लाल राजनीति में 50 के दशक में आए। वह 1954 से 1960 तक सरपंच रहे। वह 1960 में बीडीसी चेयरमैन बने। वह 1977 व 89 में शांता कुमार के मंत्रिमंडल में बागवानी मंत्री बने।

## विधायक ने कौमिक में ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का लिया जायजा

# अधिकारियों को मुआवजा जल्द देने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

विधायक अनुराधा राणा ने कॉमिक गांव पहुंच कर किसानों की फसलों को ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया तथा किसानों से उनके फसलों को हुए नुकसान के बारे में बातचीत की तथा उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।



विधायक ने संबंधित अधिकारियों को ओलावृष्टि के कारण किसानों के फसलों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा जल्द से जल्द देने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। इसके उपरांत विधायक अनुराधा राणा ने विश्व प्रसिद्ध कौमिक गोंपा में पहुंचकर गौतमबुद्ध भगवान की प्रतिमा के सम्मुख दीप जलाकर शीश नवाया और जिला सहित पूरे प्रदेश के लोगों के लिए सुख-समृद्धि और शांति की प्राथना की। विधायक ने कौमिक गोंपा में निर्माणाधीन कॉन्फ्रेंस हॉल एवं लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण भी किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य समयबद्ध सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि इसका लाभ समय पर क्षेत्र के लोगों को मिल सके। उन्होंने गोंपा कमेटी के प्रमुख लामा से चल रहे कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। विधायक अनुराधा राणा ने इस दौरान चिचोंग पुल का भी निरीक्षण किया और सीमा सड़क संगठन के ओसी व अन्य अधिकारियों को अस्थायी पुल के निर्माण को लेकर दिशा-निर्देश दिए, ताकि इस क्षेत्र के लोगों को मटर व अन्य नकदी फसलों को मंडी तक पहुंचाने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जैसे ही नदी का जलस्तर कम हो जाए, इस स्थान पर नए पुल का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के लिए भी सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर कार्यकारी अतिरिक्त शिखा, वीडिओ अंशुल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सेरतोलो, जिला लाहौल-स्पीति यूथ अध्यक्ष व टीएसी सदस्य केसंग रापचिक, टीएसी सदस्य वीर भगत व छेवांग रिंगजिन, काजा की प्रधान सोनम डोलमा, यूथ उपाध्यक्ष जिला लाहौल-स्पीति रवि बौद्ध, ब्लॉक स्पीति अध्यक्ष लोबसांग कपूर, ब्लॉक मीडिया प्रभारी यश बौद्ध, जिला लाहौल-स्पीति यूथ मीडिया प्रभारी छेवांग नमज्ञाल और ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी और युवा कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजली महादेव रोपवे निर्माण पर विपक्ष कर रहा राजनीति : सुंदर

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

- बिजली महादेव रोपवे पर सियासत गरम, विधायक सुंदर ने विपक्ष को घेरा
- पेड़ कट चुके, मशीनें ऑर्डर हो चुकीं, रोपवे बनकर रहेगा
- कुल्लू में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 300 करोड़ रुपए का रोपवे प्रोजेक्ट मंजूर

बिजली महादेव रोपवे निर्माण कार्य पर विपक्ष के नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए विधायक सुंदर ठाकुर ने कहा कि देव आस्था के नाम पर हारे और नकारे लोग कुल्लू के विकास का विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जिले के भोले-भाले लोगों और महिलाओं को बरगलाने का प्रयास कर बिजली महादेव रोपवे का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के आशीर्वाद से केंद्र सरकार ने 300 करोड़ का प्रोजेक्ट स्वीकृत किया है। उन्होंने कहा कि वे भी देवी-देवताओं और देवआस्था को मानने और उसपर विश्वास रखने वाले हैं। उन्होंने कहा कि रोपवे के लिए 100 करोड़ कि मशीनरी का आर्डर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू में पर्यटन कि अपार संभावनाएं हैं और जिले के लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय ऐसे और भी स्थानों की पहचान की जा रही है। उन्होंने विपक्ष को चुनौती दी कि विकास के मामले पर वे किसी भी खुले मंच पर बहस को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि लोगों कि मांग पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने एक पुल स्वीकृत किया है, जो पीरडी से टलोगी को जोड़ेगा।

उन्होंने कहा कि भूतनाथ पुल ने रिपेयर कार्य के लिए भी अतिरिक्त राशी जारी कि गई और इसमें छोटे वाहनों की आवजाही आरंभ की गई है। इससे पहले मिल्क फेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री खिम्मी राम शर्मा और एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मिल्क फेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री खिमी राम शर्मा, एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार, नगर परिषद भुंतर की अध्यक्ष रविंद्रा डोगरा एवं पार्षद, इंदिरा ठाकुर, करतार सिंह गुलेरिया, जिला परीक्षा सदस्य आशा ठाकुर, शेष राम आजाद, शेष राम चौधरी, अनिल सूद, राम शरण दास सहित लोक निर्माण एवं अन्य विभागों के अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे । विधायक ने रोपवे का विरोध करने वालों को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जितने पेड़ कटने थे कट गए। 100 करोड़ की मशीनों का ऑर्डर कर दिया है, अब रोपवे लगकर रहेगा। रोपवे का विरोध करने वाले नेता वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। देव नीति को इस्तेमाल किया जा रहा है। बिजली महादेव में टावर लगा रखे हैं, कई वर्षों से उनको तो हटा नहीं रहे हैं। जो चीज अभी लगी नहीं, उसको रोकने के लिए जरूरत से ज्यादा प्रयास कर रहे हैं। पूर्व सांसद के पास कोई शब्द नहीं थे, आंसू छलका कर जनता को गुमराह किया गया। बिजली महादेव रोपवे को लेकर मुझ पर आरोप लगाने वालों के खिलाफ मानहानि कर कोर्ट में घसीटूंगा। इससे पहले मिल्कफेड के चेयरमैन बुद्धि सिंह ठाकुर ने भी बिजली महादेव रोपवे का विरोध करने वालों को घेरा। कहा कि हम विकास के साथ हैं। एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने भी खूब तंज कसा। विधायक ने रोपवे का विरोध करने वालों को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जितने पेड़ कटने थे कट गए।

# यक्ष देवताओं के अस्तित्व पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति कुल्लू इकाई द्वारा जिला स्तरीय इतिहास दिवस का आयोजन अटल सदन के संगोष्ठी कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भगवान रघुनाथ के कारदार दानवेंद्र सिंह ने की। इसमें टांकरी लिपि के विशेषज्ञ यतिन पंडित मुख्य वक्ता रहे। इतिहास दिवस का मुख्य विषय कुल्लू में यक्ष देवताओं का अस्तित्व था। यतिन पंडित ने अपने बीज वक्तव्य में कहा कि यक्ष शब्द का उल्लेख सबसे पहले ऋग्वेद में मिलता है। हिंदू परंपरा में कुबेर को धन का देवता माना जाता है। यक्ष कुबेर के खजाने के पहरेदार थे। वहीं, यक्ष कुल्लू सहित ऊपरी हिमाचल प्रदेश में रक्षक के रूप में पूजे जाते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में भगवान रघुनाथ के कारदार दानवेंद्र सिंह ने कहा कि यक्ष बहुत से गांवों में देवरूप में पूजित हैं। इनके रथ नहीं होते, बल्कि यह किसी सरोवर के किनारे या भेखल की झाड़ी में रहते हैं।

# भोले के भजनों से गूंजा शिव मंदिर पतलीकूहल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

शिव शक्ति महिला जागरण कमेटी द्वारा पतलीकूहल स्थित शिव मंदिर में एक भव्य जागरण का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर और उनकी पत्नी रजनी ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

उनके साथ भाजपा मनाली मंडल महामंत्री देवेंद्र ठाकुर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यातिथियों और सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। सभी ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए कामना की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया। पूर्व मंत्री ने इस सफल आयोजन के लिए शिव शक्ति महिला जागरण कमेटी की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल हमारी आस्था को दर्शाते हैं, बल्कि ये समाज में सांस्कृतिक जागरूकता और सहभागिता को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। इस जागरण में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी आध्यात्मिक भावनाओं को व्यक्त किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। रात भर चले इस जागरण में उपस्थित सभी लोगों ने भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर भजन-कीर्तन का आनंद लिया। इस अवसर पर शिव शक्ति महिला जागरण कमेटी की सदस्य नीरू चांदनी, सुषमा बोध, मीनू उपाध्याय, स्वीटी शर्मा, वीना कपिल, पूजा और कांता शर्मा मौजूद रहीं। इसके अलावा व्यापार मंडल पतलीकूहल के सदस्य रमेश गौतम, राम गौतम, चंद्र प्रकाश शर्मा, सुनील शर्मा और सुरेंद्र कुमार भोला सहित कई स्थानीय निवासी भी उपस्थित थे।


शिव शक्ति महिला जागरण कमेटी की ओर से आयोजित जागरण में शिव भक्त।

# कटराई स्कूल का पूर्व छात्र संघ मनाएगा रजत जयंती समारोह


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराई के पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी की बैठक।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराई के पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी की विशेष बैठक संघ के प्रधान हीरालाल ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इसमें संघ के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह 22 सितंबर को धूमधाम से आयोजित करने बारे विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आगामी अगस्त व सितंबर महीने में स्टूडेंट्स के विभिन्न खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अकादमिक गतिविधियां से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें विभिन्न समितियों का गठन करके प्रत्येक समिति को अपनी-अपनी विशिष्ट भूमिका निभाकर कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन की जिम्मेवारी सौंपी गई।

बैठक में संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अश्विनी शर्मा, घनश्याम कपूर, गायत्री प्रकाश उपाध्याय, टेढ़ी सिंह ठाकुर, श्यामचंद ठाकुर, धर्मचंद ठाकुर, जगन्नाथ, सरवन कुमार, मोहर सिंह ठाकुर, राजगीर महंत, टीआर ठाकुर, राम सिंह राणा, वीर सिंह जस्पा, अभिषेक शर्मा, हरीराम ठाकुर, मंगतराम, निर्मल चंद, शिरीष बोध, रीमन ठाकुर, राजीव ठाकुर, देवी सिंह ठाकुर, ज्ञान चंद ठाकुर, ओम नाथ, चारन कुमार, मोहिंदर सिंह ठाकुर, रणधीर महल, शरीफ खान, हिम्मत कुमार उपस्थित रहे।

**आयोजित** पिपलागे में मनाया नैणा माता का 25वां जाग उत्सव, देवपरंपरा का बखूबी हुआ निर्वहन

# दहकते अंगारों पर नृत्य कर देव आस्था का दिया परिचय

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** दहकते अंगारों पर गूरों व चेलियों का हैरतअंगेज नृत्य देख हर कोई दंग रह गया। यह नजारा जिला कुल्लू के भुंतर स्थित पिपलागे में नैणा माता मंदिर में माता के 25वें जाग उत्सव के मौके पर शनिवार देर रात 2 बजे देखने को मिला। माता के गूरों व चेलियों ने देव खेल आने पर दहकते अंगारों पर नृत्य कर आस्था का परिचय दिया।

इस धार्मिक कार्यक्रम (देवकारज) को देखने के लिए इलाके के लोगों के अलावा प्रदेशभर से श्रद्धालु उमड़े। माता के पुजारी अमित महंत ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी सावन माह में माता नैणा का 25वां जागरण (जाग) धूमधाम से नैणा माता मंदिर पिपलागे में मनाया गया। इस जाग महोत्सव में माता भद्रकाली, माता कोयला, माता शीतला, माता नागरानी अपने कारकूनों और हारियानों सहित विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि इस मौके पर भजन मंडली ने भजन-कीर्तन के माध्यम से माता की महिमा का बखान कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। रात्रि दो बजे माता नैणा, भद्रकाली ने अपने, कारकूनों, हारियानों सहित ढोल-नगाड़े के साथ मंदिर में प्रवेश किया और दहकते अंगारों के चारों ओर परिक्रमा करने के साथ ही अंगारों के बीच चले और नृत्य भी किया।


भुंतर स्थित पिपलागे में नैणा माता मंदिर में माता के 25वें जाग उत्सव के मौके पर देव आस्था का निर्वहन करते हुए लोग।

इस हैरतअंगेज दृश्य को देखकर लोगों की आंखें खुली की खुली रह गई। भद्रकाली माता नैणा के पुजारी अमित महंत ने बताया कि इस जाग की अद्भुत बात यह है कि यहां पर माता के गूर, चेलियां आग के अंगारों पर चलते हैं और माता रानी की कृपा से किसी के भी पैर में आंच तक नहीं आती। उन्होंने बताया कि जाग के दिन माता ने सभी भक्तों के दुखों का निवारण किया और सभी को मनवांछित फल प्रदान किया। माता रानी नारियल से सभी भक्तों के ग्रहों का निवारण करती हैं। जाग में माता के गूरों और चेलियों का दहकते अंगारों पर नृत्य देखने के लिए लोग दूर-दूर से आए थे। इस दौरान माता नैना देवी के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

# 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर दिया महादान का संदेश

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में रविवार को पर्यटन विकास निगम के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। मनाली में आयोजित इस रक्तदान शिविर में पर्यटन विकास निगम के मनाली, नग्गर, कुल्लू और जिला लाहौल-स्पीति के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने भी रक्तदान किया।

मनाली स्थित होटल कुंजम में आयोजित इस शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रक्त एकत्र संग्रहालय जिला कुल्लू के स्टाफ व मनाली हॉस्पिटल से डॉक्टर व स्टाफ ने शिविर में अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान करीब 30 लोगों ने रक्तदान किया और 30 यूनिट रक्त इकट्ठा किया। रक्तदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान पर्यटन विकास निगम के उपमहाप्रबंधक बलदेव सिंह ओक्टा ने बताया कि आज प्रदेश में पर्यटन विकास निगम की विभिन्न इकाइयों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मनाली में भी पर्यटन विकास निगम के द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं ब्लड सेंटर रीजनल हॉस्पिटल कुल्लू के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पर्यटन विकास निगम के कुल्लू, मनाली, नग्गर, सिस्सू और लाहौल-स्पीति के कर्मचारियों और मनाली के स्थानीय लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि निगम के द्वारा पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है और आने वाले समय में भी इस तरह का आयोजन किया जाएगा। उधर, ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉक्टर कर्ण ने बताया कि इस शिविर में तीस यूनिट रक्त को इक्ट्ठा किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी 30 जुलाई को नगर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो भी रक्तदान करना चाहते हैं, वह नगर आ जाएं।



# एनएच-5 के कई हिस्से धंसने से सेब सीजन हो रहा प्रभावित

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाईवे-5 बारिश के बाद कई जगह से धंसने लगा है। ऐसे में सेब के बागवानों और कारोबारियों की चिंता बढ़ना लाजमी है। सड़क की हालत खराब होने से माल वाहक वाहनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक परवाणू से सोलन के बीच फोरलेन पर कई जगहों पर सड़क धंसने लगी है। इससे यातायात पर खतरा मंडराने लगा है। पट्टा मोड़, दोसड़का और पुलिस लाइन सोलन के पास ऐसी कई जगह हैं, जहां गड्ढे पड़े हैं और दलदल बन गया है। पट्टामोड़ के पास वायाडक्ट ब्रिज के पास बनाई लेन बुरी तरह धंस चुकी है। स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि सिर्फ मिट्टी डालकर गड्ढों को भरने की खानापूर्ति की जा रही है। बारिश के बाद यह मिट्टी बहकर सड़क को खतरनाक दलदल में तब्दील कर रही है। फोरलेन के निर्माण के बाद से ही क्षेत्र के लोगों को बार-बार अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है। कभी पहाड़ से गिरते पत्थरों के कारण जाम, तो कभी सड़क धंसने की घटनाएं सामने आ रही हैं। फिलहाल हाईवे की हालत खराब होने का एक मुख्य कारण यह भी है कि फोरलेन की देखरेख के लिए कोई भी मेंटेनेंस एजेंसी नहीं है। अप्रैल में फोरलेन निर्माणकर्ता कंपनी और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का करार समाप्त हो गया था,अब यह सेक्शन सीधा एनएचएआई के अधीन है, लेकिन अभी तक किसी नई एजेंसी को मरम्मत का काम नहीं सौंपा गया है। इस कारण सड़क के किनारों पर पत्थर जमा हो गए हैं। कई जगह वाहन हिचकोले खाते हुए निकल रहे हैं। इससे यात्रियों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।



हाईवे की खस्ता हालत से बन रही जाम की स्थिति।

### ब्लैक स्पॉट में हादसे की आशंका बढ़ी

इन दिनों हिमाचल में सेब और नकदी फसलों का सीजन चल रहा है। ट्रकों की भारी आवाजाही हो रही है। परवाणू से सोलन के बीच सड़क पर गहरे गड्ढे पड़ने से ट्रकों के पलटने का खतरा बना हुआ है। खराब सड़कें अब जानलेवा साबित हो सकती हैं। सेब और नकदी फसलों के ट्रक और अन्य वाहन यहां से आते-जाते हैं।

### तंबूमोड़ व चक्कीमोड़ पर दो साल से अधूरा काम

तंबूमोड़ और चक्कीमोड़ में कई जगह सड़क दो वर्ष से धंसी है। इन स्थानों पर यातायात वनवे चल रहा है। इससे ट्रैफिक जाम और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। एनएचएआई ने यहां पुनर्निर्माण के लिए नई कंपनी के साथ करार किया है, लेकिन काम की गति कछुआ चाल से हो रही है।उधर, प्रशासन ने एनएचएआई के अधिकारियों को हाईवे की आवश्यक मरम्मत के आदेश दिए हैं।

## सिरमौर पुलिस का रातभर चला अभियान ओवरलोडिंग पर कसी नकेल, 18 डंपर जब्त

**इस वर्ष का तीसरा बड़ा अभियान, अवैध खनन पर लगातार कार्रवाई जारी**

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर सख्ती दिखाते हुए रात के अंधेरे में विशेष अभियान चलाया।

26 जुलाई की रात 11 बजे से 27 जुलाई की सुबह 3:30 बजे तक चले इस अभियान के दौरान पांवटा साहिब, पुरुवाला और कालाअंब क्षेत्रों में कुल 18 ओवरलोड डंपरों को जब्त किया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व अडिशनल एसपी योगेश रोल्टा ने किया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए सभी डंपर खनन सामग्री जैसे बजरी, रेत व अन्य निर्माण सामग्री से लदे हुए थे और तय सीमा से कहीं अधिक भार ढो रहे थे। खास बात यह रही कि इनमें से अधिकतर वाहन पड़ोसी राज्यों हरियाणा और उत्तराखंड से आए थे, जो सीमा से सटे इलाकों में अवैध खनन गतिविधियों को अंजाम देते हैं। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इस विशेष ऑपरेशन में पांवटा साहिब क्षेत्र से 10, पुरूवाला से 4 और कालाअंब क्षेत्र से भी 4 ओवरलोड डंपर पकड़े गए। यह इस वर्ष का तीसरा बड़ा अभियान है। इससे पहले जून 2025 में चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 37 ओवरलोड वाहन पकड़े थे। इनमें से 16 को सीज कर दिया गया था।

अडिशनल एसपी योगेश रोल्टा ने बताया कि जब्त किए गए सभी डंपरों के खिलाफ चालान कोर्ट में प्रस्तुत किए जा रहे हैं और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए नहीं है, बल्कि सिरमौर के पर्यावरण और संसाधनों की रक्षा करने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की सिलसिलेवार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि सीमावर्ती इलाकों में अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

## राजीव बिंदल ने नाहन में सुनी मन की बात, बताया कार्यक्रम का महत्व

अनंत ज्ञान, नाहन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 124वां संस्करण रविवार को देशभर में प्रसारित हुआ।

इस अवसर पर सिरमौर जिले के मुख्यालय नाहन में भी विशेष आयोजन किया गया। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में डॉ. बिंदल ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो प्रसारण नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने वाला एक प्रभावशाली संवाद माध्यम बन गया है। यह कार्यक्रम लोगों को न केवल देश की सांस्कृतिक विरासत, इतिहास और महान उपलब्धियों से परिचित कराता है, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा भी देता है। इस बार के प्रसारण में प्रधानमंत्री मोदी ने पांडुलिपियों के संरक्षण और देश के सांस्कृतिक साहित्य को सहेजने की नई योजनाओं की जानकारी साझा की। इसके साथ ही देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में हो रही सकारात्मक प्रगति पर भी चर्चा की गई। डॉ. बिंदल ने कहा कि आज भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, जो हर देशवासी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की ताकत हमारे लोग हैं 140 करोड़ लोगों के 280 करोड़ हाथ जब साथ मिलते हैं, तो भारत किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व अन्य कार्यकर्ता मन की बात सुनते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश बनी सब्जी उत्पादकों के लिए मुसीबत

अनंत ज्ञान, राजगढ़। जिले के राजगढ़ उपमंडल और इसके आसपास के क्षेत्रों में बीते सात-आठ दिनों से लगातार हो रही बारिश ने सब्जी उत्पादकों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में लगभग प्रतिदिन सुबह या शाम किसी एक समय तेज बारिश हो रही है, जबकि दूसरे समय तेज धूप के कारण तापमान में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। इस अस्थिर मौसम ने सब्जी की प्रमुख फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। राजगढ़ क्षेत्र सब्जी उत्पादन के लिए जाना जाता है। यहां लगभग दो हजार हेक्टेयर भूमि पर टमाटर, शिमला मिर्च, फ्रेंच बीन्स और आलू जैसी नकदी फसलें उगाई जाती हैं, जो किसानों की आय का मुख्य स्रोत हैं। इस समय ये सभी फसलें अपने यौवन अवस्था में हैं, लेकिन लगातार हो रही बारिश और तापमान में अचानक हो रही गिरावट के कारण फसलें सड़ने लगी हैं। सबसे अधिक नुकसान टमाटर और शिमला मिर्च की फसलों को हो रहा है। किसानों का कहना है कि अधिक नमी के कारण इन फसलों की जड़ें सड़ने लगी हैं, जिससे पौधे अचानक सूख रहे हैं और फसल धीरे-धीरे खत्म हो रही है। वहीं, आलू की फसल भी अधिक पानी के चलते सड़ने की कगार पर पहुंच गई है। कृषि विकास अधिकारी सुशील कुमार, जो स्वयं भी किसान हैं, उन्होंने बताया कि लगातार पानी जमा होने से खेतों में जड़ सड़न जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों से जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें, ताकि फसलें इस बीमारी से बच सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि फसलों में रोग के लक्षण दिखें तो किसान डायथेन, बैवीस्टीन या कॉपर आधारित फफूंदनाशकों का प्रयोग कृषि विभाग द्वारा सुझाई गई मात्रा में करें। सुशील कुमार ने किसानों से आग्रह किया कि वे किसी भी समस्या के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से संपर्क करें, ताकि समय रहते उचित सलाह व सहायता प्रदान की जा सके और फसलों को बचाया जा सके।

### विद्यार्थियों ने किया केवीके का शैक्षणिक भ्रमण



अनंत ज्ञान, कंडाघाट। सेंट मेरीज स्कूल कंडाघाट के विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य गीतिका की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया। इसमें छठी से आठवीं कक्षा के 60 विद्यार्थियों ने पुष्प उत्पादन, सब्जी उत्पादन और फल उत्पादन को देखकर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। बच्चों ने कृषि विज्ञान केंद्र में ग्राफ्टिंग तथा बडिंग तकनीक से पौधे तैयार करने का अवलोकन किया। डॉ. सीमा ठाकुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने छात्रों को टमाटर, चेरी टमाटर, शिमला मिर्च की सुधरी उत्पादन तकनीक की जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती की तरफ भी छात्रों का ध्यान आकर्षित किया। पुष्प विभाग वैज्ञानी डॉ. राजेश ठाकुर ने सजावटी पौधों को तैयार करने की तकनीक को विस्तार से बताया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. अमित विक्रम ने छात्रों से आग्रह किया कि बागवानी और कृषि विषय में पढ़ाई करके अपने भविष्य को स्वर्णिम बनाएं।

## पिछड़े वर्ग को एक मंच पर एकत्रित करने की बनी सहमति



लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह अर्की में हुई बैठक में भाग लेते हुए लोग।

अनंत ज्ञान, अर्की

अर्की, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यक वर्ग संघर्ष मोर्चा अर्की की विशेष बैठक लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह अर्की में हुई।

इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गंगा राम ने की। बैठक में विशेष रूप से प्रदेशसंयुक्त लेखाकार सीडी बंसल व प्रदेश संयुक्त संगठन सचिव ओम प्रकाश भाटिया उपस्थित रहे। बैठक में संगठन से संबंधित विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यक वर्ग के लोगों को एक मंच पर एकत्रित करने पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि मोर्चे से संबंधित सभी व्यक्ति के जो काम नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें उचित माध्यम द्वारा करवाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में कार्यकारिणी के विस्तार पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर पी एन बंसल मुख्य समन्वयक जिला सोलन, सीस राम सचिव, कर्मचंद चंदेल, परसराम, राकेश चौहान, कमल कुमार, सुंदर दास कश्यप, राकेश, धनी राम व बदरी दास सहित अन्य उपस्थित रहे।

## तृप्ति को चूड़धार सेवा समिति ने किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिले के पांवटा साहिब उपमंडल के गांव बनौर की होनहार बेटी तृप्ति, पुत्री सोम चंद ने अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास के बलबूते पर वह मुकाम हासिल किया है, जिसका सपना हर मेडिकल छात्र देखता है।

तृप्ति का चयन शैक्षणिक सत्र 2024-25 में डॉ. वाईएस परमार राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नाहन में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर चूड़धार सेवा समिति (आंज-भोज इकाई) द्वारा एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। इसमें तृप्ति को 21,000 की प्रोत्साहन राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल तृप्ति की कठिन तपस्या और मेहनत को सलाम है, बल्कि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए भी एक प्रेरणा की मिसाल बनकर उभरा है। समारोह के दौरान तृप्ति ने अपने संघर्षों और अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि यह रास्ता बिल्कुल आसान नहीं था।

## पंचायत प्रधान रामपुर भारापुर के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान, नाहन



ग्राम पंचायत रामपुर भारापुर कार्यालय के बाहर कुछ स्थानीय महिलाओं ने अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर दिनभर धरना दिया।

मामला पंचायत प्रधान द्वारा महिलाओं की सुनवाई न करने का था। यहां हाथों पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन कर रही महिला स्वर्णा देवी ने बताया कि उन्होंने एक शिकायत पुलिस थाना में दर्ज करवाई थी। इसको लेकर मामला पंचायत में पहुंचा। आज पंचायत प्रधान द्वारा उनके मामले में सुनवाई की जानी थी। महिलाओं का आरोप है कि पंचायत प्रधान द्वारा न तो उनकी सुनवाई की गई और न ही उनका मांग पत्र पंचायत प्रधान द्वारा लिया गया। वह बेहद गरीब घर से आती हैं और उनकी आर्थिक स्थिति भी बेहद कमजोर है। उन्होंने पंचायत प्रधान से न्याय की गुहार लगाई है। उधर, पंचायत रामपुर भारापुर के उपप्रधान रजनीश चौधरी ने बताया कि क्षेत्र की यह महिलाएं बेहद गरीब दबके से हैं। पुलिस थाना से दर्ज शिकायत के बाद मामला पंचायत में पहुंचा था। प्रधान द्वारा महिलाओं की सुनवाई नहीं की गई, जो बेहद निंदनीय है। आज दिन भर महिलाओं ने हाथों में काली पट्टी बांधकर रोष स्वरूप पंचायत कार्यालय के बाहर बैठी रही, लेकिन पंचायत प्रधान द्वारा महिलाओं का पक्ष नहीं सुना गया।

## घड़यांच स्कूल में रोपे गए 70 पौधे

अनंत ज्ञान, अर्की। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घड़यांच में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत यूथ एवं ईको क्लब,जूनियर रेड क्रॉस क्लब तथा अन्य बच्चों के सहयोग से विभिन्न प्रजातियों के 70 पौधे रोपे गए।

इसमें शीशम, जामुन, बहेड़ा, आंवला आदि प्रजातियां शामिल हैं। इस अवसर पर एसएमसी के अध्यक्ष खेमराज ठाकुर, सदस्य मीरा देवी, अंजना, प्रेम देई, उर्मिला, लेख राम तथा वन विभाग से वनरक्षक रविंद्र कुमार, वन मित्र हिमानी, सुहास राम,पाठशाला का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा तथा इस पौधरोपण कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभाई।

## रास्ते में न करें कोई रुकावट

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।

राज्य हाई कोर्ट ने बनकला-रखनी सड़क मार्ग के मामले पूर्व में दिए गए अपने फैसले को अगले आदेशों तक यथावत रखा है।

17 जुलाई को हाई कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई की थी तथा जमीन मालिकों को 10 फुट चौड़ा रास्ता खोलने के आदेश जारी किए थे। 24 जुलाई को फिर बनकला-रखनी सड़क मार्ग को लेकर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने जमीन मालिकों का पक्ष सुना। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा अगले आदेशों तक उक्त सड़क मार्ग 10 फुट चौड़ाई के साथ खुला रहेगा। हाई कोर्ट ने मालिकों को आदेश देते हुए कहा कि सड़क मार्ग पर कोई बाधा उत्पन्न न करें ताकि कोई रुकावट खड़ी न की जाए। आदेशों की उल्लंघना कोर्ट की अवमानना माना जाएगा। उधर, क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों को एक फिर राहत मिली है। ग्रामीणों ने हाईकोर्ट का आभार व्यक्त किया है।

## हरियाली रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, सोलन



भारत विकास परिषद सोलन शाखा द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, देवठी (सोलन) में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के प्रांत अध्यक्ष अशोक टंडन ने की।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण विषयक जानकारी देते हुए प्रांत पर्यावरण संयोजक डॉ. मुकेश प्रभाकर ने वृक्षों के महत्व, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन तथा जैव विविधता संरक्षण पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल एक प्रतीकात्मक गतिविधि नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षा कवच है। सोलन शाखा के पर्यावरण संयोजक राजन जैन ने भी अपने विचार रखते हुए परिषद द्वारा वर्षभर चलाए जा रहे पर्यावरणीय अभियानों की जानकारी दी और आम नागरिकों से अधिकाधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। प्रांत अध्यक्ष अशोक टंडन ने भारत विकास परिषद की कार्यप्रणाली, उद्देश्य और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परिषद राष्ट्र निर्माण में सहयोग के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा के माध्यम से पहुंचने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र शर्मा (संयोजक संस्कार सोलन शाखा), डॉ. रजनी प्रभाकर (कोषाध्यक्ष सोलन शाखा), अरुण भारद्वाज, अन्नपूर्णा ममगांई आदि मौजूद रहे।

## सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : सुल्तानपुरी

अनंत ज्ञान, कसौली



कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विनोद सुल्तानपुरी कसौली विधानसभा क्षेत्र के कोठी चावला वार्ड में राजकीय प्रारंभिक विद्यालय भवन के निर्माण कार्य की आधारशिला रखने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। अंग्रेजी भाषा के महत्व को समझते हुए प्रदेश सरकार द्वारा सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी भाषा में पढ़ाई अनिवार्य की गई है। इससे जहां बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। वहीं, उनके भविष्य के लिए अपार संभावनाएं बढ़ाएगी। विधायक ने इस अवसर पर पाठशाला के लिए भूमि दानकर्ता नारायण सिंह नेगी को सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया। बीडीसी सदस्य देवेंद्र शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। कृषि उपज विपणन समिति सोलन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर, ग्राम पंचायत शडियाणा की प्रधान सपना ठाकुर, ग्राम पंचायत पट्टा बरावरी के प्रधान हरीश कुमार, ग्राम पंचायत हरिपुर के उपप्रधान अफजल बेग, ग्राम पंचायत शडियाणा के उपप्रधान हरदेव ठाकुर, खंड विकास अधिकारी रमेश शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रधान सुमन ठाकुर, वार्ड सदस्य निर्मला कुमारी, सुषमा कुमारी, बाबूराम, रमेश कुमार, सुरेंद्र ठाकुर, कांग्रेस सोशल मीडिया प्रकोष्ठ कसौली के अध्यक्ष संजय ठाकुर, कसौली सेवा दल के अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, धनीराम ठाकुर, कर्ण सिंह ठाकुर, कपिल भाटिया, देवराज, विभिन्न विभागों

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के रिक्त पदों के लिए 14 अगस्त तक आवेदन

अनंत ज्ञान, सराहां

निदेशालय, महिला एवं बाल विकास के अधीन बाल विकास परियोजना अधिकारी, पच्छाद स्थित सराहां के अंतर्गत अग्रलिखित विवरणानुसार (1) एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पद जो कि आंगनबाड़ी केंद्र राज्यों मलाणा ग्राम पंचायत जामुन की सेर में रिक्त पड़ा है एवं छह आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों क्रमशः आंगनबाड़ी केंद्रों 1) कूहना कांली, ग्राम पंचायत सुरला जनोट सनेन, ग्राम पंचायत सिरमौरी मंदिर शेखरा बघार, ग्राम पंचायत बागन महलोटी -2, ग्राम पंचायत बासनी, पांड आंजी, ग्राम पंचायत नैना टिककर एवं दीद चलूट को भरने के लिए, संबंधित आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्रों की सामान्य महिला निवासियों से प्रार्थना पत्र आमंत्रित किए गए थे।

इसके प्रार्थना पत्र प्राप्त करने के तिथि अब बढ़ा कर 14 अगस्त की गई है। ये जानकारी देते हुए दीपक चौहान, बाल विकास परियोजना अधिकारी, पच्छाद ने बताया कि प्रार्थी अपना प्रार्थना पत्र जो कि साधारण पत्र के रूप में हो पर बाल विकास परियोजना अधिकारी, पच्छाद स्थित सराहां जिला सिरमौर कार्यालय में दिनांक 14 अगस्त तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसी के साथ पच्छाद परियोजना में मिनी केंद्रों से पूर्ण केंद्रों में स्तरोन्नत 3 में सहायिकाओं के पद सृजन उपरांत ग्राम पंचायत बागपशोग में दांवर, ग्राम पंचायत दिलमन में काटल तथा ग्राम पंचायत कथाड़ में चट्टीड़ में सहायिकाओं के पदों को भरने के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसकी प्रार्थना पत्र प्राप्त करने की तिथि भी 14 अगस्त ही निर्धारित की गई है।

उसकी वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 होनी आवश्यक है, आवेदक की आयु विज्ञापन के अंतर्गत प्रार्थना पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होनी आवश्यक है। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 50000 से अधिक न हो। इसका आय प्रमाण पत्र तहसीलदार/नायब तहसीलदार/कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा जारी होना चाहिए। साक्षात्कार की तिथि दिनांक 25 अगस्त प्रातः 10 बजे कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद स्थित सराहां के कार्यालय में निश्चित की गई है, जिस दिन आवेदक को समस्त मूल प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित होना पड़ेगा।

**आयोजित** सोलन जिला ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी

# अक्षीव दत्ता, अरुण क्वार्टर फाइनल में

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला सोलन बैडमिंटन संघ की तरफ से कुमारहट्टी स्थित राजा वीरभद्र सिंह इंडोर स्टेडियम में खेली जा रही सोलन जिला ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में अक्षीव दत्ता ने सूरज प्रीति को, अरुण ने हनी अग्रवाल को, मृनांक शर्मा ने भूपेन को, कार्तिक धीमान ने तुषार को, यश कुमार ने करण शर्मा को, अक्षत खन्ना ने तनवीर को, करण रघुवंशी ने प्रकाश को, योगेश चौहान ने विनोद कुमार को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। अंडर-19 गर्ल्स वर्ग में क्वार्टर फाइनल में आराध्या शर्मा, यासमीन, तस्वी गुप्ता ने अपने मुकाबले जीते।

संघ के महासचिव यादविंद्र सिंह ने बताया कि गर्ल्स वर्ग के क्वार्टर फाइनल में आराध्या और यासमीन को बाय मिली। इसके चलते उन्होंने सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि तस्वी गुप्ता ने अनामिका को और दिव्या दिव्यांग का उपाय मिला और सेमीफाइनल



सोलन बैडमिंटन संघ की तरफ से आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी।

में जगह बनाई। यासमीन ने आराध्या शर्मा को तहसी गुप्ता ने दिव्यंका को पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

अंडर-17 व क्वार्टर फाइनल में दसवीं गुप्ता, अविश्वासी मिशिका, मन्नत दुआ, मनस्वी जिज्ञासा ने मान्य को हराकर सेमीफाइनल में पेश कर लिया। अंडर-15 मिक्स डबल्स मुकाबले में सिद्धार्थ व आध्या की जोड़ी ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके अलावा रित्विक कोंडल और आरोही की जोड़ी ने लक्ष्य और मनस्वी पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आयुष टंडन और आराध्या मलिक ने राजीव राजवीर और रुहानी पर जीत दर्ज की। हन्नी ठाकुर तनुजा की जोड़ी ने दिव्यांश चौहान और श्रुति को पराजित किया। अंडर-19 लड़कों के वर्ग में वरुण रघुवंशी ने गुन्मय को काव्यान ने पीयूष सैनी को, जतिन ने रूहान मैथानी को और अर्पण शर्मा ने आशुतोष ठाकुर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-17 ब्वॉयज वर्ग में ताशवी गुप्ता ने जगजीवन को मिशिका ने मन्नत दुआ को नव्या ने मनस्वी को जिज्ञासा ने मान्य को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-17 ब्वॉयज वर्ग में आरव सिंगल तेजस सिंह लक्षण वंश जतिन ध्रुव सिंगल जशनदीप सिंह आर्यमान ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अंडर-15 गर्ल्स में ताशवी गुप्ता ने आशमी देशवाल को, श्रुति ने आध्या को, आरोही ने सेजल को और तनुष ने रूहानी को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। लड़कों की अंडर-15 आयु वर्ग में तनुज, लक्ष्य प्रणव सिंह, कार्तिक ठाकुर, हन्नी ठाकुर, हर्ष, आयुष टंडन अर्पित अग्रवाल ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

## आरती ने युवाओं को दी एचआईवी संक्रमण से बचाव की जानकारी



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजगढ़ में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन।

अनंत ज्ञान, राजगढ़

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजगढ़ में रेड रिबन क्लब की ओर से आयोजित एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यशाला में युवाओं को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नागरिक अस्पताल राजगढ़ की आईसीटीसी परामर्शदाता आरती वोहरा रहीं। उन्होंने बताया कि एचआईवी/एड्स आज भी एक संवेदनशील विषय है और समाज में इसके बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करना बेहद जरूरी है। आरती वोहरा ने प्रशिक्षुओं को बताया कि एचआईवी संक्रमण मुख्यतः असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित सुइयों का प्रयोग और मां से शिशु को हो सकता है। उन्होंने इस संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता, सतर्कता और सही जानकारी को सबसे कारगर उपाय बताया। कार्यशाला के दौरान एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें प्रशिक्षुओं ने खुलकर सवाल पूछे। आरती वोहरा ने सरल भाषा में सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इससे छात्रों में विषय को लेकर और स्पष्टता आई। संस्थान के प्रधानाचार्य ने रेड रिबन क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को न सिर्फ जानकारी देते हैं, बल्कि उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह की जागरूकता गतिविधियां संस्थान में आयोजित की जाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 5 शिल्पकारों को राज्य हस्तशिल्प सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिले के पांच हस्त शिल्पियों को राज्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। राज्य सरकार ने इन महिला शिल्पियों को यह खास तोहफा तीज के त्योहार के शुभ अवसर पर दिया है। ये सभी शिल्पकार झज्जर जिले के बहादुरगढ़ की रहने वाली हैं। सोमवार को अंबाला में आयोजित राज्य स्तरीय तीज महोत्सव में पांचो शिल्पकारों को यह अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। बहादुरगढ़ के शिल्पकारों को यह सम्मान मिलने से उनमें बेहद खुशी है। परिजनों और कला प्रेमियों ने स्टेट अवार्डी शिल्पकारों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। हस्तशिल्प कलाकार कोमल गुप्ता को मिनिएचर पेंसिल कार्विंग, ज्योति शर्मा को पेंटिंग, उषा रानी को वुड वर्क के लिए स्टेट अवार्ड मिला है। इनके साथ ही कलाकार साक्षी को सांझी आर्ट और ममता त्रिपाठी को माटी कला के लिए अवार्ड मिला है। अवार्ड के रूप में इन्हें प्रशस्ति पत्र और तीन लाख रुपये नकद प्रोत्साहन राशि मिलेगी। दरअसल ये सभी कलाकार बहादुरगढ़ के विश्व विख्यात हस्त शिल्पी बोंदवाल परिवार के शिष्य हैं। हम आपको बता दें कि बोंदवाल परिवार में पांच राष्ट्रपति अवार्ड विजेता हस्तशिल्प कलाकार हैं। इन्हें यह सम्मान मिलने से बहादुरगढ़ के कला प्रेमियों में खुशी का माहौल है। ये सभी कलाकार बचपन से ही कला प्रेमी रहे हैं और कड़ी मेहनत के बाद उन्हें यह सफलता हासिल की है। राष्ट्रीय हस्तशिल्प अवार्ड विजेता सूर्यकांत बोंदवाल का कहना है कि यह सभी कलाकार बेहद प्रतिभावान हैं। इनकी कला में रुचि होने के चलते ही सरकार ने इनकी कला को सम्मान दिया है। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा सरकार का धन्यवाद भी किया है।

### दुधमुंही बच्ची को लेकर परीक्षा देने पहुंची महिला

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य सामान्य पात्रता परीक्षा के दौरान फरीदाबाद में उस समय एक भावुक क्षण देखने को मिला जब एक महिला अभ्यर्थी मात्र दो माह की अपनी नवजात बच्ची को गोद में लेकर परीक्षा केंद्र पर पहुंची। महिला ने न केवल परीक्षा में भाग लिया, बल्कि सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि विशेष सुविधाओं और प्रशासनिक सहयोग के कारण वह पूरी निर्भीकता के साथ परीक्षा देने आई हैं। यह दृश्य न केवल मां के संघर्ष और हौसले को दर्शाता है, बल्कि प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता का भी परिचायक है। महिला अभ्यर्थी ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर शिशु के साथ आने पर उसे विशेष सहयोग मिला, जिससे वह बिना किसी परेशानी के परीक्षा में शामिल हो सकी। इसी परीक्षा में भाग लेने आए कई दिव्यांग अभ्यर्थियों ने भी सरकार द्वारा की गई परिवहन व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने हर स्तर पर बेहतर और सुव्यवस्थित इंतजाम किए हैं, जिससे उन्हें न केवल परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में सहूलियत मिली, बल्कि एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण भी उपलब्ध कराया गया।

### हरियाणा बना संगठित अपराध और अराजकता का केंद्र: सैलजा

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश में बढ़ते अपराध पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस हरियाणा की पहचान कभी हरियाली और खुशहाली से होती थी, अब वह ताबड़तोड़ फायरिंग, फिरौती, लूट और हत्या जैसी घटनाओं से जुड़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के 11 साल के शासन में अपराधियों का मनोबल आसमान छू रहा है और आम नागरिक भय के साए में जी रहा है। सैलजा ने कहा कि राज्य में माफिया राज, गैंगस्टर संस्कृति और पुलिस-प्रशासन की लापरवाही ने कानून व्यवस्था को चरमरा दिया है। सांसद ने कहा कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग खुद को प्रदेश में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। भाजपा सरकार अपराध पर काबू पाने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सामाजिक प्रगति सूचकांक रिपोर्ट ने हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य बताया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सैलजा ने कहा कि प्रदेश में हर साल हजार से अधिक हत्याएं और सैकड़ों बलात्कार के मामले सामने आ रहे हैं। 2014-15 की तुलना में महिलाओं के विरुद्ध अपराध लगभग दोगुने हो चुके हैं। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि जनता को सुरक्षा का भरोसा मिल सके।

# सीईटी परीक्षा को हरियाणा ने बनाया 'पर्व' : सीएम सैनी

## 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के बाद लगाया रुद्राक्ष का पौधा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सीईटी परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में प्रशासन, पुलिस, रोडवेज और अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने टीम भावना से कार्य किया, जिससे यह आयोजन एक 'पर्व' बन गया। मुख्यमंत्री रविवार को पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय 'पंचकमल' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर महीने देश के लोगों को 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए समाज, संस्कृति और प्रेरणादायक व्यक्तित्वों से अवगत करवाते हैं। यह कार्यक्रम ज्ञानवर्धक होने के साथ देश को एक सकारात्मक दिशा देता है। सीईटी परीक्षा पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी विभागों ने सामूहिक प्रयास से एक उत्सव का माहौल बनाया। अभ्यर्थियों के साथ आए परिजनों और समाज के अन्य लोगों ने भी कई स्थानों पर छबीलें लगाकर सहयोग किया।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यालय परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे हर शुभ अवसर पर पौधा लगाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें।

### सोनीपत: कांवड़ में 51 लीटर गंगाजल लाने वाले जतिन की मौत

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** गन्नौर के गांव पुरखास राठी के 20 वर्षीय जतिन ने श्रद्धा और आस्था की राह पर वह बोझ उठाया, जो उसके शरीर ने सहन नहीं किया। हरिद्वार से कांवड़ में 51 लीटर गंगाजल उठा कर लौटे पुरखास के जतिन की मौत हो गई। कांवड़ लाते समय मांसपेशियां फट गई। उसके चाचा राजेश राठी ने उसे रोकने की कोशिश की, पर जतिन ने इसे मामूली चोट मानते हुए पेन किलर ली और यात्रा जारी रखी। 22 जुलाई को वह शेखपुरा शिविर में रुका और 23 जुलाई को शिव मंदिर में जल अर्पण कर घर लौटा। इस बीच उसने भोजन भी बहुत कम कर दिया था। घर पहुंचने के बाद जतिन की तबीयत और बिगड़ गई। सोनीपत के निजी अस्पताल में जांच के दौरान पता चला कि मांसपेशी फटने से संक्रमण फैल गया है, जो दो दिन में लीवर और किडनी तक पहुंच गया। परिजन उसे पानीपत ले गए, पर शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई।

### हरियाणा में आबकारी नीति की सफलता से रिकॉर्ड राजस्व, विपक्ष को मिला करारा जवाब

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की प्रभावी और पारदर्शी नीतियों का असर राज्य के राजस्व में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। विशेष रूप से आबकारी नीति को लेकर उठे विपक्षी सवालों के बीच सरकार ने 2025 में 13.25 प्रतिशत की रिकॉर्ड राजस्व वृद्धि दर्ज कर न सिर्फ विकास की गति को बल दिया, बल्कि राजनीतिक आलोचनाओं का तथ्यात्मक जवाब भी दे दिया।

> **13.25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 14,342 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक कमाई**

हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग ने इस वर्ष 1194 आबकारी क्षेत्रों की सफल नीलामी करते हुए 2388 शराब दुकानों के लाइसेंस जारी किए हैं। आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रक्रिया से सरकार को 14,342 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष के 7025 करोड़ की तुलना में दोगुना है। सरकार ने इस बार नीलामी प्रक्रिया को न केवल पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक बनाया, बल्कि इसे समय से पहले जुलाई में ही संपन्न कर प्रशासनिक दक्षता का प्रदर्शन भी किया। इससे पहले यह प्रक्रिया अगस्त में पूरी होती थी।

गुरुग्राम इस बार भी सबसे बड़ा राजस्व जनरेटर बना है, जहां से 3875 करोड़ रुपये की आय हुई — जो कुल आय का 27 प्रतिशत है। इसके बाद फरीदाबाद (1696 करोड़), सोनीपत (1066 करोड़), रेवाड़ी (654 करोड़) और हिसार (615 करोड़) प्रमुख जिलों में रहे।

सरकार की इस राजस्व वृद्धि से स्पष्ट है कि नायब सरकार की सख्त और दूरदर्शी आबकारी नीति न सिर्फ आर्थिक रूप से लाभकारी रही है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और समयबद्धता का उदाहरण भी बनी है।

### सिरसा: दीवार को लेकर हुए झगड़े में युवक की हत्या

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

जिला के गांव पन्नीवाला मोरिकां में दीवार को लेकर शनिवार रात कुछ लोगों में झगड़ा हो गया और इस झगड़े में बूटा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्यारोपी संदीप सिंह निवासी पन्नीवाला मोरिकां को गिरफ्तार कर लिया।

सदर थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने रविवार को बताया कि मृतक के भाई गुरजीत सिंह पुत्र मिट्ठू सिंह निवासी पन्नीवाला मोरिकां हाल भगता भाई जिला बठिंडा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। गुरजीत सिंह ने बताया कि उसके पास शनिवार रात को फोन आया कि उसके भाई बूटा सिंह जो पन्नीवालामोरिकां में रहता है, का पड़ोसी संदीप सिंह से दीवार को लेकर झगड़ा हो गया है।

सूचना पाकर वह गांव पन्नीवाला मोरिका पहुंचा तो उसने देखा कि उसके भाई को काफी चोटें लगी हुई है। उसने घायल बूटा सिंह को सरकारी अस्पताल डबवाली में भर्ती करवाया, जहां डाक्टरों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप सिंह को काबू कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ कर मामले की जानकारी हासिल की जाएगी।

### सोनीपत: गायक मीत पर फायरिंग का आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** सोनीपत जिले के बरोदा थाना क्षेत्र में प्रसिद्ध गायक और अभिनेता मीता बरोदा पर जानलेवा हमले के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया। बरोदा निवासी अमित ने थाना बरोदा में शिकायत दर्ज कराई कि 24 जुलाई की रात को उसके निर्माणाधीन फार्म हाउस पर गांव बरोदा का मंजीत पहुंचा। उसने पुराने चुनावी रंजिश को लेकर गाली-गलौच शुरू कर दी। इसी बीच मंजीत ने अपनी जैकेट से पिस्तौल निकालकर दो बार हवा में गोली चलाई। जांच अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक विनोद की टीम ने मंजीत के सहयोगी आरोपी संदीप निवासी बरोदा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

## मनसा देवी मार्ग हादसे में घायल श्रद्धालुओं से मिले सीएम धामी



**अनंत ज्ञान, हरिद्वार**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरिद्वार जिला चिकित्सालय और एम्स ऋषिकेश का दौरा कर मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुए हादसे में घायल श्रद्धालुओं का हालचाल जाना।

मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से प्रत्येक घायल की स्थिति की जानकारी लेते हुए समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि घायलों को उनके परिजनों को आवश्यक सभी सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि इस दुखद घटना में प्रभावित हर व्यक्ति के साथ राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता से खड़ी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि घायलों के इलाज और प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सरकार हर स्तर पर उनके साथ है और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## देश-विदेश

# गाजा में भूख से 81 बच्चों सहित 124 लोगों की मौत

**एजेंसी, गाजा**

गाजा में इसराइल-हमास जंग को शुरू हुए 22 महीने हो चुके हैं। अब तक इस लड़ाई की वजह से 124 लोग भूख से मारे गए हैं, जिनमें से 81 बच्चे हैं। जुलाई महीने में ही भूख से 40 लोगों की मौत हुई, जिनमें 16 बच्चे हैं। गाजा में रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों ने बताया कि वहां 50 ग्राम के बिस्किट के पैकेट की कीमत 750 रुपए है। नकद पैसे निकालने के लिए 45 प्रतिशत तक कमीशन देना पड़ता है। हालात इतने खराब हैं कि लोग नमक खाकर और पानी पीकर काम चला रहे हैं। एक पत्रकार ने बताया कि 21 महीने में मेरा वजन 30 किलो घट गया है। थकान बनी रहती है और चक्कर आते रहते हैं। पत्रकारों का कहना है कि गाजा में एक तिहाई आबादी को कई दिनों में एक बार भोजन नसीब हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

### लगातार बढ़ रही कुपोषण से मरने वालों की संख्या



**दक्षिणी** गाजा के सबसे बड़े नासिर अस्पताल में काम करने वाले एक हेल्थ अधिकारी का कहना है कि गाजा में सभी भुखमरी के संकट से जूझ रहे हैं। कुपोषण से मरने वाले बच्चों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

### असम में तीसरी बार सरकार बनाएगी भाजपा : सोनोवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, इंडिया गठबंधन चाहे जो भी कर ले, उनकी कोई ताकत नहीं है। यह गठबंधन मीडिया और प्रचार तक ही सीमित है। उनके पास जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता लगभग नहीं के बराबर हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस द्वारा लोकसभा सांसद गौरव गोगोई को राज्य अध्यक्ष नियुक्त करने के बावजूद विपक्षी दल खुद को पुनर्जीवित करने और सत्तारूढ़ गठबंधन को चुनौती देने में विफल रहा है। उन्हें 55 साल शासन करने का मौका दिया गया, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने केवल 11 वर्षों में अद्भुत काम किया है। (अनंत ज्ञान)

# भारत और ब्रिटेन व्यापार समझौते पर जागरूक करेगी केंद्र सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। अब सरकार देशभर में हितधारकों के साथ बैठक कर लोगों को इस समझौते के बारे में जागरूक करेगी। सरकार अगले 20 दिनों में देश भर में हितधारकों के साथ बैठकें करेगी, कार्यशालाओं, जागरूकता अभियानों और फीडबैक सत्रों सहित 1,000 आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस कवायद का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि व्यापार समझौते के अधिकतम लाभ देश के लोगों को मिल सकें।

> **20 दिनों में की जाएंगी 1000 बैठकें और कार्यशालाएं**

व्यापार समझौते के लाभों के बारे में जानकारी देने के लिए सरकार की विभिन्न टीमें विभिन्न राज्यों का भी दौरा करेंगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को व्यापार समझौते पर चमड़ा और टेक्सटाइल सेक्टर के लोगों के साथ बैठक करेंगे। व्यापार समझौता लागू होने के बाद 99 प्रतिशत भारतीय सामान ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### भारत की शर्तों पर हुआ व्यापार समझौता : गोयल



**भारत**-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। व्यापार एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को भारत के किसानों, व्यापारियों, एमएसएमई क्षेत्रों, युवाओं और मछुआरों के लिए परिवर्तनकारी बताया। गोयल ने बताया कि यह समझौता भारत की शर्तों पर हुआ है। अब तक हस्ताक्षरित सभी एफटीए में से भारत-ब्रिटेन एफटीए सबसे बड़ा, सबसे व्यापक और सबसे महत्वपूर्ण है। यह अब तक का व्यापक समझौता है, जिसमें 30 अध्याय शामिल हैं। मुझे याद नहीं आता कि किसी अन्य एफटीए में इतने सारे अध्याय हों। गोयल ने कहा, भारत में कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। अब इस समझौते को ब्रिटेन में संसदीय मंजूरी की प्रतीक्षा है।

### समझौते में घरेलू ऑटोमोटिव क्षेत्र का रखा ध्यान

**भारत** ने व्यापार समझौते के तहत, घरेलू ऑटोमोटिव उद्योग का भी ख्याल रखा है और विशेष रूप से मध्यम और छोटी कारों और कम कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों की रक्षा करते हुए, ब्रिटिश ऑटो निर्यातकों को केवल बड़े पेट्रोल और डीजल वाहनों और महंगे इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही शुल्क में रियायतें प्रदान की हैं। समुद्री उत्पाद (सी फूड), जिन पर वर्तमान में 4.2 प्रतिशत से 8.5 प्रतिशत के बीच कर लगता है, इस समझौते के लागू होने के बाद शुल्क-मुक्त हो जाएंगे। व्यापार समझौते से भारत के टेक्सटाइल क्षेत्र को बड़ा फायदा होगा, जिसकी अब ब्रिटेन के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच होगी। इससे ब्रिटेन के बाजार में भारतीय उत्पादों की कीमत कम होगी और भारतीय टेक्सटाइल उत्पादों को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है।

### कांगो में चर्च पर आतंकी हमला, 21 की मौत

**एजेंसी, कांगो।** पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट समर्थित आतंकियों द्वारा चर्च पर किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हुई है। एक सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट समर्थित विद्रोहियों द्वारा रविवार को चर्च परिसर पर किए गए हमले में कम से कम 21 लोग मारे गए। यह हमला अलाइड डेमोक्रेटिक फ्रोर्स (एडीएफ) के सदस्यों ने कोमांडा में एक कैथोलिक चर्च परिसर के अंदर रात लगभग 1 बजे किया। आतंकियों ने कई घर और दुकानें भी जला दीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 21 से ज्यादा लोगों को चर्च के अंदर और बाहर गोली मार दी गई और कम से कम तीन जले हुए शव बरामद हुए हैं। कई घरों को जलाए जाने की सूचना है। वहीं कोमांडा के इतुरी प्रांत में कांगो सेना के एक प्रवक्ता ने 10 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की। (अनंत ज्ञान)

### रूस और यूक्रेन में हवाई हमलों में 4 लोगों की मौत



**एजेंसी, मॉस्को/कीव।** रूस-यूक्रेन के बीच शनिवार रात भर चले हवाई हमलों में दोनों देशों के दो-दो लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के दक्षिणी नीपर और उत्तर-पूर्वी सूमी क्षेत्रों पर रॉकेट और ड्रोन से संयुक्त हमला हुआ। नीपर क्षेत्रीय प्रशासन के प्रमुख सेरही लिसाक ने बताया कि इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 5 घायल हो गए। उधर, रूस में भी यूक्रेनी ड्रोनों ने रात भर कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। कार्यवाहक गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने कहा, यूक्रेन की सीमा से लगे रोस्तोव क्षेत्र में हुए ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

### इसराइल ने मार गिराया वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर

**एजेंसी, तेल अवीव।** इसराइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने बिंट जेबिल सेक्टर में हिजबुल्ला के वरिष्ठ कमांडर अली अब्द अल-कादर इस्माइल को मार गिराया। आईडीएफ ने कहा कि इस्माइल दक्षिणी लेबनान में आतंकवादी संगठन के पुनर्वास के प्रयासों में शामिल था। इस बीच इसराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने ड्रूज समुदाय के आध्यात्मिक नेता शेख मुआफाक तारिफ के घर का दौरा किया और सीरिया में अपने भाइयों की सहायता करने का संकल्प लिया। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, जूलिस गांव का दौरा करते हुए, काट्ज ने कहा कि सेना दक्षिणी सीरिया के ड्रूज समुदाय के लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए काम करेगी। बता दें कि ड्रूज समुदाय पर इस महीने की शुरुआत में बेदोइन जनजातियों ने घातक हमले किए थे। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी जनरल कुरिल्ला को पाक का सबसे बड़ा सैन्य सम्मान

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला को देश के सबसे बड़े सैन्य सम्मान निशान-ए-इम्तियाज से नवाजा है। यह सम्मान इस्लामाबाद में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दिया। जनरल कुरिल्ला को यह सम्मान क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने और पाकिस्तान-अमेरिका सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए दिया गया। जनरल कुरिल्ला ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी और सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकातें भी कीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सम्मान के जरिए पाकिस्तान, अमेरिका के लिए अपनी वफादारी जाहिर कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

> **राष्ट्रपति जरदारी ने निशान-ए-इम्तियाज से किया सम्मानित**



# थाईलैंड-कंबोडिया सीजफायर करने के लिए सहमत : ट्रंप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं ने तुरंत सीजफायर वार्ता पर सहमति दे दी है। ट्रंप ने कहा कि यह वॉर मुझे भारत-पाक संघर्ष की याद दिलाती है, जिसे हमने कामयाबी से रोका था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्कॉटलैंड यात्रा के दौरान सोशल मीडिया पर लिखा कि तीन दिन से जारी सीमा विवाद के बीच उन्होंने दोनों देशों से सीधे बात की और साफ किया कि अगर संघर्ष जारी रहा तो अमेरिका कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा। ट्रंप ने लिखा, 'दोनों पक्ष तत्काल युद्धविराम और शांति चाहते हैं। मैंने कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट और थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई से अलग-अलग बात की है।' उधर, थाई प्रधानमंत्री फुमथम ने कहा कि थाईलैंड सीजफायर के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए कंबोडिया का भी सीरियस होना जरूरी है। वहीं, कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार को दावा किया था कि मलेशिया की मध्यस्थता से 24 जुलाई की रात दोनों ही देश सीजफायर पर समहत हुए थे, लेकिन समझौते पर पहुंचने के 1 घंटे से भी कम वक्त में थाईलैंड ने अपना रुख बदल दिया और समझौते से हट गया। (अनंत ज्ञान)

## धर्म-कर्म

### तमिलनाडु के गंगईकोंड चोलपुरम मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी बोले-

# 2014 से 600 प्राचीन कलाकृतियां विदेश से भारत लाईं

**एजेंसी, चेन्नई**

प्रधानमंत्री के तमिलनाडु दौरे का रविवार को दूसरा दिन था। दोपहर 12 बजे पीएम मोदी ने त्रिची में होटल से लेकर एयरपोर्ट तक रोड शो किया। इसके बाद वे अरियालुर के गंगईकोंड चोलपुरम मंदिर पहुंचे। पीएम यहां चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की 1000वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा- यह राजराजा की आस्था की भूमि है और इलैयाराजा ने इस आस्था की भूमि पर हम सभी को शिव भक्ति में डुबो दिया है। मैं काशी से सांसद हूं। और जब मैं 'ऊं नमः शिवाय' सुनता हूं, तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पीएम ने आगे कहा- इतिहासकार मानते हैं कि चोल साम्राज्य का दौर भारत के स्वर्णिम युगों में से एक था। भारत की परंपरा को भी चोल साम्राज्य ने आगे बढ़ाया था। मैं राजा राजेंद्र चोल को नमन करता हूं। मुझे भगवान बृहदेश्वर के चरणों में उपस्थित होकर पूजा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैंने इस ऐतिहासिक मंदिर में 140 करोड़ भारतीयों के कल्याण और भारत की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की है। मेरी कामना है कि सभी को भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 से लेकर अब तक 600 से ज्यादा प्राचीन कलाकृतियों को विदेश से भारत लाया जा चुका है। आने वाले समय में और कलाकृतियां भारत लाई जाएंगी। (अनंत ज्ञान)



### चोल प्रथम के सम्मान में जारी किया स्मृति सिक्का

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में ऐतिहासिक चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम को श्रद्धांजलि देते हुए उनके सम्मान में एक विशेष स्मृति सिक्का जारी किया। यह सिक्का सम्राट के महान योगदान और भारत के गौरवशाली इतिहास को सम्मान देने के उद्देश्य से जारी किया गया है। बता दें कि राजेंद्र चोल की जयंती पर अरियालुर में 23 जुलाई से 27 जुलाई तक आदि तिरुवथिरई महोत्सव मनाया जा रहा है।

### नेपाल में ड्रग तस्करी में 5 भारतीय गिरफ्तार

**एजेंसी, काठमांडू।** नारकोटिक ड्रग्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने पिछले 24 घंटों में नेपाल के विभिन्न हिस्सों में मादक पदार्थ रखने के आरोप में पांच भारतीयों को गिरफ्तार किया है। ब्राउन शुगर ले जा रहे एक तस्कर को पुलिस कार्रवाई के दौरान बाएं पैर में गोली लग गई। पुलिस ने भारत के बिहार राज्य के किशनगंज जिला निवासी 36 वर्षीय मोहम्मद इस्लाम को शनिवार सुबह पूर्वी नेपाल के झापा जिले के भद्रपुर में गोली मारी। नेपाल पुलिस के नारकोटिक ड्रग्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रवक्ता जनक बहादुर शाही ने बताया कि इस्लाम के पास से 110 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। उसका भद्रपुर के प्रांतीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक अन्य घटना में भारत के पूर्वी चंपारण निवासी 37 वर्षीय सेख सबीलाख्तर को चितवन जिले के राप्ती में 671 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान- गुजरात में भारी बारिश का रेड अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने रविवार के लिए पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश और गुजरात में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, उत्तराखंड, पूर्वी मध्य प्रदेश, सौराष्ट्र-कच्छ, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण-गोवा, कर्नाटक, केरल, असम, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। शनिवार को रुद्रप्रयाग में रात भर से जारी बारिश के कारण 1600 से ज्यादा चारधाम तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। अभी भी 700 तीर्थयात्रियों को निकालने की प्रक्रिया जारी है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### युजवेंद्र चहल को बर्थडे पर आरजे महावश ने दिया स्पेशल गिफ्ट



**एजेंसी, नई दिल्ली।** टीम इंडिया के धाकड़ खिलाड़ी युजवेंद्र चहल ने हाल ही में अपना 35वां जन्म दिन मनाया है। चहल को इस बर्थडे पर उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड आरजे महावश ने स्पेशल गिफ्ट दिया है, जिसे वह पूरी उम्र नहीं भूल पाएंगे। युजवेंद्र ने अपने स्पेशल गिफ्ट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें कि इस वीडियो के आने से 4 घंटे पहले ही युजवेंद्र चहल की पूर्व पत्नी धनश्री वर्मा ने भी अपनी एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें वह दुल्हन की तरह नजर आ रही है। अब सवाल यह है कि युजवेंद्र चहल को इंग्लैंड में सरप्राइज क्या मिल गया? दरअसल, सरप्राइज कर देने वाले इस वीडियो के तार उनके 35वें जन्मदिन से जुड़े रहे। सामने आए वीडियो में चहल के यार दोस्त बॉलीवुड के गाने पर लंदन की सड़कों पर डांस करते दिख रहे हैं। उस डांस का आयोजन खास तौर पर चहल के बर्थडे सेलिब्रेशन के लिए किया गया है। चहल ने भी उन सबके साथ डांस किया। खुद को मिले इस सरप्राइज से चहल काफी खुश और हैरान भी दिखे, उन्होंने कहा कि उन्हें पहली बार ऐसा सरप्राइज मिला है। बता दें कि युजवेंद्र चहल का 35वां बर्थडे 23 जुलाई को ही था, लेकिन इस वीडियो को उन्होंने 26 जुलाई को इंस्टाग्राम पर अपलोड किया। वो भी ठीक ऐसे वक्त पर जब 4 घंटे पहले ही धनश्री ने नई दुल्हन वाले लुक में अपनी तस्वीरें शेयर की थीं। धनश्री ने अपनी शेयर की तस्वीरें फोटो शूट कराई हैं।

### मंडी के वरुण ने विश्व युवा सवात चैंपियनशिप में जीता कांस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल के मंडी जिले के मालवाना गांव के 16 वर्षीय वरुण वालिया ने उज्बेकिस्तान में आयोजित विश्व युवा सवात चैंपियनशिप-2025 में कांस्य पदक जीतकर भारत को इस प्रतिष्ठित फ्रांसीसी मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में पहली बार पोडियम पर पहुंचाया। 42 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए, वरुण ने दो कठिन मुकाबले जीतकर भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि इसलिए खास है क्योंकि सवात के प्रशिक्षण और संसाधन हिमाचल प्रदेश में सीमित हैं।



सेंट एफएक्स कॉन्वेंट स्कूल, बगला में पढ़ाई करने वाले वरुण ने अपने गांव के साधारण माहौल में कठिन अभ्यास से यह मुकाम हासिल किया। उनके पिता एचआरटीसी में कर्मचारी हैं और माता गृहिणी हैं। वरुण की जीत ने मंडी और पूरे हिमाचल प्रदेश में खुशी का माहौल बना दिया। टीम इंडिया ने इस बार पहली बार विश्व युवा सवात चैंपियनशिप में भाग लिया था। पांच खिलाड़ियों की भारतीय टीम में वरुण के अलावा दो खिलाड़ी हिमाचल से थे। कोच राहुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में यह भागीदारी भारत में सवात के बढ़ते प्रभाव का संकेत है। सवात एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तकनीकी निदेशक नवजोत भारजोत ने वरुण को 'भविष्य का सितारा' बताया। अब वरुण की नजर स्वर्ण पदक और विश्व रैंकिंग पर है।

### हॉलीवुड स्टार से कम नहीं एना मारिया

**क्रोएशिया।** मशहूर फुटबॉलर एना मारिया मार्कोविच क्रोएशिया की स्टार फुटबॉलर हैं, जो फॉरवर्ड पोजिशन पर खेलती हैं। एना की खूबसूरती हॉलीवुड स्टार से कम नहीं है।



**चौथा टेस्ट** **5वां दिन** सुंदर और जडेजा की शतकीय साझेदारी

# कप्तान शुभमन गिल ने जड़ा शतक

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पांचवें दिन भारत ने 4 विकेट गंवाकर 322 रन बना लिए थे। भारतीय टीम ने 174/2 के स्कोर से दिन की शुरुआत की। पांचवें दिन के खेल में कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने पारी को आगे बढ़ाया। इंग्लैंड जीत से 6 विकेट दूर है, जबकि भारत को मैच ड्रॉ कराने के लिए 36 ओवर बैटिंग करनी है। टीम इंडिया ने लंच ब्रेक से पहले कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के विकेट गंवा दिए थे। केएल राहुल ने 230 गेंदों में 90 रन बनाए। राहुल को बेन स्टोक्स ने पगबाधा आउट किया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए वाशिंगटन सुंदर ने कप्तान गिल का बखूबी साथ दिया। गिल ने 238 गेंदों में 103 रन बनाए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने जैमी स्मिथ के हाथों कैच करवाया। उसके बाद रवींद्र जडेजा और सुंदर ने पारी को संभाला। समाचार लिखे जाने तक टीम इंडिया ने टी ब्रेक तक 4 विकेट खो कर 322 रन बना लिए थे। वॉशिंगटन सुंदर (57) और रवींद्र जडेजा (53) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। दोनों के बीच फिफ्टी रन पार्टनरशिप हो चुकी है। इस सीरीज में जडेजा 5वीं फिफ्टी लगा चुके हैं, जबकि सुंदर ने पहला अर्द्धशतक बनाया है। (अनंत ज्ञान)



शतक लगाने के बाद बल्ले को चूमता शुभमन गिल।

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स-2025

## ऑस्ट्रेलिया से हारा भारत



**पठान-धवन के तूफानी अर्द्धशतक गए बेकार**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 में शनिवार को भारत चैंपियंस और ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने कैलम फर्ग्यूसन के 38 गेंदों पर 70 रनों की बदौलत चार विकेट से जीत दर्ज की है। भारत 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय ऑस्ट्रेलिया 65/4 के स्कोर पर थोड़ी मुश्किल में थी। हालांकि, डैन क्रिश्चियन और फर्ग्यूसन ने इस शानदार जीत की नींव रखी। क्रिश्चियन आउट हो गए, लेकिन फर्ग्यूसन अंत तक खेल खत्म करने के लिए डटे रहे।

युवराज सिंह की अगुवाई वाली भारतीय चैंपियंस टीम टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी। भारत ने चार विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 203 रन बनाए। भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 60 गेंदों पर 91 रन और यूसुफ पठान ने 23 गेंदों पर 52 रन की तूफानी अर्धशतकीय पारियां खेलीं। भारत के 204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्रेट ली के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस महज 65 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद डेनियल क्रिश्चियन और फर्ग्यूसन के साथ 5वें विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की। डेनियल 39 रन बनाकर आउट हुए। फिर फर्ग्यूसन (70) ने रोब (16) के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। (अनंत ज्ञान)

## कप्तान गिल शायद शार्दुल ठाकुर को नहीं, कुलदीप को खिलाना चाहते थे : गावस्कर

**एजेंसी, मैनचेस्टर**



महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि शुभमन गिल को अंतिम एकादश चुनने में शायद अंतिम फैसला लेने का अधिकार नहीं था। उनका कहना है कि यह फैसला पूरी तरह से कप्तान का होना चाहिए और मुख्य कोच सहित किसी और का इस पर प्रभाव नहीं होना चाहिए। स्पिनर कुलदीप यादव को लगातार टीम में नहीं चुने जाने पर तीखी बहस छिड़ गई है।

गावस्कर ने कहा, ''आखिरकार, यह कप्तान की टीम होती है। हो सकता है कि शुभमन शार्दुल को टीम में नहीं चाहते थे और कुलदीप को चाहते थे।'' रूट को 2018 में मैनचेस्टर और लॉर्ड्स में दो सीमित ओवरों के मैच तीन गेंद पर दो बार आउट करने के बावजूद कुलदीप अब तक पूरी टेस्ट सीरीज में बाहर रहे हैं।

आम धारणा यह है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ऐसे गेंदबाजों पर जोर दिया है जो बल्ले से योगदान दे सकें। गावस्कर का मानना था कि कुलदीप को एकादश का हिस्सा होना चाहिए था। गावस्कर ने कहा, ''मुझे पता है कि सब कुछ ठीक-ठाक दिखाने के लिए ये बातें शायद सामने न आएं। सच तो यह है कि कप्तान जिम्मेदार है। वही एकादश का नेतृत्व करेगा। यह सामान्य सी बात है।''

## फर्नांडिज-कालिन्सकाया डीसी ओपन के **फाइनल में**

**एजेंसी, वाशिंगटन**

लेलाह फर्नांडिज हार्ड कोर्ट टेनिस प्रतियोगिता डीसी ओपन के फाइनल में सत्र का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने उतरेंगी, जबकि अन्ना कालिन्सकाया की नजरें करियर के पहले खिताब पर होंगी।

अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता फर्नांडिज ने 12 ऐस लगाते हुए सेमीफाइनल में 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को तीन घंटे और 16 मिनट में 6-7, 7-6, 7-6 से हराया। कालिन्सकाया ने हालांकि, फर्नांडिज से आधे से भी कम समय में ऐमा राडुकानु को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में जगह बनाने वाली फर्नांडिज और कालिन्सकाया दोनों गैरवरीय खिलाड़ी हैं। पुरुष एकल में सातवें वरीय एलेक्स डि मनोर ने कोरेंटिन मोटेट को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत चौथे वरीय बेन शेल्टन और 12वें वरीय एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। (अनंत ज्ञान)



## हिमाचल ने राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता में जीता रजत और कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

तमिलनाडू के चेन्नई में 24 से 27 जुलाई तक आयोजित 21वीं सब जूनियर और 30वीं जूनियर राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रदेश की टीम ने सब जूनियर वर्ग में कांस्य पदक और जूनियर वर्ग में रजत पदक जीते, जो प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

सब जूनियर वर्ग में हिमाचल और दिल्ली के बीच कांस्य पदक के लिए कड़ा मुकाबला हुआ। हिमाचल ने दिल्ली को 12-7 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में 13 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों की इस जीत से उनकी खेल प्रतिभा का लोहा माना गया।


राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता के खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

जूनियर वर्ग के फाइनल में हिमाचल और महाराष्ट्र के बीच टक्कर हुई। पहले हाफ तक दोनों टीमें 4-4 गोल से बराबरी पर थीं, लेकिन दूसरे हाफ में महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल दिखाते हुए 10-6 से जीत हासिल की। इस प्रकार हिमाचल प्रदेश को उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त हुआ और रजत पदक जीतने में सफल रहे। अध्यक्ष बीआर सुमन, कोच विनोद ठाकुर और अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों और कोच देवदत्त प्रेमी को बधाई दीं।

## भारतीय टेबल टेनिस को लगातार चैंपियन देने के लिए एक व्यवस्था की जरूरत : शरत कमल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल का मानना है कि भारतीय टेबल टेनिस को युवा प्रतिभाओं को सीनियर स्तर पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में मदद करने के लिए एक सुस्पष्ट प्रणाली की आवश्यकता है। हालांकि, हाल के परिणाम उत्साहजनक रहे हैं, लेकिन 43 वर्षीय शरत का कहना है कि दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने वाली प्रणाली के बिना केवल प्रतिभा ही पर्याप्त नहीं है।

शरत ने बताया, ''हम एक-दो सितारों पर निर्भर नहीं रह सकते, हमें एक ऐसी संरचना की आवश्यकता है जो लगातार चैंपियन तैयार करे।'' उन्होंने कहा, ''युवा प्रतिभाएं तो बहुत हैं लेकिन मुख्य समस्या बदलाव के दौर की हैज जब तक हम सही व्यवस्था नहीं अपनाते, हम जूनियर चैंपियन को सीनियर चैंपियन बनते नहीं देख पाएंगे।'' भारत ने 2024 एशियाई चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक जीते, जिसमें आयहिका और सुतीर्था मुखर्जी ने महिला युगल में ऐतिहासिक पहला पदक जीता, जबकि महिला टीम स्पर्धा में भी पहली बार कांस्य पदक मिला। शरत ने कहा, ''असली चुनौती निरंतरता की है। एक पदक को दो होने चाहिए और उसे पांच या छह तक बढ़ाना होगा।'' शरत के अनुसार यह निरंतरता एक व्यवस्थित योजना से आएगी जिसकी शुरुआत 11 साल की उम्र के बच्चों से होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, ''2036 को देखते हुए हमें उन बच्चों से शुरुआत करनी होगी जो अभी 11 या 12 साल के हैं। हम सभी इसी दिशा में प्रयास कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हम जल्द ही एक व्यवस्थित बदलाव देखेंगे।'' उन्होंने कहा, ''इस बार सिर्फ खिलाड़ियों को ही सजा नहीं मिलेगी बल्कि कोच और अन्य संलिप्त लोगों को भी सजा मिलेगी। अक्सर खिलाड़ी ही पकड़ा जाता है जबकि अन्य बिना जांच के चलते रहते हैं। अब यह बदलाव होगा।'' (अनंत ज्ञान)

## आर्सेनल का स्ट्राइकर ग्योकरेस के साथ किया 5 साल का करार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आर्सेनल ने स्वीडिश स्ट्राइकर विक्टर ग्योकरेस को स्पोर्टिंग लिस्बन से 55 मिलियन पाउंड (लगभग 74 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में साइन कर लिया है, जिसमें 8.5 मिलियन पाउंड तक का इनसेंटिव्स भी शामिल हो सकता है। ग्योकरेस ने मेडिकल टेस्ट पास करने के बाद लंदन स्थित क्लब के साथ पांच साल का अनुबंध किया है। अब वह सिंगापुर में अपनी नई टीम के साथ जुड़ेंगे। स्पोर्टिंग के साथ अपने दो सीजन के दौरान, विक्टर ग्योकेरेस ने टीम को लगातार दो प्राइमेरा लीगा खिताब, एक नेशनल कप जिताने में मदद की और दोनों सीजन में लीग के टॉप स्कोरर भी रहे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वीडन के लिए अपने पिछले 17 मैचों में 12 गोल किए हैं। 27 वर्षीय ग्योकेरेस ने पिछले सीजन पुर्तगाल लीग में 39 गोल किए। (अनंत ज्ञान)

## आर्यन नेहरा और लिखित विश्व तैराकी चैंपियनशिप में आगे बढ़ने में नाकाम

**एजेंसी, सिंगापुर।** भारतीय तैराक आर्यन नेहरा रविवार को यहां विश्व एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए, जबकि एसपी लिखित भी अपनी स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। पुरुषों के 400 मीटर फ्रीस्टाइल वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे नेहरा चार मिनट 00.39 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट (शुरुआती दौर की रेस) में सातवें और कुल-मिलाकर 37वें स्थान पर रहे। शीर्ष आठ तैराक फाइनल में पहुंचे। ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल शॉर्ट ने तीन मिनट 42.07 सेकेंड के सबसे कम समय के साथ हीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरी ओर लिखित ने पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में एक मिनट 1.99 सेकेंड का समय लेकर कुल-मिलाकर 40वां स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)



## डूरंड कप के लिए पंजाब एफसी ने किया 25 सदस्यीय टीम का ऐलान

**एजेंसी, मोहाली**

पंजाब एफसी ने 134वें डूरंड कप के लिए अपनी 25 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट देश के विभिन्न शहरों में खेला जा रहा है। पंजाब एफसी को ग्रुप-डी में रखा गया है और टीम अपने सभी ग्रुप मैच असम के कोकराझार स्थित एसएआई स्टेडियम में खेलेगी।

टीम के मुख्य कोच पनागियोटिस डिल्मपेरिस ने एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह भारतीय खिलाड़ियों से बनी युवा टीम का चयन किया है। मुख्य कोच पनागियोटिस डिल्मपेरिस ने कहा कि हमने एक युवा और ऊर्जावान टीम का चयन किया है, जिसमें अधिकांश खिलाड़ी पिछले सीजन से बनाए रखे गए हैं। इसके अलावा हमने कई अकादमी खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया है, जिन्होंने रिजर्व और जूनियर स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मेरा मानना है कि हमारे पास एक संतुलित टीम है जो टूर्नामेंट में आगे तक जाने की क्षमता रखती है और हम नए सीजन की सकारात्मक शुरुआत की उम्मीद कर रहे हैं।


फाइल फोटो

टीम में मोुम्मद उवैस और बिजॉय वर्गीज जैसे नए साइनिंग्स के साथ राकेश मैतेई भी शामिल हैं, जिनका लोन पीरियड केरला ब्लास्टर्स से एक और सीजन के लिए बढ़ाया गया है। रंजीत पांडे भी टीम में लौटे हैं, जो पिछला सीजन गोकुलम केरल एफसी (आई-लीग) में लोन पर बिताकर आए हैं। डिल्मपेरिस ने कुल 11 अकादमी खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है, जिनमें आयुष देशवाल, परमवीर सिंह, मैंगलेंथांग किपगेन, सिंगामायुम शामी, मोहम्मद सुहैल, ओमांग डोडुम, विशाल यादव और लाइश्राम ऋषिकांत मैतेई शामिल हैं, ये सभी पिछले सीजन में डेब्यू कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

**टी20 क्रिकेट** ग्रीन, इंगलिस और मैक्सवेल ने की तूफानी बल्लेबाजी, सीरीज में बनाई 4-0 से अजेय बढ़त

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया

**एजेंसी, बासटेयर**

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी20 मैच को तीन विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टी20 सीरीज में 4-0 से अजेय बढ़त बना ली है। सेंट किट्स में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने नौ विकेट खोकर 205 रन बनाए।

टीम 67 के स्कोर तक ब्रैंडन किंग (18), शाई होप (10), रोस्टन चेज (0) और शेरफन रदरफोर्ड (31) का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से रोवमैन पॉवेल ने शिमरोन हेटमायर के साथ पांचवें विकेट के लिए 43 रन जोड़ते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। हेटमायर 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि पॉवेल ने 28 रन की पारी खेली। इनके अलावा रोमारियो शेफर्ड ने 28, जबकि जेसन होल्डर ने 26 रन टीम के खाते में जोड़े। ऑस्ट्रेलिया टीम की ओर से एडम जंपा ने सर्वाधिक तीन शिकार किए, जबकि आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट और सीन एबॉट ने दो-दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में मेजबान टीम को पहले ही ओवर में कप्तान मिचेल मार्श (0) के रूप में बड़ा झटका लगा। उस समय तक टीम का खाता भी नहीं खुला था। यहां से ग्लेन मैक्सवेल ने जोश इंगलिस के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़ते हुए टीम को संभाला। इंगलिस 30 गेंदों में 51 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कैमरून ग्रीन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल के साथ 63 रन जोड़ते हुए टीम को जीत की पटरी पर ला दिया।



मैक्सवेल 18 गेंदों में 47 रन की तूफानी पारी खेलकर आउट हुए, जिसमें छह छक्के और एक चौका शामिल था। वहीं, कैमरून ग्रीन ने 35 गेंदों में नाबाद 55 रन बनाए। मेजबान टीम की ओर से जेडियाह ब्लेड्स ने सर्वाधिक तीन विकेट अपने नाम किए, जबकि जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड और अकील हुसैन ने एक-एक विकेट चटकाया। ऑस्ट्रेलियाई टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मुकाबलों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर चुकी है। इसके बाद उसने टी20 सीरीज के पहले मैच को तीन विकेट, दूसरे मैच को आठ विकेट, जबकि तीसरे मुकाबले को छह विकेट से अपने नाम किया। अब वेस्टइंडीज के पास 29 जुलाई को खेले जाने वाले अंतिम टी20 मैच को जीतकर लाज बचाने का मौका होगा। (अनंत ज्ञान)